राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 41
लखनऊ, शुक्रवार 10 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं आज रखेंगी करवा चौथ का व्रत 02

मायावती के आरोप पर बोले अखिलेश, इसका मतलब अंदरूनी सांठगांठ जारी 03


### -: सर्राफा बाजार :-

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,24,300/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | =1,13,950/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 93,260/10 ग्राम |
| चांदी | = 1,67,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, गोला-बारूद का जखीरा बरामद

**कुपवाड़ा।** सुरक्षाबलों ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और दो एके-सीरीज़ राइफल सहित हथियारों और गोला-बारूद का एक जखीरा बरामद किया। सेना ने कहा कि यह बरामदगी पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने कुपवाड़ा के वारसन स्थित ब्रिजथोर जंगल से की। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुपवाड़ा के वारसन स्थित ब्रिजथोर जंगल के सामान्य क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों ने एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया और दो एके सीरीज़ राइफलें, चार रॉकेट लॉन्चर, गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा और अन्य युद्ध-संबंधी सामान बरामद किया।

### पंजाब में बब्बर खालसा के दो आतंकी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने त्योहारी सीजन में बड़ी वारदात की योजना को विफल बनाते हुए बब्बर खालसा के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ढाई किलो आरडीएक्स बरामद किया गया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने पाकिस्तान की ख़ुफ़िया एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके गुरजिंदर सिंह और दीवान सिंह को गिरफ्तार किया है। यह नेटवर्क यूके आधारित हैंडलर निशान और आदेश के जरिए संचालित हो रहा था, जिन्हें बीकेआई के मास्टरमाइंड हरविंदर सिंह रिंदा के निर्देश मिल रहे थे। डीजीपी के अनुसार पुलिस ने फिलहाल विस्फोटक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### मप्र में कफ सिरफ से अब तक 22 बच्चों की मौत, निर्माता फार्मा कंपनी का निदेशक गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में जहरीले कफ सिरप की वजह से बच्चों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार रात एक अन्य बच्चे की मौत हो गई। छिंदवाड़ा की उमरेठ तहसील के पचधार गांव के तीन वर्षीय मयंक सूर्यवंशी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह 25 सितंबर से नागपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती था। इसके बाद मृतक बच्चों की कुल संख्या 22 हो गई है। इनमें 19 बच्चे छिंदवाड़ा, दो बैतूल और एक पांढुर्णा जिले का था। सभी की उम्र 8 वर्ष से कम है। वहीं, कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मा के निदेशक गोविंदन रंगनाथन को गिरफ्तार कर लिया गया है। छिंदवाड़ा के पुलिस अधीक्षक ने इसकी पुष्टि की है।

# आर्थिक प्रगति का आधार भारत-ब्रिटेन साझेदारी : मोदी

**एजेंसी, मुंबई।**



- दोनों देशों की साझेदारी भरोसे, प्रतिभा और प्रौद्योगिकी पर आधारित : पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और ब्रिटेन को स्वाभाविक साझेदार बताते हुए कहा है कि मौजूदा वैश्विक अस्थिरता के दौर में दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण आधार है।

भारत यात्रा पर आये ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ गुरुवार को यहां राज भवन में व्यापक वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में श्री मोदी ने कहा कि श्री स्टारमर के नेतृत्व में भारत और ब्रिटेन के संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने खनिज क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हमने महत्वपूर्ण खनिज पर सहयोग के लिए एक इंडस्ट्री गिल्ड और सप्लाई चेन ऑब्जर्वेटरी की स्थापना का निर्णय लिया है। इसका सेटेलाइट कैंपस आई एस एम, धनबाद में होगा।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने सैन्य प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी सहयोग का समझौता किया है। इसके तहत भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर ब्रिटिश वायु सेना में ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों की साझेदारी भरोसे, प्रतिभा और प्रौद्योगिकी पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हमारे संबंधों की नीव में लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून के शासन जैसे मूल्यों में साझा विश्वास शामिल है।

श्री मोदी ने कहा कि मौजूदा वैश्विक अस्थिरता के दौर में, भारत और ब्रिटेन के बीच यह बढ़ती हुई साझेदारी वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण आधार बन रही है। उन्होंने कहा कि आज बातचीत के दौरान दोनों देशों ने हिंद प्रशांत और पश्चिम एशिया में शांति तथा स्थिरता और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष पर भी विचार साझा किये। उन्होंने कहा कि यूक्रेन कान्फ्लिक्ट और गजा के मुद्दे पर, भारत डायलॉग और डिप्लोमेसी से शांति की बहाली के सभी प्रयासों का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि दोनों देश हिन्द प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और सहयोग बढ़ाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं।

### प्रौद्योगिकी, शिक्षा और निवेश सहित 12 बिन्दुओं पर सहमति

भारत और ब्रिटेन के बीच गुरुवार को हुई उच्चस्तरीय वार्ता में प्रौद्योगिकी एवं नवाचार, शिक्षा, व्यापार एवं निवेश, जलवायु, स्वास्थ्य और अनुसंधान के क्षेत्रों में 12 नई पहल और समझौतों की शुरुआत हुई। दोनों देशों ने इन समझौतों के माध्यम से द्विपक्षीय सहयोग को और गहराई देने तथा साझा विकास के अवसरों को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए एक मज़बूत और स्थायी साझेदारी के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने आज मुंबई में व्यापक वार्ता की। दोनों पक्षों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के नए अवसरों की पहचान की। चर्चा में भारत-ब्रिटेन संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा हुई, जिसमें व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए), निवेश, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, नवाचार, हरित ऊर्जा और जलवायु कार्रवाई, रक्षा और सुरक्षा तथा लोगों के बीच संबंध शामिल थे। उन्होंने हिंद-प्रशांत, यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति सहित प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा कि भारत-यूके व्यापक आर्थिक व्यापार समझौता (सीईटीए) एक अभूतपूर्व पहल है।

### भारत का डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र नवाचार व समावेशन का वैश्विक मानक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और फिनटेक के क्षेत्र में विन-विन साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भारत का डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र आज नवाचार, पारदर्शिता और समावेशन के नए वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 (जीएफएफ) को संबोधित कर रहे थे। यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की उपस्थिति में मोदी ने कहा कि मुंबई ऊर्जा, उद्यम और अनंत संभावनाओं का शहर है। उन्होंने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच विश्वास, नवाचार और प्रौद्योगिकी आधारित विकास के नए अध्याय की शुरुआत हो रही है।

# स्वतंत्र-समृद्ध हिन्द प्रशांत के लिए क्षेत्रीय भागीदारों के साथ सहयोग बढ़ायेंगे भारत व आस्ट्रेलिया



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और आस्ट्रेलिया ने स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय भागीदारों के साथ सहयोग बढ़ाने के महत्व को दोहराते हुए क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप नौवहन की स्वतंत्रता और निर्बाध व्यापार के प्रति वचनबद्धता व्यक्त की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरूवार को आस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में आस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ पहले आस्ट्रेलिया-भारत रक्षा मंत्री संवाद के दौरान इस बारे में व्यापक चर्चा की।

दोनों मंत्रियों की वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है, "मंत्रियों ने एक स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने में मदद के लिए क्षेत्रीय भागीदारों के साथ सहयोग बढ़ाने के महत्व पर ज़ोर दिया। मंत्रियों ने नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता, क्षेत्र में निर्बाध व्यापार, और अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेष रूप से 1982 के संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन के अनुरूप समुद्र के अन्य वैध उपयोगों के लिए अपने दृढ़ समर्थन पर ज़ोर दिया।" रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने सीमा पार आतंकवाद और साझा क्षेत्रीय स्थिरता पर ऑस्ट्रेलिया के दृढ़ समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर स्वतंत्र, खुले और लचीले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए सहयोग को और प्रगाढ करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ एक सार्थक बैठक हुई। हमने रक्षा उद्योग, साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय चुनौतियों सहित भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग के संपूर्ण आयाम की समीक्षा की। हमने अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के महत्व की पुनः पुष्टि की। मैंने भारत के रक्षा उद्योग के तीव्र विकास और वैश्विक स्तर पर उच्च-गुणवत्ता वाली रक्षा तकनीक के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा पर प्रकाश डाला। हमने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा उद्योग में गहरी साझेदारी की संभावनाओं पर चर्चा की। मैं सीमा पार आतंकवाद और साझा क्षेत्रीय स्थिरता पर ऑस्ट्रेलिया के दृढ़ समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूँ। हम सब मिलकर एक स्वतंत्र, खुले और लचीले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए सहयोग को और गहरा करेंगे।

### तीन प्रमुख समझौतों पर किये हस्ताक्षर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरवार को ऑस्ट्रेलियाई युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करके अपनी यात्रा शुरू की। पहले दिन विदेश मंत्री पेनी वोंग और प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज से मुलाकात करके द्विपक्षीय बैठकें कीं। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर करके अपनी रक्षा साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा साझेदारी को मजबूत करने के लिए तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं, जो सूचना साझाकरण समझौता, पनडुब्बी खोज एवं बचाव सहयोग पर समझौता ज्ञापन और संयुक्त स्टाफ वार्ता की स्थापना से संबंधित हैं। इन समझौतों का उद्देश्य दोनों सशस्त्र बलों के बीच परिचालन समन्वय, समुद्री सुरक्षा सहयोग और अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना है। सैन्य अभ्यास, रक्षा उद्योग सहयोग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और बहुपक्षीय सहयोग में द्विपक्षीय पहलों पर भी चर्चा हुई।

# पांच नदियों के महासंगम पर डैम बनाने का जल्द बनेगा प्रोजेक्ट : योगी

- मुख्यमंत्री ने उरई में 1824 करोड़ की 305 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास
- पंचनद परियोजना से जालौन की पानी समस्या होगी समाप्त

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जनपद जालौन के उरई में एक भव्य जनसभा को संबोधित करते हुए 1824 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जालौन अब पिछड़ेपन की परिभाषा नहीं, बल्कि विकास की नई पहचान बनने जा रहा है। उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) की पूर्व सरकारों पर तीखे हमले करते हुए कहा कि जब सही नीयत वाली सरकार आती है, तो योजनाएं धरातल पर उतरती हैं और जनता को उनका लाभ मिलता है।

योगी ने कहा डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा बहाई है। आज जालौन सहित बुंदेलखंड का हर गांव सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई की सुविधाओं से जुड़ रहा है। पहले जो क्षेत्र उपेक्षित था, वह अब विकास का केंद्र बन रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उरई में शिलान्यास और लोकार्पण की जा रही 1824 करोड़ की परियोजनाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई, सौर ऊर्जा, सड़क निर्माण, जलापूर्ति और ग्रामीण विकास से संबंधित हैं। इन योजनाओं के पूर्ण होने से जनपद के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

### बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे

अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों, विशेष रूप से समाजवादी पार्टी पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सपा का इतिहास जातिवाद, परिवारवाद और गुंडागर्दी से भरा रहा है। समाजवादी पार्टी लोगों को जातियों में बांटकर नफ़रत फैलाती थी। उनका मकसद विकास नहीं, वोट बैंक की राजनीति था। लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने समाज को एकता और समरसता के सूत्र में बांधने का काम किया है। बटेंगे तो कटेंगे, और अगर हम एक रहेंगे तो सेफरहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांत पर कार्य किया है। आज उत्तर प्रदेश में किसी के साथ अन्याय नहीं होता। कानून का राज सर्वोपरि है।

### जालौन को मिलेगी नई दिशा, पंचनद बनेगा आध्यात्मिक और कृषि विकास का केंद्र

मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन में जालौन जनपद के ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंचनद जहां पांच नदियां (यमुना, चंबल, सिंध, क्वारी और पहूज) मिलती हैं कृ एक अत्यंत पवित्र और आध्यात्मिक स्थल है। यह स्थान न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सिंचाई और कृषि विकास की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी हो सकता है। योगी ने कहा हम कालपी व पंचनद क्षेत्र को ऐतिहासिक और आध्यात्मिक के रूप में विकसित करने जा रहे हैं। यहां के विकास से न केवल धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा बल्कि जनपद के किसानों को पांच नदियों के जल से सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इससे बुंदेलखंड की भूमि हरी-भरी होगी और जल संकट भी समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि पंचनद के विकास के लिए विशेष मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसमें घाटों का सौंदर्यीकरण, सड़क संपर्क, घाटों पर प्रकाश व्यवस्था और पर्यटन सुविधाओं का निर्माण शामिल है।

### राम मंदिर में श्रृंगार आरती में शामिल हुईं सीतारमण



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार सुबह छह बजे अपने परिजनों के साथ राममंदिर में श्रृंगार आरती में शामिल हुई और रामलला का दर्शन पूजन अर्चन किया। अपने अयोध्या दौरे के दूसरे दिन सुबह 5 :30 बजे केंद्रीय वित्त मंत्री का काफिला सुरक्षा घेरे में राममंदिर के लिए रवाना हुआ। रामपथ से होते हुए उनवल क्रॉसिंग से रंगमहल मंदिर बैरियर पहुंचा जहां क्रॉसिंग दो पर उनका स्वागत राममंदिर का प्रबंधन का कार्य देख रहे गोपाल राव ने किया। रामलला के श्रीचरणों में पूजन अर्चन के बाद निर्मला सीतारमण कुबेर टीला पहुंची जहां उन्होंने विधिविधान के साथ कुबेरेश्वर महादेव पर जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक किया। केंद्रीय वित्त मंत्री की बैठक श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपतराय एवं अन्य सदस्यों व निर्माण कार्य में लगी एजेंसियो के प्रमुखों के साथ हुई जिसमें विस्तार से राममंदिर निर्माण के बारे में उनको जानकारी दी गई।

# सीबीआई ने वांछित शीला कल्याणी का सऊदी अरब से किया प्रत्यर्पण

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरूवार को इंटरपोल के माध्यम से वांछित भगोड़ी मनाकंदथिल थेक्केथी उर्फ शीला कल्याणी को सऊदी अरब से भारत प्रत्यर्पित किया।

सीबीआई के अनुसार, शीला कल्याणी आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी के एक मामले में वांछित थी। उसके खिलाफ 5 अक्टूबर 2023 को रेड कार्नर नोटिस भी जारी हुआ था। इसके बाद सीबीआई की एक विशेष टीम ने सऊदी अरब जाकर उसे भारत लाने की प्रक्रिया पूरी की। उल्लेखनीय है कि इंटरपोल द्वारा जारी रेड नोटिस दुनियाभर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भेजे जाते हैं ताकि वांछित अपराधियों का पता लगाया जा सके। सीबीआई ने बताया कि इंटरपोल चैनलों के जरिए बीते कुछ वर्षों में 130 से ज्यादा वांछित अपराधियों को भारत वापस लाया जा चुका है।

# मायावती ने आकाश को बताया उत्तराधिकारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**मंच पर दिखी सर्वजनहिताय की झलक**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मुखिया मायावती ने मंगलवार को पार्टी संस्थापक मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि पर आयोजित महारैली में अपने आपको सर्वजन की हितैषी दिखाने के साथ ही इशारों-इशारों में भतीजे आकाश आनंद को अपना राजनीतिक वारिस घोषित कर दिया। वहीं दूसरी ओर नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद पर बिना नाम लिए भी तीखा वार किया।

मंच पर मायावती की एक कुर्सी लगाई गई थी। पहली बार मंच पर बगल में सोफे लगे थे। इनमें मुस्लिम समुदाय के तीन चेहरे (मुनकाद अली, नौसाद अली और शमसुद्दीन) और दलित समाज के चार चेहरे (मायावती के भाई आनंद, भतीजे आकाश, गिरीश चंद्र जाटव और धनश्याम चंद्र खरवार) बैठे थे जबकि ओबीसी और सामान्य वर्ग से सतीश चंद्र मिश्रा, उमाशंकर सिंह और विश्वनाथ पाल को जगह मिली। यह पहली बार था जब मायावती की किसी रैली में मंच पर दूसरे नेताओं को भी बैठने की जगह दी गई। मंच से भतीजे आकाश की तारीफ करते हुए मायावती ने कहा कि आकाश आनंद एक बार फिर पार्टी के मूवमेंट से जुड़ चुके हैं, यह शुभ संकेत है। वह मेरे दिशानिर्देश में काम करेंगे। जिस प्रकार कांशीराम जी ने मुझे आगे बढ़ाया, उसी तरह मैंने आकाश आनंद को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। मुझे विश्वास है और आप सभी से अपील है कि आप लोग मेरी तरह आकाश का भी हर हाल में साथ देंगे। उन्होंने सतीश चंद्र मिश्रा की भी तारीफ की। इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल को भी सराहा। नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का बिना नाम लिए निशाना साधते हुये उन्होंने कहा कि ऐसे बिकाऊ लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। हमें कमजोर करने के लिए एक षड्यंत्र रचा जा रहा है। स्वार्थी और बिकाऊ किस्म के लोगों का इस्तेमाल करके कई संगठन बनवा दिए गए हैं। अब तो ये अंदर ही अंदर अपने वोट ट्रांसफर करवा कर इनके एक-दो उम्मीदवारों को जिता भी रहे हैं, ताकि दलित वोट बांटे जा सकें।

### विस्फोट से जमींदोज हुआ मकान, पांच की मौत



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में एक धमाके से मकान गिर गया है। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस अभी इस बात की जांच कर रही है कि हादसे की वजह पटाखा है या गैस सिलेंडर। अयोध्या जिले की नगर पंचायत भदरसा भरतकुंड के महाराणा प्रताप वार्ड के पगलाभारी गांव में धमाके की आवाज के साथ एक मकान गिर गया। इस घटना में पांच लोगों की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। कई लोग घायल हुए हैं। इनमें बच्चे भी शामिल हैं।

बताया जाता है कि गांव के निवासी रामकुमार उर्फ पारसनाथ गांव के बाहर मकान बनवाकर रहते थे। गुरुवार शाम 7:30 बजे के करीब धमाके की तेज आवाज के साथ मकान गिर गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोगों घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी और सीओ अयोध्या भी पहुंच गए हैं। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने पांच मौतों की पुष्टि की है। जबकि कई घायल भी लाए गए हैं। इनमें तीन बच्चे शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार पटाखे के चलते विस्फोट होने की आशंका है। हालांकि घटनास्थल पर ईंधन गैस की भी बदबू आ रही है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। कुछ और लोगों के मकान के मलबे में दबे होने की आशंका है। रेस्क्यू का काम जारी है।

# कानपुर ब्लास्ट : कोई आतंकी कनेक्शन नहीं

**कानपुर, समृद्धि न्यूज।**



- पटाखा भंडारण में हुआ था विस्फोट, एसओ समेत पांच निलंबित
- खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के धमाके कराने का दावा बेबुनियाद : पुलिस कमिश्नर

उत्तर प्रदेश में कानपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को हुए ब्लास्ट मामले की प्रारंभिक जांच में अवैध पटाखा भंडारण का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार इस घटना में कोई आतंकी कनेक्शन नहीं है। इसकी जांच के लिए गुरुवार को उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) टीम पहुंच गई है। पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने इस मामले में एसीपी कोतवाली को हटा दिया और मूलगंज थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने बताया कि इस घटना का कोई आतंकी कनेक्शन नहीं है। खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने धमाके कराने का दावा बेबुनियाद है। विस्फोट वाली जगह पर दुकान से एक क्विंटल पटाखे मिले हैं। एक अन्य गोदाम से तीन क्विंटल पटाखे मिले हैं। इस संबंध में बिना लाइसेंस पटाखे रखने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। अब तक घटना में सम्मिलित 12 व्यक्तियों को हिरासत लिया है। दो स्कूटी घटनास्थल से बरामद की गई हैं, जिसमें एक चोरी की है।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि अवैध पटाखों भंडारण के मामले में मूलगंज थाना प्रभारी समेत पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित किया है। इसके साथ ही साथ सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार शाम 7:15 बजे थाना मूलगंज क्षेत्रान्तर्गत मेस्टन रोड स्थित मिश्री बाजार में एक खिलौने की दुकान के सामने दो स्कूटी में ब्लास्ट की घटना हुई। घटना में लगभग आठ व्यक्ति घायल हुए हैं। इनमें से चार व्यक्तियों को गंभीर अवस्था में तत्काल लखनऊ रेफर किया गया था।

**निर्देश** — एआई का उपयोग आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, दिशा-निर्देश जारी

# विरोधियों को निशाना बनाने से पहले दिशानिर्देशों पर ध्यान दें राजनीतिक दल : आयोग

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को प्रतिद्वंद्वी दलों तथा उम्मीदवारों को निशाना बनाकर तैयार वीडियो में एआई के उपयोग को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुये सभी दिशानिर्देशों का पालन करने को कहा है।

आयोग ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि 06 अक्टूबर को बिहार विधान सभा के आम चुनाव और 08 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। ये प्रावधान उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया सहित इंटरनेट पर पोस्ट की जा रही सामग्री पर भी लागू होंगे।

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता के प्रावधान अन्य दलों की आलोचना, उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रहेंगे। दलों और उम्मीदवारों को अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं के निजी जीवन के उन सभी पहलुओं की आलोचना करने से बचना चाहिए जो सार्वजनिक गतिविधियों से संबंधित न हों। इसके साथ ही राजनीतिक दलों को असत्यापित आरोपों या विकृति के आधार पर अन्य दलों या उनके कार्यकर्ताओं की आलोचना से बचना चाहिए।

आयोग ने चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए राजनीतिक दलों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सूचनाओं को विकृत करने या गलत सूचना फैलाने वाले डीप फेक वीडियो बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उपकरणों का दुरुपयोग नहीं करने की सलाह दी है। आयोग ने कहा कि सभी राजनीतिक दल और उनके नेता, उम्मीदवार और स्टार प्रचारक, अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से या विज्ञापनों के रूप में प्रचार के लिए साझा की जा रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सामग्री को डिजिटल रूप से संवर्धित जैसे स्पष्ट प्रतीकों का उपयोग कर प्रमुखता से चिह्नित करने के लिए आवश्यक उपाय करेंगे।

चुनाव आयोग ने कहा है कि चुनावी माहौल को खराब नहीं होने देने के लिए सोशल मीडिया पोस्ट पर कड़ी नजर रखी जा रही है। आयोग ने आदर्श आचार संहिता के दिशानिर्देशों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। इन दिशानिर्देशों के किसी भी उल्लंघन से सख्ती से निपटा जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### प्रेमानंद महाराज को किडनी दान करने की पेशकश, कस्ता निवासी रमेश चंद्र शुक्ला का भावपूर्ण निर्णय



**मितौली खीरी।** तहसील क्षेत्र कस्ता निवासी रमेश चंद्र शुक्ला ने समाजसेवी एवं प्रख्यात संत प्रेमानंद महाराज को अपनी एक किडनी दान करने की भावपूर्ण पेशकश की है बताते चले की रमेश शुक्ला पत्रकार व अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के जिला उपाध्यक्ष है। उन्होंने कहा कि प्रेमानंद महाराज केवल एक संत ही नहीं, बल्कि समाज के सच्चे मार्गदर्शक और विचारक हैं। उनकी आवश्यकता समाज को हर समय रहती है। रमेश चंद्र शुक्ला ने कहा कि ऐसे दिव्य पुरुष सदैव समाज को सही दिशा और प्रेरणा देते हैं, इसलिए वे चाहते हैं कि महाराज स्वस्थ रहें और समाज को अपना आशीर्वाद व मार्गदर्शन निरंतर देते रहें। उनके इस निर्णय की चर्चा क्षेत्र में व्यापक रूप से हो रही है और लोग उनकी इस मानवता एवं श्रद्धा भरी भावना की सराहना कर रहे हैं।

### मुखबिर की सूचना पर एसडीएम ने मारा छापा, 10 लाख रुपये के अवैध पटाखे बरामद, एक गिरफ्तार



**मोहम्मदी (खीरी)।** मुखबिर की सूचना पर उपजिलाधिकारी चंद्रुवराज ने पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ मिलकर नगर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। टीम ने मोहल्ला शुक्लापुर में हिमांशु कटियार पुत्र गंगाराम कटियार के गोदाम पर छापा मारकर भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए। गोदाम से लगभग 35 गत्तों में भरे करीब 10 लाख रुपये मूल्य के पटाखे मिले। मौके से आरोपी हिमांशु कटियार को गिरफ्तार कर लिया गया। कस्बा इंचार्ज मोहन अहमद खां ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा विस्फोटक अधिनियम के तहत पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया।

### भगवान श्रीकृष्ण की आरती से छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर डाला वीडियो, समाजसेवी ने दी तहरीर

**भीरा (खीरी)।** सोशल मीडिया पर भगवान श्रीकृष्ण की आरती को अशोभनीय शब्दों में प्रस्तुत करते हुए एक वीडियो वायरल होने से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। सनातन धर्मावलंबियों ने इसे धार्मिक आस्था से खिलवाड़ बताया है। समाजसेवी हृदयेश शुक्ला निवासी बिजुआ भाना–भीरा ने मामले की शिकायत कोतवाली भीरा में दर्ज कराते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के मुताबिक, अलीम कुरैशी पुत्र रहीश कुरैशी निवासी पडरिया–तिलकापुर, थाना भीरा ने अपने फेसबुक अकाउंट (Aleemali Qureasi) से भगवान श्रीकृष्ण की आरती में अश्लील और आपत्तिजनक शब्द जोड़कर एक कूटरचित वीडियो पोस्ट किया। समाजसेवी हृदयेश शुक्ला ने बताया कि इस हरकत से सनातन धर्म के श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी ने जानबूझकर सोशल मीडिया का दुरुपयोग करते हुए धार्मिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट और धार्मिक भावनाएं आहत करने से जुड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। मामले की जानकारी मिलते ही भीरा पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने भी ऐसे मामलों पर सोशल मीडिया की सख्त निगरानी की मांग की है ताकि भविष्य में धार्मिक सौहार्द और शांति कायम रहे।

### पिकअप ने बाइकसवार को मारी टक्कर, युवक गंभीर



**बिजुआ (खीरी)।** बुधवार देर रात बिजुआ क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची यूपी यूथ एसोसिएशन की टीम ने मानवीय पहल दिखाते हुए घायल को तत्काल एंबुलेंस से सीएचसी बिजुआ पहुंचाया और घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार, बिजुआ निवासी मनोज मिश्रा पुत्र राजकुमार मिश्रा अपनी मोटरसाइकिल (यूपी31एए9895) से किसी कार्यवश भीरा गए थे। लौटते समय सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मनोज सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर मारने के बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। मौके से गुजर रही यूपी यूथ एसोसिएशन की टीम ने घायल को देखा तो तुरंत मदद के लिए आगे आई। टीम ने एंबुलेंस बुलाकर घायल को अस्पताल भिजवाया और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची बिजुआ पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी। घायल के परिजनों ने थाना भीरा में आरोपी चालक के खिलाफ तहरीर दी है। परिजनों ने मांग की है कि पुलिस शीघ्र आरोपी की गिरफ्तारी कर सख्त कार्रवाई करे।

### गुलरिया चीनी मिल में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुई बॉयलर पूजा



**बिजुआ (खीरी)।** बलरामपुर चीनी मिल समूह की इकाई गुलरिया चीनी मिल में आगामी पेराई सत्र 2025–26 की तैयारियों के तहत परंपरागत बॉयलर पूजा का आयोजन गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ किया गया। सुबह 09:15 बजे शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बॉयलर में अग्नि प्रवेश कराकर पूजा संपन्न हुई। पूजा का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा, कुशलता और समृद्धि की कामना रहा। इस दौरान फैक्ट्री परिसर में हवन, आरती और प्रसाद वितरण के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा। मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाते हुए संपूर्ण पूजन विधि को विधिपूर्वक पूर्ण कराया। पूजा उपरांत उन्होंने सभी कर्मचारियों को आगामी पेराई सत्र की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नया पेराई सत्र सुरक्षा मानकों और पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं के साथ शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर मिल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। फैक्ट्री में पेराई सत्र शुरू करने की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं और कर्मचारियों में नए सत्र को लेकर अपार उत्साह देखा जा रहा है।

### अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी, पूर्व में जेल जा चुके आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ला एडवोकेट निवासी मोहल्ला तीर्थ, कस्बा गोला ने कोतवाली गोला में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बुधवार दोपहर करीब 3 बजकर 15 मिनट पर सहीद पुत्र इमामबक्श और राजा पुत्र सहीद निवासी मोहल्ला पूर्वी दीक्षितान, कस्बा गोला, उनके तख्त पर आए और ऊँची आवाज में गाली–गलौज करने लगे। अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी उनसे बोले कि तुम अपने मुवक्किल नंदकिशोर पुत्र सीताराम निवासी जडौरा की बहुत तरफदारी करते हो, उसने मेरे ऊपर जादू–टोना करवा दिया है। इसी दौरान सहीद ने धमकी दी कि वह तहसील आकर वकील की गर्दन काट देगा, कहते हुए मौके से चला गया। कुछ ही देर बाद आरोपी ने अपनी पत्नी और पुत्री को भी अधिवक्ता के पास भेजा। दोनों महिलाओं ने पहुंचते ही अधिवक्ता को भद्दी–भद्दी गालियां दीं और धमकी दी कि नंदकिशोर का साथ देने की सजा भुगतनी पड़ेगी, फर्जी छेड़छाड़ के मुकदमे में फंसा देंगे। इसके बाद उन्होंने वकील पर हमला करने की भी कोशिश की, लेकिन मौके पर मौजूद अन्य अधिवक्ताओं के हस्तक्षेप से स्थिति संभल गई। अधिवक्ता ने बताया कि विपक्षीगण पूर्व में भी शाहजहांपुर और लखीमपुर जेल जा चुके हैं और वर्तमान में जमानत पर हैं। उन्होंने आशंका जताई कि ये लोग उनके परिवार को नुकसान पहुंचा सकते हैं इस संबंध में कोतवाली गोला पुलिस ने अशोक कुमार शुक्ला एडवोकेट की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। जांच शुरू कर दी है।

### दीपावली से पहले उतरौला में खाद्य सुरक्षा अभियान तेज



**उतरौला (बलरामपुर)।** दीपावली त्योहार कोल आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के दिशानिर्देश एवं डीएम महोदय के मार्गदर्शन में दीपावली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय एवं भण्डारण पर प्रभावी रोक लगाने के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य) एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बलरामपुर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की गठित टीम द्वारा दिनांक 08.10.2025 को उतरौला में भारत स्वीट हाउस से छेना मिठाई का 1 नमूना, आरएसपी रेस्टोरेंट से पनीर एवं अरहर दाल का 1–1 नमूना तथा सात्विक फूड इण्डस्ट्रीज से सूजी मिठाई का 1 नमूना नमूना संग्रहित किया गया, जिसे जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। उपरोक्त तीनों प्रतिष्ठानों में पायी गयी अन्य कमियों के दृष्टिगत सुधार नोटिस भी जारी किया जा रहा है।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु रोग मेले का हुआ आयोजन

**पशुओं में होने वाली बीमारी की रोकथाम को विभाग द्वारा लगाए जा रहे टीकों की दी गई जानकारी**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

पशुपालन विभाग लखीमपुर खीरी पशु चिकित्सालय विकास खंड नकहा के ग्राम बढ़ाइडीह में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीष कुमार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु रोग मेला एवं शिविर का आयोजन किया गया यह शिविर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश सचान के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया मेले का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख श्री पवन गुप्ता , ग्राम प्रधान बढ़ाइडीह संतोष वर्मा एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सचिन द्वारा गौ पूजन एवं पंडित दीनदयाल की प्रतिमा पर पुष्कर अर्पित किया गया।



शिविर के दौरान डॉ राकेश कुमार वर्मा पशु चिकित्सा अधिकारी फरधान द्वारा पशुओं में होने वाली बीमारी की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा लगाए जा रहे टीकों के बारे में जानकारी देते हुए गला घोटू बीमारी के लक्षण एवं बचाव के लिए लगाए गला घोटू टीकाकरण के बारे में जानकारी दी खुर पका मुंह पका रोग नियंत्रण के लिए लगाए जा रहे हैं एफएमडी टीकाकरण की जानकारी दी वर्तमान समय में गोवंश में फैलने वाली लंपी की बीमारी के लक्षण एवं बचाव जानकारी देते हुए पशुपालक भाइयों को अवगत कराया की यह एक वायरस बीमारी है जो तेजी से फैलती है यदि किसी पशु में इसके लक्षण दिखाई दे तो उसे पशु को अन्य पशुओं से अलग करके उपचार कराए इस बीमारी में मृत्यु दर बहुत कम है पशु को मंत्र तीन से चार दिन एंटीबायोटिक एवं बुखार की दवा देने से मात्र से पशु आसानी से स्वस्थ हो जाएंगे विभाग द्वारा लगाया जा रहे हैं लंबी टीकाकरण को सभी पशुपालक भाइयों द्वारा लगवाने के लिए प्रेरित किया इसी तरह बकरियां में फैलने वाली पी पी आर बीमारी के टीकाकरण पर भी प्रकाश डाला जाएगा। डॉ प्रदीप कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी ईसानगर ने गर्भित पशुओं की देख रेख उनके संतुलित आहार हरा चारा भूसा वा मिनरल मिक्सचर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को अवगत कराया कि यदि हम सभी पशुपालक अपने पशुओं को मिनरल मिक्सचर देते हैं तो पशु समय से गर्मी में आयेगा तथा गर्भित का प्रतिशत भी बढ़ेगाएवं दुग्ध उत्पादन में लगातार वृद्धि होगी। नवजात एवं उनकी देखरेख के बारे में प्रकाश जलते हुए अवगत कराया की यदि हम सभी लोग अपने नवजात शिशु को पहले हफ्ते में कृमिनाशक दवा पान कर देते हैं तो बच्चों में खासकर महाशिवांश की मृत्यु दर काफी हद तक रोकी जा सकती है। डॉ मनीष कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी नकहा के द्वारा संतुलित पशु आहार हरा चारा उपयोग एवं उत्पादन पर प्रकाश डालते हुए अवगत करायाए कि पशुपालक भाई यदि हाइब्रिड नेपियर जैसी नस्ल रोपित कर दें तो पशुओं को पूरे वर्ष हरा चारा आसानी से उपलब्ध कराया जा सकता है । शिविर के दौरान 107 पशुपालकों के कुल 685 गाय भैंस एवं बकरी का उपचार, क्रमिनाशक दवापन, गर्भ परीक्षण कृत्रिम गर्भाधान, बधिकारण करण एवं एल एस डी टीकाकरण किया गया इस दौरान पशुपालन विभाग से पशुधन प्रसार अधिकारी दर्शन सिंह राणा, संजीव तिवारी पशु औषधिकराजेश प्रसाद बहुगुणा श्रीप्रकाश, आशीष शुक्ला, विपिन वर्मा विकाश बाजपेई एवं संख्या में पशुपालक भाई उपस्थित रहे।

## कोतवाली से महज 500 मी. की दूरी पर चोरों ने उड़ाया जनरेटर का कॉपर तार और मोटर

**स्थानीय व्यापारियों में बढ़ा आक्रोश, पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल**

**मैगलगंज (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा मैगलगंज में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताज़ा मामला कोतवाली मैगलगंज से महज़ 500 मीटर की दूरी पर घटित हुआ, जहां चोरों ने बीती रात बिल्डिंग मटेरियल व्यवसायी राजू शर्मा के घर के बाहर खड़े जनरेटर और एक मशीन को निशाना बनाया। राजू शर्मा, जो कि गांव लालपुर (शाहजहांपुर रोड) निवासी हैं, ने बताया कि उनके घर के बाहर खड़े जनरेटर से चोरों ने अल्टीनेटर का कॉपर तार जिसकी कीमत करीब 15 हजार रुपये है, और उसी जनरेटर में लगी लोहे में सुराख करने वाली मशीन का मोटर जिसकी कीमत लगभग 10 हजार रुपये बताई जा रही है, दोनों पर हाथ साफ कर दिया। राजू शर्मा ने घटना की सूचना पुलिस को लिखित रूप में दी है। हालांकि, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि हमें इस मामले में किसी प्रकार की तहरीर अब तक प्राप्त नहीं हुई है। घटना की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिली है, जिस पर जांच की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की थी। लगातार हो रही चोरियों से पूरे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। स्थानीय व्यापारियों में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि रात्रि गश्त केवल कागजों तक सीमित है और पुलिस केवल सूचना मिलने पर औपचारिकता निभा रही है।

### दवा लेने गई युवती लापता, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** थाना क्षेत्र के एक गांव की 22 वर्षीय युवती बीते मंगलवार सुबह घर से दवा लेने लखीमपुर गई थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने जब फोन किया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। युवती के पिता ने थाना गोला में तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी सुबह रजागंज रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा लखीमपुर सरकारी होमियोपैथिक अस्पताल गई थी, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने रिश्तेदारों व परिचितों में तलाश की, लेकिन असफल रहे। परिजनों ने आशंका जताई है कि उनकी बेटी के साथ कोई अनहोनी या अपहरण की घटना हुई हो सकती है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच की जिम्मेदारी अवर निरीक्षक विजयेंद्र कुमार पासवान को सौंपी गई है।

## पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं आज रखेंगी करवा चौथ का व्रत

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

करवा चौथ का पावन पर्व शुक्रवार को मनाया जाएगा, जिसमें सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। इस पर्व को लेकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बृहस्पतिवार को बाँकेगंज के बाजारों में सुबह से देर शाम तक पूजा सामग्री, आभूषण, साड़ी, सूट और सौंदर्य प्रसाधनों की खरीदारी के लिए महिलाओं की भीड़ रही। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं ने चलनी, कुशा, मिट्टी के बर्तन, रोली, चंदन जैसी पूजा सामग्री के साथ-साथ परिधानों की जमकर खरीदारी की। महिलाओं के चेहरों पर मनपसंद वस्तुओं की खरीदारी की खुशी साफ झलक रही थी। वहीं, दुकानदार भी अचानक बढ़ी बिक्री से उत्साहित दिखे। पिछले एक सप्ताह से बाजारों में करवा चौथ से संबंधित दुकानें सजी हुई थीं, और बृहस्पतिवार को इन दुकानों पर खरीदारों का तांता लगा रहा। करवा चौथ के दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पूजा-पाठ करती हैं। शाम को सोलह श्रृंगार कर चलनी के माध्यम से अपने पति का दीदार करती हैं। और चंद्रमा को अर्घ्य



देकर व्रत तोड़ती हैं। मान्यता है कि इस व्रत से पति की आयु लंबी होती है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, द्रौपदी ने भी पांडवों की रक्षा के लिए यह व्रत रखा था। वहीं छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के ज्योतिषाचार्य रामदेव मिश्र शास्त्री ने बताया कि संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी (करवा चौथ) का व्रत 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा। 9 अक्टूबर बृहस्पतिवार की रात 2,46, बजे के बाद चतुर्थी तिथि शुरू होगी, जो अगले दिन शुक्रवार की रात 12,4 बजे तक है। चंद्रोदय 7:58 बजे होगा चंद्रमा के दर्शन होंगें। हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को यह व्रत मनाया जाता है, जिसका हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। व्रत के अंत में चंद्रमा के दर्शन और पति के हाथों से भोजन ग्रहण कर व्रत का पारण किया जाता है।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, 39 हजार नकद व जेवर भी ले गया युवक

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** थाना गोला क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बालिका को बहला–फुसलाकर भगाने का मामला प्रकाश में आया है। बालिका के पिता ने थाना कोतवाली गोला में तहरीर देकर सीतापुर निवासी एक युवक पर गंभीर आरोप लगाया है। एक ग्राम निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी लगभग 12 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अजय कुमार पुत्र स्वर्गीय चमन निवासी मोहल्ला बेहटी, लहरपुर, सीतापुर 7 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे बहला–फुसलाकर भगा ले गया। परिजनों के अनुसार, लड़की घर में रखे ?39,000 नकद, एक जोड़ी चांदी की पायल, सोने के एक जोड़ी टप्स एवं अपना आधार कार्ड भी साथ ले गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अजय कुमार के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक सुरेन्द्र मिश्रा को सौंपी गई है।

## पीएम श्री विद्यालय पचपेड़ी ने जीता न्याय पंचायत स्तरीय बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का खिताब

**खेलों में दिखा बालिकाओं का जज्बा, पचपेड़ी की बेटियों ने मारी बाजी**

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं में खेल भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से पीएम श्री विद्यालय पचपेड़ी में न्याय पंचायत स्तरीय उच्च प्राथमिक बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मैदान पर अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। खेल मैदान में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा।




विभिन्न खेलों में बालिकाओं ने दमखम दिखाया। पीएम श्री विद्यालय पचपेड़ी की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समग्र चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीमों और प्रतिभागी बालिकाओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। विद्यालय परिसर उत्साह और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम की मेजबानी पीएम श्री विद्यालय पचपेड़ी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाध्यापक रूप सिंह यादव मौजूद रहे। उनके साथ मनीष वर्मा, प्रदीप कुमार शाक्यवर, विजय सिंह, वेदप्रकाश, प्रमोद अवस्थी, विशाल रंजन, ममता शुक्ला, खेल अनुदेशक प्रमोद चौहान, हृदयेश और कुलश्रेष्ठ सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रूप सिंह यादव ने बालिकाओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। खेल न केवल शारीरिक विकास करता है बल्कि टीम भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। प्रतियोगिता के सफल संचालन में विद्यालय परिवार और अध्यापकगणों का विशेष योगदान रहा। समग्र परिणामों में पीएम श्री विद्यालय पचपेड़ी न्याय पंचायत स्तरीय बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का समग्र चैंपियन घोषित हुआ।

### दौड़ प्रतियोगिता में पचपेड़ी की बालिकाओं का जलवा

100 मीटर दौड़ में रॉयल भारती (पचपेड़ी) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सबका ध्यान खींचा, जबकि सपना (मूड़ा बुजुर्ग) द्वितीय रहीं। 200 मीटर दौड़ में हिमांशी (पचपेड़ी) ने पहला स्थान हासिल किया और काजल (मूड़ा बुजुर्ग) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में फूलजहां (हरसिंहपुर) और चांदनी (मूड़ा बुजुर्ग) संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहीं, जिससे मुकाबला रोमांचक बन गया।

### टीम इवेंट में पचपेड़ी का दबदबा

कबड्डी प्रतियोगिता में हरसिंहपुर टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं पचपेड़ी टीम को उपविजेता का स्थान मिला। खो–खो प्रतियोगिता में पचपेड़ी टीम ने अपने खेल कौशल से सभी को प्रभावित करते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया, जबकि हरसिंहपुर टीम को दूसरा स्थान मिला। रस्साकशी में भी पचपेड़ी टीम की बेटियों ने ताकत और एकजुटता का बेहतरीन उदाहरण पेश किया और विजेता बनीं, जबकि हरसिंहपुर टीम को उपविजेता का खिताब मिला।

## देव आई हॉस्पिटल उतरौला क्षेत्र के लिए वरदान

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

उतरौला में देव आई हॉस्पिटल स्थापित होने से छेत्र के लिए वरदान सावित हो रहा है छेत्र के लोग विभिन्न प्रकार के आँख के परेशानी से घर बैठे छुटकारा पाते है। बताते चले के जनपद बलरामपुर में उतरौला बाजार में देव आई हॉस्पिटल खुलने से चहु ओर खुशियों की की लहर दौड़ पड़ी है लोगो को 50 किलोमीटर दूरी तय करने के बाद आँखों की दवा हो पाती थी परन्तु अब देव आई हॉस्पिटल पर आँखों की सभी प्रकार की बीमारी का इलाज एवं ऑपरेशन सफल तरीके से किया जाता है । उतरौला नगर के माजिद अली खान



का कहना है कि देव आई हॉस्पिटल जबसे खुला उतरौला छेत्र के लीगो का सर्व कल्याण हो गया आँख में किसी प्रकार की दिक्कत होने तुरन्त इलाज हो जाता है तथा मरीजो को राहत मिल जाती है। डॉ अरुण कुमार पाठक ने बताया कि देव आई हॉस्पिटल में मरीजो को मोतिया विन्दु, सबलवाई,कार्निया एव सभी प्रकार का सफल ऑपरेशन किया जाता है।

## सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के स्वागत की तैयारी में जुटा उतरौला संगठन

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

उतरौला समाजवादी पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा ने सपा बैठक कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

जिसमे सपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा ने कहा कि आगामी 12 अक्टूबर को सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का जनपद में को आगमन हो रहा है। बैठक की जानकारी देते हुए परशुराम वर्मा ने बताया कि जनपद में सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल समाजवादी पीडीए महासम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।सभी सपा कार्यकर्ताओं से





कार्यक्रम को सफल बनाने की चर्चा किया गया। राज्य कार्यकारिणी सदस्य परशुराम वर्मा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनेगी। सपा में ही सभी वर्गो का हित सुरक्षित है। सपा नेता डॉ एहसान ख़ान ने कहा कि समाजवादी पार्टी को जिला पंचायत चुनाव में कैसे मजबूती के साथ कार्यकर्ताओं को ही चुनाव लड़ाया जाए चुनाव लड़ाया जाए । इस मौके पर उतरौला विकास समिति सचिव मोनू ख़ान, उपाध्यक्ष राकेश यादव,प्रदेश सचिव सपा अल्पसंख्यक सभा आबिद अली खान, डॉ अताउल्लाह खान,मुनीर पाशा, नेहाल ख़ान, छब्बू शाह समेत सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## करवा चौथ विशेष: करवा चौथ प्रेम, श्रद्धा और समर्पण का अद्वितीय पर्व

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

करवा चौथ का त्योहार सदियों पुरानी भारतीय संस्कृति और वैदिक परंपराओं से जुड़ा हुआ है। माना जाता है कि यह पर्व प्राचीन काल में सातवीं या आठवीं शताब्दी ईसा पूर्व में प्रारंभ हुआ, जब युद्धरत पतियों की दीर्घायु और कुशलता की कामना के लिए पत्नियाँ यह व्रत रखती थीं।

एक मान्यता के अनुसार यह व्रत सबसे पहले वीरवती नामक रानी ने रखा था। पौराणिक कथा के अनुसार, राजा की इकलौती पुत्री वीरवती ने अपने पति की लंबी आयु के लिए कठोर व्रत रखा, परंतु भाइयों के छल से व्रत अधूरा टूट गया। परिणामस्वरूप उसका पति मृत्यु को प्राप्त हुआ, लेकिन वीरवती के सच्चे प्रेम और तपस्या से माता पार्वती प्रसन्न हुईं और उसके पति को पुनर्जीवन मिला। तब से यह व्रत नारी के प्रेम, त्याग और आस्था का प्रतीक बन गया। एक अन्य कथा के अनुसार सती करवा नामक एक नारी ने अपने पति की रक्षा के लिए यमराज तक को अपने व्रत-बल से रोक लिया था। तभी से इसे करवा चौथ कहा जाने लगा जहाँ करवा मिट्टी का घड़ा और चौथ चौथी तिथि का प्रतीक है। यह घड़ा जल और समृद्धि का प्रतीक माना गया। हिंदू शास्त्रों के अनुसार, करवा चौथ का व्रत कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। इस दिन गौरी पूजन का विधान है। माता पार्वती को सौभाग्य की देवी माना जाता है और भगवान शिव के साथ उनकी



पूजा करने से पति की दीर्घायु, दांपत्य सुख और पारिवारिक समृद्धि प्राप्त होती है। कहा जाता है कि इस व्रत से ग्रहदोष, आयुक्षय और वैवाहिक कलह दूर होते हैं। शुक्रवार को करवा चौथ के पर्व पर उतरौला बाजार की गलियाँ और बाज़ार पारंपरिक रौनक से सराबोर रहीं। सुबह होते ही नगर की दुकानों पर



चूड़ियों की खनक, साड़ियों की चमक, मेहंदी की खुशबू और सुहागिनों की चहल-पहल से त्योहार का उल्लास चरम पर पहुंच गया।

हिंदू पंचांग के अनुसार करवा चौथ कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। यह व्रत विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, स्वास्थ्य और सौभाग्य के लिए बिना भोजन और जल के रहकर करती हैं। भोर में व्रती महिलाएँ ससुराल पक्ष से आई सर्गी ग्रहण करती हैं, जिसमें फल, मिठाई और सूखे मेवे शामिल रहते हैं। रात्रि में चंद्रोदय के समय महिलाएँ छलनी से चाँद को निहारकर अपने पति के दर्शन करती हैं और उनके हाथों से पानी या पहला निवाला ग्रहण कर व्रत खोलती हैं।यह क्षण नारी-श्रद्धा, समर्पण और प्रेम का अद्वितीय प्रतीक माना जाता है। करवा चौथ न केवल धार्मिक पर्व है, बल्कि यह महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण, पारिवारिक एकता और सांस्कृतिक सौंदर्य का भी प्रतीक है। उतरौला में इस अवसर पर श्रद्धा, उल्लास और उत्सव का अनोखा संगम देखने को मिला।


### सूचना

मेरी पुत्री का नाम कशिश और जन्म तिथि 01/01/2013 उसके आधार कार्ड सहित सभी अभिलेखों में दर्ज है तथा पहले आधार कार्ड भी इन्हीं नाम से बने थे परंतु आवश्यक कारणों वश मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में संशोधन कराकर रिया शर्मा संशोधन तिथि 16/10/ 2021 है, कराया था जो गलत हो गया है। मैं अपनी पुत्री का आधार कार्ड का नाम पहले वाला संशोधन करना चाहती हूं, जो कि आवश्यक है।

सीमा शर्मा पत्नी स्वर्गीय अमित शर्मा निवासी मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा कस्बा थाना एवं तहसील मोहम्मदी जिला खीरी।

### सूचना

मेरी पुत्री का नाम सगुन और जन्म तिथि 01/01/2014 उसके आधार कार्ड सहित सभी अभिलेखों में दर्ज है तथा पहले आधार कार्ड भी इन्हीं नाम से बने थे परंतु आवश्यक कारणों वश मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में संशोधन कराकर विधि शर्मा संशोधन तिथि 16/10/ 2021 है, कराया था जो गलत हो गया है। मैं अपनी पुत्री का आधार कार्ड का नाम पहले वाला संशोधन करना चाहती हूं, जो कि आवश्यक है।

सीमा शर्मा पत्नी स्वर्गीय अमित शर्मा निवासी मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा कस्बा थाना एवं तहसील मोहम्मदी जिला खीरी।

### सूचना

मेरी पुत्री का नाम शुभी और जन्म तिथि 11/12/2009 उसके आधार कार्ड सहित सभी अभिलेखों में दर्ज है तथा पहले आधार कार्ड भी इन्हीं नाम से बने थे परंतु आवश्यक कारणों वश मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में संशोधन कराकर टीना शर्मा संशोधन तिथि 16/10/ 2021 है, कराया था जो गलत हो गया है। मैं अपनी पुत्री का आधार कार्ड का नाम पहले वाला संशोधन करना चाहती हूं, जो कि आवश्यक है।

सीमा शर्मा पत्नी स्वर्गीय अमित शर्मा निवासी मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा कस्बा थाना एवं तहसील मोहम्मदी जिला खीरी।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, शुक्रवार 10 अक्टूबर, 2025







# योगी गोरखपुर से करेंगे स्वदेशी मेलों का औपचारिक शुभारंभ

**इन मेलों में स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, हस्तशिल्पियों व ग्रामीण उद्योगों को अपनी कला और उत्पाद प्रदर्शित करने का मिलेगा मंच**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखपुर से स्वदेशी मेले का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। स्वदेशी मेले का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना, उद्योगों को बढ़ावा देना और 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है।

कई जिलों में गुरुवार को ही स्वदेशी मेले की अनौपचारिक शुरुआत हो गई है। हालांकि, इसकी औपचारिक शुरुआत आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा शुक्रवार को की जाएगी। दस दिवसीय स्वदेशी मेलों का आयोजन शहर के व्यवसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण और उपयुक्त स्थलों पर किया जा रहा है, ताकि आम जनता सुगमता से पहुंच सके और सक्रिय रूप से सहभागिता कर सके। उल्लेखनीय है कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के अंतर्गत जनपद स्तर पर स्वदेशी मेलों के आयोजन के निर्देश जारी किए गए हैं। आयोजन के दौरान जनपद के प्रभारी मंत्री समेत अन्य जनपद प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया गया है। प्रत्येक जनपद के उपायुक्त उद्योग नोडल अधिकारी के रूप में मेले की व्यवस्था देखेंगे और जिलाधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए मेले की गरिमा एवं गुणवत्तापूर्ण आयोजन सुनिश्चित कर रहे हैं। स्वदेशी मेला में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, माटी कला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सीएम युवा, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लाभार्थियों, वित्त पोषित इकाईयों, स्वयं सहायता समूहों और अन्य उत्पादकों को निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त, पूर्व में उपलब्ध कराए गए उन उपयोगी योजनाओं/कार्यक्रमों के स्टॉल भी लगवाए गए हैं। मेले में वस्तुओं एवं सेवाओं के क्रय के लिए जेम पोर्टल का उपयोग अनिवार्य रूप से किया गया है।

### दिवाली के पूर्व वोकल फॉर लोकल अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देगा मेला

स्वदेशी मेले को जीएसटी बचत उत्सव के रूप में भी मनाया जा रहा है। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा की गई जीएसटी दरों में कमी की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जा रही है, ताकि वे दीपावली और अन्य अवसरों पर अपने दैनिक उपयोग की वस्तुएं खरीद सकें। कार्यक्रम को उल्लासपूर्ण और रोचक बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर संस्कृति विभाग, युवक मंगल दल, नेहरू युवा केंद्र, विभिन्न शैक्षिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के समन्वय और सहयोग से सामाजिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन मेलों में स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, हस्तशिल्पियों और ग्रामीण उद्योगों को अपनी कला और उत्पाद प्रदर्शित करने का मंच मिलेगा। उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में सजने वाले ये मेले दिवाली के पूर्व वोकल फॉर लोकल अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देंगे, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों अर्थव्यवस्थाओं को नई दिशा मिलेगी। प्रदेश सरकार का उद्देश्य केवल उत्पादों की प्रदर्शनी तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे कारीगरों और उद्यमियों को आर्थिक सहयोग एवं बाजार से सीधा जुड़ाव दिलाना है।

## भाजपा ने बिना बदले की राजनीति से बसपा-सपा के अधूरे कामों को कराया पूरा : मनीष शुक्ल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बदले की राजनीति नहीं करती, उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार बदले की राजनीति नहीं करती है। भाजपा सरकार ने न केवल मायावती के शासन काल में बने स्मारकों, इमारतों, पार्कों का रख रखाव किया, बल्कि अखिलेश यादव के शासन काल के आधे अधूरे कामों को भी पूरा किया है। यह कटाक्ष बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की महारैली में पार्टी प्रमुख मायावती के दिए बयान के बाद भाजपा प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने गुरुवार को कही। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अखिलेश यादव ने राजनैतिक लाभ के लिए अपनी सरकार के दौरान कई योजनाओं का लोकार्पण भी कर दिया था। लेकिन भाजपा सरकार ने उन कामों को बिना किसी भेदभाव के जनहित में कराने का काम किया है। मनीष शुक्ला ने कहा कि भाजपा का मानना है कि सारे विकास के कार्य जनता के दिए कर से होते हैं। यह किसी के घर से नहीं होती है। इस विचारधारा का प्रतिनिधित्व भाजपा करती है।

## खबरें एक नजर में

### आरटीसी व एनएडीटी के बीच प्रशिक्षण पर एमओयू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रक्षा लेखा विभाग के प्रशिक्षण संस्थान आरटीसी और राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीटी), क्षेत्रीय परिसर ने प्रशिक्षण क्षमताओं और मानकों को बढ़ाने के मद्देनजर गुरुवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि ज्ञापन में संकायों का आदान-प्रदान, प्रशिक्षण की सर्वोत्तम पद्धतियाँ, नवाचार और इन्फ्रास्ट्रक्चर सहायता शामिल है। हरि हर मिश्रा, आईडीएएस, आईएफए (सीसी) एवं सीडीए, आरटीसी लखनऊ और डॉ. नील जैन, आईआरएस, एडीजी, एनएडीटी, आरसी लखनऊ के बीच आरटीसी लखनऊ के 卐रामायण सभागार卐 में समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री एस.के. चौधरी, आईडीएएस, पीसीडीए (सीसी), लखनऊ और अन्य आईडीएएस एवं आईआरएस अधिकारी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, लखनऊ रक्षा मंत्रालय के अधीन रक्षा लेखा विभाग का एक प्रशिक्षण संस्थान है, जो रक्षा लेखा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ भारतीय सशस्त्र बलों के अधिकारियों के लिए वित्तीय प्रबंधन पाठ्यक्रम भी संचालित करता है।

### गोण्डा में फर्जी बैनामों के जरिये जमीनों पर कब्जा करने वाला भूमाफिया गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने फर्जी बैनामों के जरिये जमीनों पर कब्जा करने वाले एक शातिर भूमाफिया गोण्डा के कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आधिकारिक प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि गोण्डा में भू-माफियों ने सरकारी अथवा आम लोगों की जमीन के फर्जी विलेख तैयार कर निबन्धन कार्यालय सदर गोण्डा के अभिलेखागार में प्रतिस्थापित किये। इस सम्बन्ध में निबन्धन कार्यालय सदर गोण्डा के सबरजिस्ट्रार ने जांच के बाद तमाम फर्जी प्रकरण प्रमाणित पाते हुए थाना कोतवाली नगर गोण्डा पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। इस सिलसिले में पंजीकृत मुकदमों को थाना एसआईटी को भेजा गया। इस मामले में मामले से सम्बन्धित कुल 50 मुकदमें एसआईटी लखनऊ पर पंजीकृत हुए। इन मुकदमों में से एक में फरार चल रहे अभियुक्त शिवशरण पाण्डेय को बुधवार को सिविल लाइन से गिरफ्तार कर लिया गया है।

### फांसी का फंदा लगा कर पेड़ से लटकाया खच्चर, मुकदमा दर्ज करने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में एक खच्चर की हत्या कर दी गई। उसका शव पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची नगर निगम की टीम ने शव को कब्जे में लिया। मामले की पुलिस से भी शिकायत हुई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना 9 अक्टूबर को महानगर इलाके में हुई। स्थानीय लोगों ने खच्चर का शव देखकर आसरा द हेल्पिंग हैंड्स संस्था को दी। संस्था की ओर से घटना की जानकारी नगर निगम और पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आसरा द हेल्पिंग हैंड्स संस्था की चारू खरे ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे सूचना मिली कि महानगर सेक्टर-सी स्थित लक्ष्मण पार्क के पास एक खच्चर का शव पेड़ से लटक रहा है। वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। खच्चर का शव कपड़े से बने फंदे के सहारे पेड़ से लटक रहा था। पता चला कि शव करीब 2 घंटे से लटक रहा है। उन्होंने घटना की सूचना नगर निगम और पुलिस को दी। सूचना पर नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने फंदा काटकर शव को नीचे उतारकर अपने कब्जे में ले लिया। चारू ने बताया कि खच्चर की हत्या की गई है। उन्होंने मामले की महानगर थाने में शिकायत दी है। अज्ञात के खिलाफहत्या और पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

### हत्या की साजिश का आरोप, तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बिजनौर थाना क्षेत्र के अनूपखेड़ा निवासी कुंदन सिंह यादव ने अपनी हत्या की साजिश रचे जाने का आरोप लगाते हुए बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफमामला दर्ज कराया है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कुंदन के मुताबिक, यह घटना 26 सितंबर की शाम करीब साढ़े छह बजे सरवननगर में हुई। तीन अज्ञात व्यक्ति उनके एक परिचित के घर पहुंचे और बताया कि उन्हें कुंदन सिंह यादव की हत्या करने के लिए सुपारी दी गई है। उन्होंने परिचित से इस काम में सहयोग करने की बात भी कही। कुंदन के परिचित ने 4 अक्टूबर को उन्हें फोन पर इस साजिश की जानकारी दी। परिचित ने घटना का सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराया, जिसमें तीनों संदिग्ध स्पष्ट रूप से नजर आ रहे हैं। कुंदन का कहना है कि वे पहले भी कई मामलों में गवाह रहे हैं और उन पर पूर्व में भी जानलेवा हमले हो चुके हैं। फिलहाल, पुलिस ने कुंदन की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण को हटाने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चतुर्थ वेतनमान पा रहे अल्प संख्यक वित्तीय विकास निगम के कर्मचारियों के वेतन कटौती के प्रकरण में शासन से परामर्श मांगने के बावजूद बिना शासन का उत्तर आए निदेशक अल्प संख्यक कल्याण अंकित अग्रवाल द्वारा कर्मचारियों के वेतन कटौती का आदेश किए जाने से दोनों भवनों के कर्मचारियों में व्यापक आक्रोश व्याप्त हो गया है।इस संबंध में महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में निदेशक अल्प संख्यक कल्याण को पद से हटाने की मांग की गई।

# मायावती के आरोप पर बोले अखिलेश, इसका मतलब अंदरूनी सांठगांठ जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



बहुजन समाज पार्टी की रैली में योगी सरकार की तारीफ व सपा पर निशाना साधे जाने को लेकर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पलटवार किया है। उन्होंने योगी सरकार की तारीफ पर कहा कि इसका मतलब अंदरूनी सांठगांठ जारी है।

गुरुवार को समाजवादी कार्यालय स्थित राम मनोहर लोहिया सभागार में कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस मौके पर आयोजत प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी सरकार में कांशीराम स्मारक स्थल पर वाशिंगटोनियम, क्रोशिया के पेड़ लगाए गए। हमने एलडीए को बाकायदा इसके रखरखाव के आदेश दिए, लेकिन आज स्मारक के पत्थर काले पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई तो यह है कि बीजेपी ने सही से मेंटिनेंस करवाया होता तो आज पत्थर काले न पड़ते। उन्होंने कहा कि उनके अलावा उनकी यदि प्रतिमा किसी ने लगवाई तो हमने लगवाई।

अखिलेश यादव ने कहा सीजेआई ने बुलडोजर के खिलाफ दूसरे देश में जाकर बोला। हम बुलडोजर संस्कृति के खिलाफ है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिसने सीजेआई पर जूता फेंका वह भी संघी रहा होगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ में कुकरेल नाले पर रिवर फ्रंट बनाने वाली यह पहली सरकार है। प्रदेश में जब समाजवादी सरकार आएगी तो रिवर फ्रंट पर काशीराम की प्रतिमा लगाने का काम करेगी। अखिलेश ने आजम खान के साथ अपनी हालिया मुलाकात पर कहा, 'हमारी उनसे अच्छी मुलाकात हुई और आगे भी ऐसी ही रहेगी। हमारी कोशिश रहेगी कि सहयोग बढ़े और समाज के कमजोर वर्गों की आवाज बुलंद रहे।

### भाजपा की नीतियां केवल सत्ता और संपति के लिए है

अखिलेश ने कहा कि 'भाजपा झूठे मामलों का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना चाहती है और झूठ बोलने में नंबर वन है। एनसीआरबी के डेटा के अनुसार, यूपी में सबसे ज्यादा दलित उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं, महिलाओं की सुरक्षा भी खतरे में है। थानों में भेदभाव और नियुक्तियों में असमानता जारी है। भाजपा की नीतियां केवल सत्ता और संपति के लिए हैं। उन्होंने बरेली में हुई हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार हमें वहां जाने ही देना चाहती। न सिर्फ डेलिगेशन, बल्कि मुझे भी वहां नहीं जाने दे रहे थे। हमारे ऑफिस के साथी, कर्मचारी जानते हैं कि सरकार चाहती थी कि मैं बरेली में न उतरूं, सड़क मार्ग से न जाऊं। सरकार मुझे रामपुर ही नहीं जाने देना चाहती थी। बरेली के राजनीतिक लोग ये जानते हैं। बहुत झगड़े के बाद, अपनी बात मनवाने के लिए या यू कहें कि उनकी बात मानने के लिए, लंबी बातचीत हुई। तब जाकर मैं रामपुर जा पाया। अखिलेश ने कहा कि बरेली हिंसा प्रशासन की नाकामी थी। जानबूझकर ऐसा कराया गया ताकि भाजपा को राजनीतिक लाभ मिले। उन्होंने कहा कि पुलिस वहां क्या कर रही थी। जब ज्ञापन देने का एलान हुआ था तो इस तरह की स्थिति क्यों पैदा की गई। उन्होंने कहा कि यह सब पोलिटिकल लाभ लेने के लिए कराया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कानपुर के अखिलेश दुबे की घटना को दबाने के लिए यह सब किया गया। एक लेखपाल ने 100 करोड़ रुपये कमाए, सोचिए बाकी अधिकारी कितने कमाए होंगे। उन्होंने कहा कि कटेहरी विधानसभा जिताने के लिए डीएम को बरेली जैसे बड़े जिले में तैनात किया गया। बरेली में बुलडोजर गरीब, मुसलमान और सपा नेताओं पर चला, सत्ता पक्ष के अन्य लोगों पर नहीं।

## आज से सफेद बारादरी में लगेगा हस्तशिल्प उत्पादों का मेला राज्यपाल करेंगी उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ग्रामश्री संस्था की शाखा 'क्राफ्टरूट्स' की ओर से 10 अक्टूबर से सफेद बारादरी में हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के करकमलों द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी 14 अक्टूबर तक चलेगी और प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में ग्रामश्री संस्था की प्रमुख अनारा पटेल ने जानकारी दी कि 'क्राफ्टरूट्स' 2008 से भारत की पारंपरिक और सांस्कृतिक कलाओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ कई पीढ़ियों से हस्तकलाओं को संजोए कारीगरों को विश्व स्तर पर मंच प्रदान कर रही है। संस्था का उद्देश्य लोगों में हस्तकला के प्रति जागरूकता बढ़ाना और देश की लोक कलाओं को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है।

## सपा ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद शिक्षक और स्नातक चुनाव में उतारे प्रत्याशी

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद शिक्षक की 2 और विधान परिषद स्नातक चुनाव में 3 प्रत्याशी समेत कुल 5 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर गुरुवार को जारी पार्टी प्रत्याशी की सूची में विधान परिषद शिक्षक चुनाव में वाराणसी मिर्जापुर खंड से लाल बिहारी यादव और गोरखपुर फैजाबाद खंड से कमलेश सपा के प्रत्याशी बनाया है। वहीं विधान परिषद स्नातक चुनाव में इलाहाबाद झांसी खंड से डॉ. मान सिंह, वाराणसी मीरजापुर खंड से आशुतोष सिन्हा और लखनऊ खंड से कांति सिंह को प्रत्याशी बनाया है।

# अखिलेश ने मुख्यमंत्री रहते हमेशा किया दलितों का अपमान : असीम अरुण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने मान्यवर कांशीराम जी के नाम पर बने जिलों, मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों से उनका नाम काटने का काम किया। लखनऊ के भाषा विश्वविद्यालय और सहारनपुर के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब उनके पास गलती से मुख्यमंत्री की कलम आई थी, तब भी उन्होंने केवल अपमान करने का काम किया। मंत्री ने अखिलेश यादव से सवाल किया कि



उन्हें आज क्यों बाबा साहब और मान्यवर कांशीराम की याद आ रही है, जबकि उन्होंने पूर्व में उनके अपमान में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता इस छल-कपट को समझ चुकी है और समाज के सशक्त निर्माण के लिए आज वास्तविक काम ही महत्व रखता है।

# बिहार चुनाव में दलितों को भटकाने के लिए भाजपा की फंडिंग से हुई मायावती की रैली : अजय राय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती पर निशाना साधते हुए कहा है कि बहनजी ने हमेशा दलितों को ठगने का काम किया है। श्री राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि मायावती की रैली बिहार चुनाव में दलित वोट बाटने के लिए भाजपा की फंडिंग से की गई है। लखनऊ में आयोजित बसपा की रैली में मायावती द्वारा दिए गए बयान को लेकर श्री राय ने यूनिवार्ता से कहा कि संविधान की रक्षा हमेशा कांग्रेस ने की है। मायावती दलितों की केवल झूठी



नेता बनती हैं उन्होंने दलितों को ठगने का काम किया। वह दलित, मुस्लिम विरोधी हैं। प्रदेश अध्यक्ष राय ने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने संविधान की रक्षा के लिए संसद से लेकर सड़क तक आवाज उठाई है। कांग्रेस ने संविधान को लेकर जितना काम किया उतना किसी ने नहीं किया।

उन्होंने कहा कि, अभी कुछ दिन पहले ही उत्तर प्रदेश में एक दलित युवक को पीटा गया। योगी बाबा के चेलों और समर्थकों ने मिलकर युवक को घंटों पीटा। और अंत में उसकी मौत हो गई। आज मायावती ऐसी सरकार की बड़ाई कर रही हैं।मायावती को शर्म आनी चाहिए कि दलित समाज के एक युवक को मार दिया गया और वो चुप रहीं। मायावती की रैली में आई भीड़ को लेकर श्री राय ने कहा कि यह भीड़ सरकार के सहयोग से प्रायोजित तरीके से फंडिंग की गई है। इस रैली को बीजेपी ने फंडिंग की है। खासतौर से यह रैली बिहार के लिए हो रही है। यह रैली उत्तर प्रदेश के लिए नहीं हो रही है।

# सरकारी योजनाओं में लोन मंजूरी में ढिलाई बर्दाश्त नहीं : डीएम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने और सरकार की ऋण योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचाने के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में बैंकर्स की अहम बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को सख्त निर्देश दिए कि वे शासकीय योजनाओं में ऋण स्वीकृत करने की प्रक्रिया में तेजी लाएं और सीडी रेशियो (क्रेडिट-डेपॉजिट अनुपात) में सुधार लाने पर विशेष फोकस करें। उन्होंने साफ कहा अब ढिलाई नहीं चलेगी, सरकार की मंशा के अनुरूप तेजी से काम करें।

लखनऊ की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने और सरकार की ऋण योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचाने के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता



में बैंकर्स की अहम बैठक हुई। बैठक की शुरुआत में जिलाधिकारी ने कहा जनपद लखनऊ की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में बैंकर्स की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने कहा सभी बैंकर्स को चाहिए कि वे सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण स्वीकृत करें। इससे न केवल रोजगार सृजन बढ़ेगा बल्कि जनपद की आर्थिक गति भी तेज होगी। बैठक में समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि जनपद का सीडी रेशियो पिछले तिमाही में मात्र 45.24 प्रतिशत रहा। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि कई बैंक शाखाओं का रेशियो बेहद कम है। डीएम ने निर्देश दिया कि जिन शाखाओं का प्रदर्शन कमजोर है, उनके रीजनल मैनेजर से आख्या प्राप्त की जाए कि सीडी रेशियो में सुधार के लिए उन्होंने अब तक क्या प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि यह सूचकांक जनपद की आर्थिक स्थिति का आईना है, इसलिए इसमें सुधार हर हाल में जरूरी है। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने पाया कि कई बैंकों में लंबित प्रकरणों का निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने तत्काल सभी बैंकर्स को निर्देश दिया कि लंबित प्रकरणों पर शीघ्र निर्णय लेकर पात्र युवाओं को ऋण उपलब्ध कराया जाए।

### योजनाओं का लाभ तभी संभव है जब बैंकर्स सक्रियता दिखाएं, न कि फाइलों को दबाकर रखें

डीएम ने कहा कि सरकार की इन महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ तभी संभव है जब बैंकर्स सक्रियता दिखाएं, न कि फाइलों को दबाकर रखें। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कोटक महिंद्रा बैंक पर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि इस बैंक में उद्योग विभाग द्वारा भेजी गई ऋण पत्रावलियां चार माह से लंबित हैं। इस पर उन्होंने कहा कि यदि बैंक ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो शासकीय योजनाओं में रुचि न लेने के मामले में कोटक महिंद्रा बैंक के विरुद्ध प्रस्ताव एसएलबीसी (राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति) को भेजा जाएगा। साथ ही जिन बैंकों में प्रकरण सबसे अधिक लंबित हैं, उनके शाखा प्रबंधकों व रीजनल मैनेजरों की पृथक बैठक आयोजित की जाएगी।

# रिटायर्ड उपनिरीक्षक से पांच लाख की ठगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी में साइबर जालसाजों ने सीबीसीआईडी के एक रिटायर्ड उपनिरीक्षक के बैंक खाते से करीब 5 लाख रुपए की ठगी कर ली। यह घटना सांस की दवा खरीदने के बहाने हुई। पीड़ित ने साइबर सेल और बिजनौर थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बिजनौर थाना क्षेत्र के पुष्पेंद्र नगर निवासी सीबीसीआईडी से सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक सच्चिदानंद मिश्र ने बताया कि 25 सितंबर को उन्होंने गूगल पर बैद्यनाथ नैनी की वेबसाइट से सांस की दवा लेने के लिए संपर्क किया था। वेबसाइट पर दिए गए मोबाइल नंबर पर बात करने पर आरोपी ने रजिस्ट्रेशन के नाम पर उनसे खाता नंबर और एटीएम के अंतिम तीन अंक मांगे। इसके बाद ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया। अगले दिन सच्चिदानंद मिश्र के बेटे को खाते से संदिग्ध ट्रांजैक्शन के मैसेज दिखाई दिए। उन्होंने तुरंत एसबीआई साउथ सिटी शाखा पहुंचकर बैंक मैनेजर को इसकी जानकारी दी। शुरुआती जांच में पता चला कि खाते से कोई पैसा नहीं निकला है और खाता बंद कर दिया गया है। कुछ दिनों बाद जब खाता दोबारा चालू कराया गया, तो पुष्टि हुई कि एक ही व्यक्ति के नाम पर 42 बार ट्रांजैक्शन करके कुल 4 लाख 92 हजार 500 रुपए निकाले जा चुके थे। इस धोखाधड़ी का पता चलने पर पीड़ित ने तत्काल साइबर क्राइम सेल हजरतगंज और बैंक में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के समय बैंक और साइबर सेल ने गंभीरता नहीं दिखाई, जिससे जालसाजों को समय मिल गया। फिलहाल, बिजनौर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और साइबर सेल की मदद से जालसाज का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# नौ विश्वविद्यालयों व वियतनाम के बीच हुआ एमओयू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा अब वैश्विक मंच पर और मजबूत कदम बढ़ाने जा रही है। गुरुवार को प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश के नौ विश्वविद्यालयों और वियतनाम की दो प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों यूनिवर्सिटी ऑफ इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंस (यूईएफ) तथा ह्यूटेक यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, हो ची मिन्ह सिटी के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस ऐतिहासिक समारोह में वियतनामी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों और प्रदेश के कुलपतियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान वियतनाम के दोनों विश्वविद्यालयों की विशेषताओं पर आधारित वीडियो फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

संस्थानों में आईआईटी कानपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज तथा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ शामिल है।

एमओयू के तहत विश्वविद्यालयों में फैकल्टी व छात्र विनिमय कार्यक्रम (एक्सचेंज प्रोग्राम), संयुक्त शोध कार्य, डुअल व जॉइंट डिग्री प्रोग्राम, अकादमिक सामग्री प्रकाशन, सेमिनार व कार्यशालाओं में सहभागिता, तथा शॉर्ट टर्म शैक्षणिक कार्यक्रमों में सहयोग जैसे प्रावधान किए गए हैं।

राज्यपाल ने इस अवसर को शिक्षा को स्थानीयता से वैश्विकता की ओर ले जाने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह एमओयू भारत-वियतनाम मैत्री संबंधों को मजबूत करेगा और विद्यार्थियों, शिक्षकों व शोधकर्ताओं के लिए वैश्विक अवसरों के नए द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय अब राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी अपनी सशक्त पहचान बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 17 विश्वविद्यालयों को नैक से ए डबल प्लस, ए प्लस एवं ए रैंकिंग मिली है। 6 विश्वविद्यालयों को क्यूएस एशिया रैंकिंग में स्थान मिला है और 5 विश्वविद्यालयों को यूजीसी द्वारा श्रेणी-1 का दर्जा प्राप्त हुआ है।

**तैयारी**

## अयोध्या एक बार फिर रौशनी के महासागर में नहाने को तैयार

# विदेशी मेहमानों संग जगमगाएगी रामनगरी, भेजा गया निमंत्रण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

अयोध्या एक बार फिर रौशनी के महासागर में नहाने को तैयार है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि दीपोत्सव-2025 के दौरान एक बार फिर जगमगाएगी। इस भव्य आयोजन में देश-विदेश के विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दीपोत्सव का यह पर्व भारत की पौराणिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बनेगा। उन्होंने केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, देश के कई राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, पर्यटन मंत्रियों तथा हिन्दू बाहुल्य देशों के प्रतिनिधियों को अयोध्या आने का आमंत्रण भेजा गया है।

उन्होने बताया कि नेपाल, मॉरीशस, फीजी, गुयाना, श्रीलंका, थाईलैंड, कंबोडिया, भूटान, इंडोनेशिया, म्यांमार, सूरीनाम, ट्रिनिडाड एंड टोबैगो जैसे हिन्दू बाहुल्य देशों के प्रतिनिधि दीपोत्सव के साक्षी बनेंगे। इसके अलावा आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गोवा, केरल, उत्तराखंड, बिहार, पंजाब, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, असम, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, मेघालय, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार जैसे



राज्यों के मंत्री और प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है।

जयवीर सिंह ने बताया कि सभी आमंत्रित राज्यों के लिए विशेष स्टॉल क्षेत्र बनाया गया है, जहां वे अपनी कला, संस्कृति और उत्पादों का प्रदर्शन कर सकेंगे। यह अवसर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को साकार करेगा और राज्यों के बीच आपसी सहयोग को मजबूत बनाएगा।

उन्होंने बताया कि अयोध्या में 17 अक्टूबर से शुरू होने वाले पांच दिवसीय दीपोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, रामलीला, पारंपरिक झांकियां, शोभायात्रा और प्रदर्शनी का आयोजन होगा। मुख्य कार्यक्रम 19 अक्टूबर को होगा, जब 26 लाख दीपों से पूरी रामनगरी आलोकित होगी। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह आस्था और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुनर्जागरण है।

उन्होंने कहा, यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में न सिर्फ देश, बल्कि पूरी दुनिया को भारत की सांस्कृतिक चेतना का संदेश देगा।

# एसडीएम सदर के आदेशों को ठेंगा दिखा रही मोतीगंज पुलिस

**मोतीगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

ग्राम समाज व आबादी की विवादित जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करने के दो मामलों में उपजिलाधिकारी सदर द्वारा दिए गए आदेश को मोतीगंज पुलिस ठेंगा दिखा रही है। दोनों मामलों में आठ व नौ अक्टूबर को किए गए अवैध निर्माण व कब्जा न होने देने तथा मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने का फरमान हवाई साबित हो रहा है और पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं, जबकि दबंग पुलिस की शिथिलता के चलते जमीन पर बेखौफ होकर कब्जा कर रहे हैं।

मोतीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डड़हवा दसौतिया के खुटेहना गांव के रहने वाले अमृतलाल मिश्र ने 08 अक्टूबर को एसडीएम गोण्डा सदर को प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें कहा कि उसके कब्जे की आबादी की जमीन पर गलत तरीके से दबंगई के बल पर निर्माण कराकर कब्जा किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में तत्काल अवैध निर्माण कार्य रोका जाना आवश्यक है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने नायब तहसीलदार गोण्डा सदर व प्रभारी निरीक्षक थाना मोतीगंज को आदेशित किया कि उक्त प्रकरण की जांच कर लें। यदि अवैध निर्माण हो रहा हो तो ऐसा न होने पाए। मौके पर शांति व्यवस्था कायम रखें।

कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अविलंब अवगत कराएं। इस मामले में नायब तहसीलदार द्वारा बताया गया कि वह जिले से बाहर हैं, जबकि मोतीगंज थाना प्रभारी



निरीक्षक ने कार्रवाई करने से हाथ खड़ा कर दिया। कहा कि बिना नायब तहसीलदार के वह इस मामले में कुछ नहीं कर सकते हैं।

इस बीच पुलिस की शिथिलता का लाभ उठाते हुए विपक्षी आबादी की जमीन पर निर्माण कर कब्जा करता रहा और शिकायतकर्ता निर्माण कार्य रोकवाने के लिए मोतीगंज थाना व कहोबा चौकी पुलिस तथा नायब तहसीलदार की मनुहार करता रहा। वहीं दूसरी तरफ, मोतीगंज थाना क्षेत्र के ही गौरवा कानूनगो की रहने वाली संवारी देवी पत्नी सीताराम ने 09 अक्टूबर को एसडीएम गोण्डा सदर को प्रार्थना पत्र दिया जिसमें कहा कि उसकी क्रयशुदा आराजी रकबा भूमि गाटा संख्या 241/0.061 स्थित ग्राम गौरवा कानूनगो पर विपक्षी बलराम, नरेंद्र व ननके अवैध कब्जा कर रहे हैं। मांग की कि विपक्षीगणों का अवैध कब्जा रोकते हुए खलिहान, बंजर भूमि नवीन परती 243 की पैमाइश राजस्व टीम एवं पुलिस बल की उपस्थिति में कराया जाए। इस मामले को भी गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी सदर ने राजस्व निरीक्षक व एसएचओ थाना मोतीगंज को आदेशित किया कि ग्राम समाज की भूमि पर अवैध अतिक्रमण व अवैध निर्माण न होने पाए। शांति व्यवस्था बनी रहे।

इस प्रकरण में भी राजस्व निरीक्षक और मोतीगंज पुलिस का रवैया नकारात्मक रहा। पुलिस ने राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी की मौजूदगी के बिना अवैध निर्माण कार्य अथवा अवैध कब्जा रोकवाने को हाथ खड़े कर दिए।

ऐसे में उपजिलाधिकारी सदर का आदेश न सिर्फ हवाई साबित हो रहा है, बल्कि पीड़ितों, शिकायतकर्ताओं का भरोसा भी उठ रहा है। दोनों प्रकरणों के शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जब एसडीएम के आदेश का कोई मायने ही नहीं है तो उनसे फरियाद करना बेमानी ही है।

# मिशन शक्ति पर सवाल, शौच गई महिला की मौत

**दुर्घटना मानकर मामले को रफा-दफा करने में जुटी पुलिस**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

एक ओर प्रदेश में मिशन शक्ति-पांच के तहत महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन को लेकर चौपालें लगाई जा रही हैं, वहीं गोंडा जिले के कर्नलगंज नगर पालिका क्षेत्र की हकीकत सरकार के दावों को सवालों के घेरे में खड़ा कर रही है। वार्ड संख्या 22 के बजरंगनगर स्थित नचनी पुरवा की 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला राम पियारी की पांच अक्टूबर की सुबह शौच के लिए बाहर जाते समय सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन इसे हत्या बता रहे हैं, जबकि



पुलिस इसे दुर्घटना मानकर मामले को रफा-दफा करने में जुटी है। गांव की महिलाएं बताती हैं कि वे आज भी खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। सुबह चार बजे अंधेरे में निकलती हैं ताकि उजाला होने से पहले लौट आएं - क्योंकि इलाके में न तो घरेलू शौचालय हैं और न ही कोई सामुदायिक व्यवस्था। मिशन शक्ति के दौर में यह घटना न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती है, बल्कि स्वच्छ भारत मिशन की विफलता को भी उजागर करती है। सवाल उठता है कि जब महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा की बात हर मंच पर की जा रही है, तो गोंडा की इन महिलाओं तक वो सुरक्षा का धागा अब तक क्यों नहीं पहुंच पाया।

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को किया सम्मानित





**चौपाल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करना**

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

विकास खण्ड मुजेहना ग्राम पंचायत दुल्हापुर बनकट में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया, इस चौपाल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक द्वारा की गई, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन की प्रमुख उपस्थिति रही। इनके साथ-साथ जिले के अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा पंचायत राज विभाग के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ने महिलाओं एवं बालिकाओं को संबोधित करते हुए उन्हें आत्मरक्षा, अधिकारों एवं कानूनी सहायता के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शासन-प्रशासन महिलाओं के साथ है और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

इस चौपाल में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मिशन शक्ति 5.0 की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक अभियान नहीं बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब उसकी महिलाएं शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर हों। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, उप जिलाधिकारी सदर गोंडा अशोक कुमार गुप्ता, तहसीलदार सदर गोंडा मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला प्रोवेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय उपाध्याय, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, खण्ड विकास अधिकारी मुजेहना सत्य प्रकाश पाण्डेय सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हलधरमऊ में पशु चिकित्सा सेवा वेंटिलेटर पर, पशुपालक परेशान



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

यूपी के गोंडा जनपद अंतर्गत कर्नलगंज स्थानीय तहसील के अन्तर्गत हलधरमऊ विकास खंड क्षेत्र के पशु चिकित्सा सेवाएं गंभीर संकट से जूझ रही हैं। क्षेत्र के दो पशु अस्पताल और चार पशु सेवा केंद्रों में डॉक्टरों और कर्मचारियों की भारी कमी के कारण पशुपालकों को अपने बीमार पशुओं के इलाज के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले पांच सालों से दो पशु सेवा केंद्र बंद पड़े हैं, जिससे क्षेत्र की पशु चिकित्सा व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। हलधरमऊ ब्लॉक के पशु अस्पताल में डॉक्टर अच्छेलाल वर्मा के नवंबर 2023 में सिद्धार्थनगर तबादले के बाद से कोई नियमित डॉक्टर नहीं है।

**पशु अस्पताल की हालत जर्जर:** इस अस्पताल का चार्ज भभुआ पशु अस्पताल के डॉक्टर अनिल कुमार कटियार देख रहे हैं, जबकि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बृजनाथ पाण्डेय अकेले बीमार पशुओं का इलाज कर रहे हैं।

दूसरी ओर, बालपुर पशु अस्पताल का भवन जर्जर हो चुका है। बरसात में छत से पानी टपकता है, और कर्मचारी बाल्टियों में पानी इकट्ठा करने को मजबूर हैं। यहां डॉक्टर विनोद कुमार पाण्डेय के जुलाई 2022 में तबादले के बाद से कोई नियमित डॉक्टर नहीं है। केवल फार्मासिस्ट पंकज चौधरी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मोहम्मद इसरार कार्यरत हैं।

यह अस्पताल हलधरमऊ, कटरा बाजार, परसपुर और झंझरी क्षेत्रों के पशुपालकों की जरूरतें पूरा करता है।क्षेत्र के चार पशु सेवा केंद्रों बरांव, नहवा परसौरा, मैजापुर और भुलभुलिया में भी स्थिति दयनीय है। नहवा परसौरा और मैजापुर केंद्र पिछले पांच साल से बंद हैं। नहवा परसौरा केंद्र के खिड़की-दरवाजे सड़ चुके हैं, और मैजापुर का भवन जर्जर होकर झाड़ियों से घिर गया है। भुलभुलिया केंद्र ड्रेसर शरद श्रीवास्तव के भरोसे चल रहा है, जबकि बरांव केंद्र का कार्यभार कटरा बाजार की पशुधन प्रसार अधिकारी सावित्री सिंह संभाल रही हैं।

**पशुधन प्रसार अधिकारियों और फार्मासिस्टों की कमी**

डॉ. अनिल कटियार के अनुसार, विभाग में डॉक्टरों, पशुधन प्रसार अधिकारियों और फार्मासिस्टों की भारी कमी है। जिले में तीन दर्जन से अधिक पशु अस्पतालों के मुकाबले केवल डेढ़ दर्जन डॉक्टर हैं, जिससे पशु चिकित्सा सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हैं। पशुपालकों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं, और विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग उठ रही है।

## खबरें एक नजर में

### आरएसएस का सौ वर्ष पूरा होने पर कुष्ठ सेवा केंद्र में लगा शिविर

**झझरी /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जानकी नगर बस्ती शाखा ने सह प्रांत प्रचारक संजय जी की देख रेख में कुष्ठ सेवा केंद्र जानकी नगर में विजया दशमी उत्सव का शिविर लगाया गया। जिसमें शह प्रांत प्रचारण संजय ने बताया कि विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य को लेकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिस में हिन्दू समाज के पुरुषों शक्ति को जागरण विजया दशमी के पावन पर्व पर होता है। इस दौरान अनिल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### छात्रा फातिमा बानो बनीं एक दिन की बीडीओ



**बहराइच। समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत कैसरगंज विकासखंड मुख्यालय पर एक अनूठी पहल की गई। कंपोजिट विद्यालय ऐनी हातिनसी की छात्रा फातिमा बानो को एक दिन के लिए खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) बनाया गया। उन्होंने बीडीओ की कुर्सी पर बैठकर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की समीक्षा की और जन शिकायतें सुनीं। फातिमा बानो ने मौके पर ही संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया। उन्होंने अधिकारियों को जन समस्याओं पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इसी क्रम में, कंपोजिट विद्यालय की एक अन्य छात्रा इफरा बेगम ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) की कुर्सी संभाली। उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल से प्राप्त एक शिकायत का तत्काल निस्तारण किया और संबंधित कर्मचारी को भविष्य में भी शिकायतों का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी सचिन भारतीय ने इस पहल के बारे में बताया कि यह सरकार की मंशा है कि महिलाएं बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बिना किसी रुकावट के प्रशासनिक क्षेत्र में आना चाहिए, ताकि समाज की अन्य महिलाएं भी अपनी बात कहने में संकोच न करें। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सचिन भारतीय, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बृजेश सिंह, मतलूब बाबू, ज्ञानेंद्र बाबू, अजय सिंह, रवि सिंह पवार, रितेश जायसवाल, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, आनंद मौर्य, राम कैलाश सहित छात्राएं रिदा, फातिमा, आयशा खातून और शिक्षक आनंद मणि त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मिहींपुरवा विकासखंड सभागार में हुई धन्यवाद बैठक



**मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मिहींपुरवा विकास खण्ड के ब्लाक सभागार में जीएसटी में किए गए व्यापक बदलावों को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख मिहींपुरवा अभिषेक कुमार वर्मा ने की । बैठक में ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य एवं आम नागरिकों को जीएसटी एवं आम नागरिकों को जीएसटी बदलाव के बारे में बताया गया। केंद्र व राज्य सरकार की इस पहल को जनहितकारी बताते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सरकार का आभार जताया । इस अवसर पर भाजपा नेता योगेश प्रताप सिंह उर्फ बैजू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नेतृत्व वाली सरकार गरीब व आमजन की सुविधाओं के लिए काम कर रही है। 2014 में प्रधानमंत्री ने गरीबों के हित में कार्य करने की सौगंध खाई थी वह आज पूरी होती दिखाई दे रही है । ब्लाक प्रमुख अभिषेक कुमार वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कमी का निर्णय देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा । इस दौरान प्रशासनिक पक्ष रखते हुए खंड विकास अधिकारी मिहींपुरवा विनोद कुमार यादव ने कहा कि सरकार की यह पहल ग्रामीण विकास और आर्थिक सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है । ब्लाक प्रशासन जीएसटी से जुड़े लाभों की जानकारी व्यापारियों और ग्रामीण उद्यमियों तक पहुँचाने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाएगा।

# मैजापुर में अन्नदाता किसान सम्मान समारोह आयोजित

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

गोण्डा बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड, इकाई मैजापुर के पद्मश्री स्व. मिनाक्षी सरावगी सामुदायिक भवन में आज अन्नदाता किसान सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता गोंडा की जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने की। कार्यक्रम में लगभग 200 गन्ना किसानों ने भाग लिया, जिन्हें उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें जिला गन्ना अधिकारी सुनील सिंह, उपजिलाधिकारी करनैलगंज नेहा मिश्रा, उप निदेशक (कृषि) प्रेमपाल ठाकुर, तहसीलदार करनैलगंज रामप्रताप पांडेय, मुख्य अग्निशमन



अधिकारी देवीपाटन मंडल रविकांत मिश्रा, क्षेत्राधिकारी पुलिस करनैलगंज राजेश सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी कटराबाजार राजेश सिंह, वरिष्ठ गन्ना विकास अधिकारी मैजापुर सुनील कुमार शुक्ला, और सचिव मैजापुर डॉ. राममिलन प्रजापति शामिल थे। जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने उपस्थित किसानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विशेष रूप से महिला किसानों द्वारा जैविक खेती के माध्यम से अधिक पैदावार प्राप्त करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मैजापुर चीनी मिल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता के अनुरूप किसानों की आय दोगुनी करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि और आत्मनिर्भरता के लिए सरकार और प्रशासन प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मैजापुर चीनी मिल के अन्य अधिकारियों, श्री अनिल सिंह राठौर, श्री पी.के. प्रभात, संजय मिश्रा, राजेश सरोहा, और बालेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे।

समारोह में उपस्थित किसानों ने इस आयोजन को प्रेरणादायी बताया और चीनी मिल के सहयोगात्मक रवैये की सराहना की। यह समारोह न केवल किसानों के सम्मान का अवसर था, बल्कि उनकी मेहनत और समर्पण को प्रोत्साहित करने का एक मंच भी साबित हुआ।

# प्रधान प्रतिनिधि के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

**खा गये 100 स्ट्रीट लाइटों का पैसा**

कोतवाली देहात में ठेकेदार दिनेंद्र प्रताप सिंह पुत्र विक्रम सिंह निवासी बनकटी अर्जुन सिंह मौजा मेघना ने तहरीर दिया कि वह स्ट्रीट लाइट लगाने का काम करता है। विकास खंड तरब गंज के जगदीशपुर के ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि ननकऊ यादव पुत्र राम फेर ने स्ट्रीट लाइट लगाने का काम दिया था। ग्राम में 100 स्ट्रीट लाइट लगाई थी। एक स्ट्रीट लाइट की कीमत 3850 रुपए है। कुल तीन लाख 85 हजार रूपये हुए थे। जिनमें से उसको कुल 80 हजार रुपए मिले थे। बाकी पैसा बाद में देने को कहा गया था। दो लाख 60 हजार का चेक दिया गया था। जिसका भुगतान नहीं हो पाया था। इसी को लेकर बीते 25 जनवरी को कोतवाली में तहरीर दिया था। प्रधान प्रतिनिधि ने पैसा देने को कहा था। इसी पर सुलह समझौता हो गया था। इस के बाद भी पैसा नहीं दिया गया । पूर्व सचिव अंकिता वर्मा ने कुछ 45 हजार रुपए नगद का भुगतान किया था। बाद में उनका स्थानांतरण हो गया।उनके जगह पर अमित मिश्रा आ गए। उन्हों ने पैसे का भुगतान दूसरे जगह कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर प्रधान प्रतिनिधि ननकऊ यादव के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# थानाध्यक्ष बोले, “अब हर बेटी बेखौफ़”



**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के वीर इंटर कॉलेज धनुही में गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस टीम ने छात्राओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने जोश भरे अंदाज़ में कहा, अब हर बेटी बेखौफ़ है, पुलिस उनकी ताकत है। उन्होंने छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव, एंटी रोमियो स्क्वाड की भूमिका, और महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर (1090, 112, 181) की विस्तृत जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया पर सतर्क रहना आज की सबसे बड़ी सुरक्षा है, और बेटियों को अपने अधिकारों की पूरी जानकारी रखनी चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक नरसिंह, उपनिरीक्षक तनवीर अहमद, चौकी प्रभारी यतींद्र सिंह, उपनिरीक्षक रूबाब अली, महिला आरक्षी सीमा अग्रहरि, आरक्षी योगेंद्र पाल, जितेंद्र प्रजापति, मनोज यादव, विशाल वर्मा, और प्रवेश यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम में छात्राओं ने आत्मरक्षा, सोशल मीडिया और कानून से जुड़े सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने आत्मीयता से उत्तर दिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार ने पुलिस टीम को सम्मानित किया और कहा कि राजकुमार पांडेय जैसे अधिकारी मिशन शक्ति की सच्ची पहचान हैं, जो बेटियों में आत्मविश्वास और सुरक्षा की नई चेतना जगा रहे हैं।

# मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन गृह विज्ञान विभाग अध्यक्ष सुबी खान द्वारा कराया गया। जिसमें बीए प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने प्रतिभा किया।

जिसमें छात्रा पप्पी चौधरी महिमा सिंह, काजल चौधरी, नूर सब तरन्नुम, ममता पाल , राधा देवी , नेहा भारती खुशबू वर्मा सुमन देवी रजिया नैन्सी गुलशन जहां राधिका कशिश गुप्ता सुबी शिफा बेगम गुंजा आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दिव्य दर्शन तिवारी ने सभी छात्राओं



को आशीर्वाद दिया और सभी को मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए सर्टिफिकेट देने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में सुभाष श्रीवास्तव , प्रो दया राम यादव,डॉ मुकेश श्रीवास्तव, डॉ आशुतोष त्रिपाठी, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, डेविड कुमार पाण्डेय, शिवम टंडन, रवीन्द्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** शासन के निर्देशानुसार राजकीय मेडिकल कॉलेज, बहराइच के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में फ़कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सशक्त बेटियाँ, सशक्त बहराइच के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा। इस अवसर पर नवजात बालिकाओं के सम्मान में केक काटा गया तथा विभाग में जन्मी 19 कन्याओं को उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत कुल 2210 रोगियों की ओपीडी संपन्न हुई, जिनमें 1006 पुरुष एवं 1204 महिलाएँ शामिल रहीं। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मेडिकल कॉलेज बहराइच, जिला प्रोबेशन अधिकारी बहराइच, संकाय सदस्यगण, अन्य चिकित्सक, डीएचआईओ बहराइच, मीडिया प्रभारी, हॉस्पिटल मैनेजर, नर्सिंग अधीक्षिका तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### छात्रा मानसी मौर्या ने डीएम बनकर सुनीं फरियाद



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** महिला कल्याण एंव बाल विकास विभाग के तत्वावधान में ''मिशन शक्ति'' विशेष अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत (बालिकाओं तथा महिलाओं द्वारा सांकेतिक भूमिका निर्वहन कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट) के तहत बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इण्टर कालेज की मेधावी छात्रा मानसी मौर्या ने कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की मौजूदगी में जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठक कर आये हुए फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की। जबकि विकास भवन में बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्रा आस्था सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की मौजूदगी में सीडीओ की कुर्सी पर बैठ कर मुख्य विकास अधिकारी के साथ पत्रावलियों का अवलोकन जिले के विकास पर चर्चा की।

# नानपारा तहसील आईजीआरएस निस्तारण में जिले में प्रथम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले की नानपारा तहसील ने आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) के निस्तारण में लगातार दो माह से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि एसडीएम मोनालिसा जौहरी के प्रयासों से हासिल हुई है। एसडीएम मोनालिसा जौहरी अपनी निष्पक्ष और त्वरित कार्यशैली के लिए जानी जाती हैं। उनके नेतृत्व में तहसील ने जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिससे जिले में नानपारा तहसील अव्वल रही है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जन शिकायतों के समाधान को लेकर गंभीर हैं। उनके द्वारा लगातार यह निर्देश दिए जाते रहे हैं कि शिकायतों का शत-प्रतिशत और



गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में नानपारा तहसील ने इन निर्देशों का प्रभावी ढंग से पालन किया है। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने बताया कि जन शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया गया है, जिससे शिकायतकर्ता भी संतुष्ट हुए हैं। उन्होंने इस सफलता का श्रेय सभी तहसीलकर्मियों और अधिकारियों के सहयोग और परिश्रम को दिया।

### शिव शंकर इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति,नारी सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के मिहींपुरवा तहसील अंतर्गत स्थित अमृतपुर पुरैना के शिव शंकर इंटर कॉलेज कोतवाली मूर्तिहा द्वारा महिला सम्मान, नारी सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे विद्यालय के छात्राओं को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन जैसे 1090 वुमेन पावर लाइन नम्बर, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 महिला हेल्पलाइन, 112 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 आपात कालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा समेत अन्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। इस मौके पर कोतवाली मूर्तिहा से कार्यक्रम का संचालन कोतवाली प्रभारी रामनरेश यादव द्वारा किया गया।

# एसडीएम ने मेहरबान नगर के उच्च प्र.वि में बच्चों से पूछे सवाल

**नानपारा एसडीएम ने किया विद्यालय का निरीक्षण**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

नानपारा की उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने मेहरबान नगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों से हिंदी, अंग्रेजी और गणित के सवाल पूछे और विद्यालय की व्यवस्थाओं का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान, एसडीएम ने सबसे पहले शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति जांची। उन्होंने कक्षाओं में जाकर पढ़ाई के स्तर को परखा। कुछ बच्चों ने सवालों के तुरंत जवाब दिए,



जिसकी एसडीएम ने सराहना की। वहीं, जिन बच्चों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था, उनके शिक्षकों को अतिरिक्त मेहनत कर उनकी पढ़ाई में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने बच्चों की पढ़ाई के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालय केवल एक शिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य की नींव है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को ऐसा मार्गदर्शन देने का आह्वान किया, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। निरीक्षण के दौरान, एसडीएम ने मिड-डे मील की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने स्वयं भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता का आकलन किया और इसे और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए, उन्होंने किचन और ग्राउंड का निरीक्षण किया और सफाई में पाई गई कमियों पर नाराजगी व्यक्त की। एसडीएम ने शिक्षकों से कहा कि वे बच्चों को केवल किताबों तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें सामान्य ज्ञान और करंट अफेयर्स की जानकारी देकर उनका बौद्धिक विकास भी करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज का युग प्रतियोगिता का है, इसलिए बच्चों को बचपन से ही हर क्षेत्र में सक्षम बनाना आवश्यक है। मोनालिसा जौहरी ने शिक्षकों को बच्चों की पढ़ाई और व्यवहार पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल पढ़ाने वाले नहीं, बल्कि बच्चों के पथ प्रदर्शक होते हैं। शिक्षकों का कर्तव्य है कि वे बच्चों को एक सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करें, ताकि उनमें शिक्षा के प्रति रुचि विकसित हो सके।

## खबरें एक नजर में

### किसान ने लगाया फायरिंग का आरोप पुलिस का इंकार

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति ने गांव के ही पिता पुत्र व उनके एक अज्ञात साथी पर जान से मार देने की नियत से फायरिंग करने का आरोप लगाया है। भुक्तभोगी का आरोप है कि आरोपियों ने फोन पर उन्हें व उनके बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी है। मामले में पुलिस ने फायरिंग जैसी घटना से इन्कार करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के नरई गांव निवासी इंद्रपाल सिंह पुत्र उदयराज सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि 7 अक्टूबर की रात्रि करीब सवा नौ बजे गांव के ही आरोपी युवक ने फोन पर उन्हें व उनके पूरे परिवार को एक एक कर जान से मार देने की धमकी दी, यही नहीं जब वह अपने ट्यूबवेल पर लेटा था तो गांव निवासी पिता पुत्र एक अज्ञात व्यक्ति के साथ उसके साथ गाली गलौज करने लगे, भुक्तभोगी का आरोप है कि आरोपियों ने जान से मार देने की नियत से उन पर फायरिंग कर दी, लेकिन छप्पर के नीचे होने से वह बच गए और भागकर घर पहुंचे। जहां से डायल 112 को घटना की सूचना दी। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने फायरिंग की घटना से इन्कार करते हुए कहा कि पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### रंगे हाथ घूस लेते पंचायत सचिव गिरफ्तार

**बिसवां (सीतापुर)।** बिसवां ब्लॉक में तैनात पंचायत सचिव आलोक कुमार गोस्वामी को एंटी करप्शन टीम ने घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। सूत्रों के अनुसार सचिव को एक व्यक्ति से रिश्वत लेते समय पकड़ लिया गया। एंटी करप्शन टीम ने मौके से नकदी बरामद की और सचिव को हिरासत में ले लिया। टीम ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से ब्लॉक परिसर में हड़कंप मच गया है।

### करवा चौथ पर महिलाओं को वितरित किए गए उपहार



**बिसवां (सीतापुर)।** इनर व्हील क्लब बिसवां द्वारा सामाजिक उत्थान की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए करवा चौथ पर्व के अवसर पर साड़ी एवं सुहाग सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 98 महिलाओं को करवाचौथ पर्व के अवसर पर नि:शुल्क साड़ियां और सुहाग का सामान प्रदान किया गया, ताकि वे आत्मसम्मान के साथ त्यौहार मना सकें। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष गुरमीत कौर, तुलसी गुप्ता, शिवानी अग्रवाल, मनीषा सिंह, एकता गुप्ता, निधि सिंघल, ऋचा गुप्ता, गीता गुप्ता, रीतू सिंह सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### मूर्ति विसर्जन के दौरान अबीर फेंकने पर पुरानी रंजिश ने लिया हिंसक रूप



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र जगदीशपुर के अंतर्गत भक्ति और उत्साह के माहौल में अचानक हुसैनगंज कलां गांव में मूर्ति विसर्जन के दौरान अबीर फेंकने पर पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। एक ही समुदाय के दो पक्ष आमने-सामने आ गए, और देखते ही देखते भक्ति का त्योहार खूनी दंगल में तब्दील हो गया। सूत्रों के मुताबिक सुभाष पुत्र बाबूराम, विकास पुत्र बाबूराम, अमन पुत्र रामखेलावन, अरविंद पुत्र रामखेलावन, बाबूराम, वीरेंद्र उर्फ सोनू पुत्र नकछेद और छोटू पुत्र अज्ञात पहले से घात लगाए बैठे थे। जैसे ही रामसुधारे पुत्र राम प्यारे, समर बहादुर पुत्र राम प्यारे और विपिन पुत्र हीरालाल घर से निकले हमलावरों ने कुल्हाड़ी, चाकू और लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले की रफ्तार इतनी तेज़ थी कि गांव में अफरातफरी और चीख-पुकार मच गई। लोगों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को बुलाया, तीनों घायलों को सीएचसी जगदीशपुर भेजा गया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताकर उन्हें जिला अस्पताल गौरीगंज रेफर कर दिया। घायल रामसुधारे के पुत्र लक्ष्मण ने चौंकाने वाला खुलासा किया हमलावर अब भी गांव में खुलेआम घूम रहे हैं, हमें दोबारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। अगर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, तो बड़ी वारदात हो सकती है। जगदीशपुर थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि लक्ष्मण सरोज की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस लगातार दबिश दे रही है और गांव की स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### बेनीपुर में स्थापित हुआ प्रदेश का पहला मल कीचड़ उपचार संयंत्र



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जनपद ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक अभिनव कदम उठाते हुए प्रदेश का पहला एफएसटीपी स्थापित किया है। यह संयंत्र विकास खंड अमेठी की बेनीपुर ग्राम पंचायत में पंचायतीराज विभाग द्वारा वाटरएड संस्था के सहयोग से विकसित किया गया है। नवंबर 2019 में अमेठी जनपद को ओडीएफ घोषित किया गया था, जहां 3.28 लाख परिवारों ने शौचालयों का उपयोग प्रारंभ किया। ओडीएफ के बाद नई चुनौती सामने आई ग्राम क्षेत्रों में सेप्टिक टैंक की सफाई के उपरांत निकलने वाले मल कीचड़ के सुरक्षित निस्तारण की। इस समस्या को दूर करने हेतु बेनीपुर ग्राम पंचायत ने 3 केएलडी क्षमता वाला पूर्णत: इको-फ्रेंडली संयंत्र स्थापित किया, जिससे अब मल कीचड़ का वैज्ञानिक उपचार किया जा रहा है। संयंत्र की प्रमुख तकनीकी विशेषताएँ- प्रारंभिक स्तर पर ठोस अपशिष्ट हटाने हेतु। कीचड़ स्थिरीकरण एवं डाइजेशन की प्रक्रिया। कैना पौधों के माध्यम से कीचड़ सुखाने व दुर्गंध नियंत्रण हेतु। जल से हानिकारक जीवाणु हटाकर बीओडी स्तर को 50 से नीचे लाने में सहायक। एवं उपचारित जल का सिंचाई में उपयोग तथा सुखाए कीचड़ का जैविक खाद के रूप में प्रयोग। इस पहल से पर्यावरणीय प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी आई है। पेयजल स्रोत सुरक्षित हुए हैं और ग्राम पंचायत में स्वच्छता के साथ-साथ सतत विकास की दिशा में नई ऊर्जा आई है। उपचारित जल का उपयोग बागवानी एवं कृषि कार्यों में किया जा रहा है, जबकि सूखे कीचड़ से जैविक खाद तैयार की जाती है।

### बोलेरो की टक्कर से बाइकसवार युवक की मौत



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** इन्हौना थाना क्षेत्र के पूरे अलादीन गांव के पास एक बोलेरो की टक्कर से दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की उपचार के दौरान मौत हो गई। कमरौली थाना क्षेत्र के बनभारिया गांव निवासी शिव बहादुर ने बताया कि उनका बेटा राजकुमार अपने दोस्त श्रीकांत के साथ बाइक संख्या UP36V1664 से रस्तामऊ गया था। शाम को वापस लौटते समय अलादीन का पुरवा के पास पीछे से बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी,जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लोधवरिया के रेफरल अस्पताल से ट्रामा सेंटर, लखनऊ ले जाया जा रहा था। रास्ते में राजकुमार की मौत हो गई। इन्हौना थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

### राज्यमंत्री आज करेंगे स्वदेशी मेले का शुभारंभ

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ-शिशु कल्याण विभाग के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह का जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज 10 अक्टूबर को प्रस्तावित है। कार्यक्रम के अनुसार, राज्यमंत्री जी प्रातः 10 बजे पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, गौरीगंज पहुंचेंगे, जहां वे स्वदेशी मेला 2025 का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वे लाभार्थियों को ऋण एवं टूल किट का वितरण भी करेंगे। स्वदेशी मेला, उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, स्वयं सहायता समूहों एवं ODOP उत्पादों को प्रोत्साहन देना और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाना है। इस दौरान राज्यमंत्री विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण भी करेंगे।

### गोरखपुर में रोजगार महाकुंभ 14 व 15 को

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु सेवायोजन विभाग के माध्यम से रोजगार महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। यह महाकुंभ आगामी 14 एवं 15 अक्टूबर को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इस रोजगार महाकुंभ के माध्यम से सरकार 20 हजार से अधिक युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप नौकरियां उपलब्ध कराएगी। इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर जाकर यूएई, ओमान आदि देशों में रोजगार हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा निर्धारित तिथि को रोजगार महाकुंभ में सम्मिलित हो सकते हैं। महाकुंभ में कुशल व अकुशल दोनों प्रकार की नौकरियों के अवसर उपलब्ध रहेंगे और चयन प्रक्रिया साक्षात्कार के माध्यम से की जाएगी। जिला सेवायोजन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस आयोजन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# मंत्री कपिलदेव ने 10 दिवसीय यूपी ट्रेड शो का फीता काटकर किया उद्घाटन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग उप्र सरकार कपिलदेव अग्रवाल द्वारा जीआईसी मैदान में आयोजित (09-18 अक्टूबर) 10 दिवसीय चलने वाले उप्र ट्रेड शो (स्वदेशी मेला)-2025 का फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा मेला में विभिन्न विभागों व समूहों द्वारा लगाए गए स्वदेशी उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन किया गया। मंत्री ने 5 बच्चों को अन्नप्राशन व राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के अन्तर्गत 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गयी। इस अवसर पर विधायक ऊंचाहार मनोज कुमार



पांडेय, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, जिला अध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी उपस्थित रहें।

इसके उपरान्त अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, पीएम श्री जीजीआईसी विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गयी तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के 5 लाभार्थियों को 05-05 लाख रुपये के डमी चेक वितरित किये गये एवं पीएमविश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत एक महिला लाभार्थी को सिलाई मशीन प्रदान की गयी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इण्टरनेशनल ट्रेड शो 2025 की सफलता के पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के प्रत्येक जनपद में यूपी ट्रेड शो-2025 (स्वदेशी मेला) आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में आज जनपद में इस मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस स्वदेशी मेले का उद्देश्य हस्तशिल्पियों, कारीगरों/उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित किये जा रहे उत्पादों को विपणन एवं दीपावली महापर्व के अवसर पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी का अवसर प्राप्त हो और स्वदेशी वस्तुए लोगों के घर तक पहुचें।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को उसके परिजनों को किया गया सुपुर्द

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

दिनांक 8 व 9 अक्टूबर 2025 की मध्य रात्रि थाना शिवगढ़ पर सूचना प्राप्त हुई कि, थाना क्षेत्र के ग्राम तरौंजा मजरे कुंभी में संदिग्ध व्यक्ति को ग्रामीणों द्वारा पकड़ लिया गया है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्य विनय स्थानीय पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर तरौंजा गांव पहुंचे और उक्त व्यक्ति को पूछताछ के लिए थानें लेकर आये। थाने पर पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति अपना नाम व पता स्पष्ट रूप से बताने में असमर्थ रहा। व्यक्ति की तलाशी की गई तो उसकी तलाशी से आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान कल्लू पुत्र रामकिशोर निवासी नाऊपुर रेसी थाना जामो जनपद अमेठी के रूप में हुई। इस संबंध में उसके परिजनों को सूचित किया गया। तत्पश्चात उसके परिजन स्थानीय थाने पर उपस्थित हुए।




जिन्होंने बताया कि उक्त व्यक्ति मानसिक रूप से थोड़ा अस्वस्थ है। पुलिस द्वारा कल्लू उपरोक्त को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। अभियुक्त को परिजनों को सुपुर्द करने में प्रभारी निरीक्षक विंध्य विनय, उप निरीक्षक भूपेंद्र कुमार एवं स्थानीय थाने की समस्त टीम की महती भूमिका रही।

## रेलवे स्टेशन पर लगे इलेक्ट्रिक बॉक्स के करंट की चपेट में आकर युवक झुलसा, जिला अस्पताल रेफर

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मानसिक रूप विक्षिप्त युवक रेलवे स्टेशन पर लगे इलेक्ट्रिक बॉक्स के तारों की करंट की चपेट में आ गया। युवक झुलसकर जलते हुए तालाब में कूद कर जान बचाई। बीते बुधवार देर रात लगभग 11 बजे के आसपास एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक रेलवे स्टेशन पर मौजूद इलेक्ट्रिक बॉक्स के विद्युत शॉक की चपेट में आकर गंभीर रूप जलकर झुलस गया। जलते हुए पास में स्थित तालाब में कूद कर जान बचाई तथा अपने घर की ओर भागने लगा। जिसे रास्ते में मौजूद लोगों ने रोक कर इलाज के लिए एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात, गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी प्राप्त हुई है, कि उक्त मानसिक विक्षिप्त युवक शिवकुमार पुत्र श्याम उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी कसरावा थाना बछरावां बीते बुधवार की देर रात कस्बे में स्थित रेलवे स्टेशन के पास पहुंच गया और रेलवे स्टेशन पर लगे इलेक्ट्रिक बॉक्स के वायर को छूने लगा, तभी वह विद्युत करेंट की चपेट में आ गया। और गंभीर रूप से जलकर झुलस कर घायल हो गया। जलते हुए युवक ने अपने आप को बचाने के लिए पास में स्थित एक तालाब में कूद गया। युवक तड़पता हुआ और चीख पुकार करते हुए गांव की तरफ भागा, उसे भागते हुए कुछ लोगों ने देख लिया। तत्काल उसे वहीं रोक कर घटना की सूचना एम्बुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस के द्वारा घायल अवस्था में युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस मामले की छानबीन कर ही रही थी कि, स्थानीय रेलवे जीआरपी पुलिस मौके पर अस्पताल पहुंची और उनके द्वारा युवक के साथ हुई दुर्घटना के बारे में जानकारी दी गई। वहीं सूचना पर पहुंचे युवक के परिजनों के द्वारा बताया गया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है, जो बुधवार की सुबह घर से निकला था। और दुर्घटना का शिकार हो गया।

## आवागमन हेतु गांव के मुख्य मार्ग को ठीक कराये जाने की ग्रामीणों ने की मांग

- एक माह से अधिक समय से आवागमन बाधित, जिम्मेदार मौन

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

विकासक्षेत्र के गोझवा मनाखेड़ा मजरे शेखपुर समोधा गांव में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवम प्राथमिक विद्यालय तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर नाले की पाइप टूट जाने से चार पहिया वाहनों का आवागमन बाधित है।पाइप के टूट जाने से बड़ा गड्ढा हो गया है, इससे न केवल ग्रामीण बल्कि स्कूली बच्चों को भी आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि 1माह से पाइप टूटी पड़ी हैं, लेकिन किसी ने ध्यान देना उचित नहीं समझा। गाँव का मुख्य मार्ग होने के कारण सभी का आवागमन इसी रास्ते से है। ग्रामीणों ने कहा कि इस रास्ते



से चार पहिया वाहन निकलना असंभव हो रहा है। इस सम्बंध में ग्राम प्रधान गया प्रसाद का कहना है कि गड्ढा होने से चार पहिया वाहनों का आवागमन कई दिनों से अवरुद्ध है। बजट के अभाव में पुलिया का निर्माण नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह से सुचारू आवागमन हेतु समस्या का समाधान कराये जाने की माँग की है।

## बिना लाइसेंस अवैध पटाखा रखने/बनाने के अपराध में अभियुक्त गिरफ्तार

- करीब 1.37 कुंतल सुतली बम व करीब 19 किग्रा विस्फोटक बनाने की सामग्री बरामद

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा त्यौहारों के दृष्टिगत सघन चेकिंग एवम् अवैध कृत्यो में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी मिश्रित आलोक प्रसाद के नेतृत्व में थाना नैमिषारण्य पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त मेराज पुत्र मुस्ताक



निवासी ग्राम औरंगाबाद थाना नैमिषारण्य जनपद सीतापुर को कमईपुर जाने वाले तिराहे से अवैध विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त द्वारा बिना लाइसेंस के अवैध विस्फोटक सामग्री का बनाने व बेचने का व्यापार किया जा रहा था। जिसके विरुद्ध संबंधित धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

## 'समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2047' पर आधारित गोष्ठी आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

'समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2047' के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद खैराबाद जनपद सीतापुर में एक बोर्ड बैठक/सम्मेलन/गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें इस मिशन के सम्बन्ध में विस्तृत परिचर्चा हुई। जिसमें यह बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज नये संकल्पों के साथ चतुर्दिक विकास की ओर अग्रसर है। यह मिशन प्रदेश के समग्र विकास, आर्थिक नेतृत्व एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण के उद्देश्यों की प्राप्ति का एक अभियान है, जो उत्तर प्रदेश के अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति एव जीवन शक्ति लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक है। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद खैराबाद अध्यक्ष बेबी गुप्ता, सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता 'बब्लू भैया', प्रेम शंकर गुप्ता अधिकशी अधिकारी, मनोज कुमार राना सफाई एवं खाद्य निरीक्षक व सभासदगण विष्णु कुमार, हबीब, मुन्नी,



यूसुफ खॉ, उमेश, शबेनाज़, सुनील, फरजन्द अली, आलोक बाजपेई, राकेश चन्द्र, मो. मुर्सलीन, मोमिना, जफरयाब बेग, शकील अहमद, मो. नसीम खॉ, मो. जावेद, सऊद अहमद, श्रीमती कविता, साबिर अली, हसीन अहमद, राशदुन निशां, शायरून निशां, नासरा बानों, रोशन जहॉ, महरून निशां एवं दिलीप जोशी, सुनील मौर्या, नसीम खॉ, प्रभु, चुन्ना, नदीम आलम, प्रदीप कुमार, मो. रिज़वान, राम कुमार शैलेन्द्र कुमार, धीरज कुमार यादव एवं नगर के सम्भ्रांत नागरिक एंव जन सामन्य के साथ नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 93 बालिकाओं को प्रदान किए गए मुफ्त चश्में

**बिसवां (सीतापुर)।** दी सेकसरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां, सीतापुर आंख अस्पताल एवं क्योर ब्लाइंडनेस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बीते माह आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर में कृष्णा देवी म्युनिसिपल गर्ल्स इंटर कॉलेज बिसवां की 676 बालिकाओं की आंखों की जांच की गई थी। जांच में 93 बालिकाओं की आंखों में चश्मे का नंबर पाया गया था। इन सभी बालिकाओं को निशुल्क चश्मे



प्रदान करने एवं आशा बहुओं को पुरस्कार देने के लिए गुरुवार को विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चीनी मिल के मुख्य अधिशासी आरसी सिंघल उपस्थित रहे। उनके साथ डॉ. अनूप कुमार (महाप्रबंधक गन्ना), डॉ. अमित सक्सेना, ओपी पाण्डेय, संतोष कुमार सिंह, तथा सीतापुर आंख अस्पताल एवं क्योर ब्लाइंडनेस संस्था के कार्यक्रम अधिकारी अमृत अवस्थी, भूपेंद्र तिवारी, बृजेंद्र, अंकित मिश्रा, ब्रह्म प्रकाश और अरविंद तिवारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या लक्ष्मी देवी एवं उप प्राचार्या ऊषा अवस्थी की उपस्थिति में बालिकाओं को निशुल्क चश्मे तथा आशा बहुओं को सम्मानित किया गया।

## सपा कार्यालय पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई कांशीराम की पुण्यतिथि

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद मुख्यालय गौरीगंज स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को श्रद्धापूर्वक बहुजन समाज के जननायक कांशीराम की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि कांशीराम ने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को एकजुट कर सामाजिक समानता की नई दिशा दी। उन्होंने समाज के हर तबके को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। उनके विचार आज भी सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में प्रेरक हैं। समाजवादी पार्टी सदैव कांशीराम जैसे समाज सुधारकों के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए संकल्पित है। प्रवक्ता राजेश मिश्र ने कहा कि



कांशीराम ने सामाजिक न्याय और समानता की जो मशाल जलाई थी, उसे समाजवादी पार्टी आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। समाज में समरसता और भाईचारे की स्थापना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में राम सिंह, मनीराम वर्मा, कमलेश यादव, दीपू तिवारी, के.डी. सरोज, हीरालाल, विशाल यादव, चंद्रशेखर यादव, रणवीर धनगर, शिवदर्शन, राम जियावन गुप्ता और सी.पी. यादव सहित अनेक सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आबकारी विभाग ने पकड़ी 95ली अवैध कच्ची शराब

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में बुधवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम - दुलारपुर, बलभद्रपुर, महंत का पुरवा, रामनगर, किशनी व ब्रह्मामन्नी में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र- गौरीगंज के थाना-जामों के अंतर्गत ग्राम-दुलारपुर, बल्भद्रपुर महंत का पुरवा से कुल-95लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई व 300कि ग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 4अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक



करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई, व आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी निरीक्षक गौरीगंज पंकज विवेक व आबकारी स्टॉफ अमित कुमार सिंह, पुष्पेंद्र कुमार व प्रीती पाल महिला आबकारी सिपाही सम्मलित रहे।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर न्याय पंचायत तक पहुंची पंच परिवर्तन की बात

**अमेठी।** बृहस्पतिवार को जनपद के मुख्यालय गौरीगंज के नगर क्षेत्र हरखपुर वार्ड में संघ के शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश ने संघ के पंच परिवर्तन पर जोर दिया। पंच परिवर्तन के अंतर्गत कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जागरण, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता शामिल है। विभाग प्रचारक जी ने नागरिक कर्तव्य पर जोर देते हुए बताया कि हम लोग रोड पर बाइक से चलते है तो बाइक पर 3 लोग न चले नियम से चले ,जो चालक और बैठे हुए लोग है हेलमेट का इस्तेमाल करे। कार में सीट बेल्ट का उपयोग करें। पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े बड़े आयोजनों में प्लास्टिक में डिस्पोजल का उपयोग न



करें पर्यावरण को हानि न पहुंचाये। कुटुंब प्रबोधन पर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने कहा कि आज परिवार लगातार छोटे होते जा रहे है बच्चों को दादा दादी का प्यार दुलार आज के दिनों में दुर्लभ हो गया है हम दो हमारे 1 पर परिवार सिमट रहा है जिससे हिंदुओं की डेमोग्राफी बदल रही है जिसमें हमें ध्यान देने की आवश्यकता है। इस मौके पर सभी स्वयंसेवक गणवेश में उपस्थित रहे। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से संघ बस्ती बस्ती तक अपनी पहुंच बढ़ा रहा है।

## सांसद किशोरी लाल शर्मा ने दिशा की बैठक में दी बड़ी सौगात

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्रीय सांसद किशोरी लाल शर्मा की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद जी ने शिक्षा, आधारभूत संरचना और जनसुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। सांसद श्री शर्मा ने निर्देश दिया कि अमेठी के सभी प्राथमिक विद्यालयों में जहां अब तक बिजली नहीं है, वहां तत्काल बिजली कनेक्शन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन विद्यालय परिसरों के आसपास हाई टेंशन विद्युत लाइनें हैं, उन्हें बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र हटाया जाए। इसके



अतिरिक्त उन्होंने खराब सड़कों की मरम्मत और सड़क किनारे की झाड़ियों की सफाई पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो, ताकि आम जनमानस को सुरक्षित और स्वच्छ परिवेश मिल सके। श्री शर्मा ने कहा कि शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए बुनियादी सुविधाएं मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के समग्र विकास के लिए अन्य जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है। विकास योजनाओं में जनभागीदारी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है, जिससे हर नागरिक को लाभ मिले। श्री शर्मा ने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों से अमेठी को एक आदर्श संसदीय क्षेत्र के रूप में स्थापित किया जा सकता है। गौरतलब है कि अमेठी गांधी परिवार की ऐतिहासिक कर्मभूमि रही है, और सांसद किशोरी लाल शर्मा उसी परंपरा को सेवा, समर्पण और विकास के माध्यम से आगे बढ़ा रहे हैं। यह निर्णय अमेठी के प्रति उनकी निष्ठा और बच्चों के प्रति संवेदनशील सोच को दर्शाते हैं। अब अमेठी न सिर्फ शिक्षा में, बल्कि संरचना और सुरक्षा के क्षेत्र में भी नयी ऊंचाइयों को छूने को तैयार है। बैठक में जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र सिंह, विधायक राकेश सिंह, सुरेश पासी, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, प्रमुख सदाशिव यादव सहित जिले के अधिकारी गण मौजूद रहे।

## हादसों की सड़क

यह शर्मनाक ही है कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं में अन्य कारणों के अलावा सबसे अधिक भूमिका तकनीकी व गुणवत्ता की खामियों वाली सड़कों की होती है। यह भयावह है कि वर्ष 2023 में देश में हुई पांच लाख दुर्घटनाओं में करीब पौने दो लाख लोगों की मौत हुई। उस पर सबसे दुःखद यह है कि मरने वालों में एक लाख चौदह हजार लोग अट्ठारह से 45 वर्ष के बीच के युवा थे। जो परिवार के कमाने वाले व नई उम्मीद थे। इन हालात को देखते हुए ही केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने वर्ष 2030 तक इन सड़क दुर्घटनाओं को आधा करने का लक्ष्य रखा है। यह विडंबना ही है कि दुर्घटनाएं रोकने के लिये सख्त कानून बनाने एवं तकनीक के जरिये चालकों की लापरवाही पर नजर रखने जैसे उपायों के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के बेबाक सुझाव से सहमत हुआ जा सकता है कि खराब सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बना दिया जाना चाहिए। इसके लिये ठेकेदार और इंजीनियर की जवाबदेही तय होनी चाहिए। हाल ही में भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में उन्होंने दुःख जताया कि विदेशों में होने वाले कार्यक्रमों में जब भारत में विश्व की सर्वाधिक सड़क दुर्घटना वाले देश के रूप में चर्चा होती है, तो उन्हें शर्म महसूस होती है। आखिर तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसे क्यों नहीं थम रहे हैं। यह बात तय है कि अगले पांच सालों में सड़क दुर्घटनाओं को यदि आधा करना है, तो युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे। उन कारणों को तलाशना होगा, जिनकी वजह से हर साल सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है।

आखिर क्या वजह है कि राजमार्गों के विस्तार और तेज गति के अनुकूल सड़कें बनने के बावजूद हादसे बढ़े हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि राजमार्गों व विभिन्न तीव्र गति वाली सड़कों में साम्य का अभाव है, वहीं मोड़ों को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु तकनीक में बदलाव की जरूरत है। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय को उन कारणों की पड़ताल करनी होगी, जो पर्याप्त धन आवंटन के बावजूद सड़कों को दुर्घटनामुक्त बनाने में बाधक हैं। ऐसे में जरूरी है कि सड़कों की निर्माण सामग्री और डिजाइनों की निगरानी के लिये स्वतंत्र व सशक्त तंत्र बनाया जाए, जो बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के काम कर सके। साथ ही मंत्रालय का दायित्व बनता है कि इस बाबत स्पष्ट नीति को सख्ती से लागू किया जाए।

यह जानते हुए कि सड़कों के ठेके में मोटे मुनाफे के लिए एक समांतर भ्रष्ट तंत्र देश में विकसित हुआ है, जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता करने से परहेज नहीं करता। जिसके खिलाफउठने वाली ईमानदार आवाजें दबा दी जाती हैं। निःसंदेह, गुणवत्ता का मूल्यांकन करने वाली व्यवस्था की जवाबदेही तय करने की सख्त जरूरत है। तब हमें यह सुनने को नहीं मिलेगा कि उद्घाटन के कुछ ही दिन बाद सड़क उखड़ गई या बारिश में घुल गई।

समृद्धि न्यूज़

# नारी शक्ति का सवश्रेष्ठ उदहारण है करवा चौथ

*रमेश सर्राफ धमोरा*



आधुनिक होते समाज में भी महिलायें अपने पति की दीर्घायु को लेकर सचेत रहती हैं। इसीलिये वो पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नी का अपने पति से कितने भी गिले-शिकवे रहें हो मगर करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वो एकाग्र चित्त से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना से व्रत जरूर करती है। करवा चौथ शब्द करवा अर्थात मिट्टी का बर्तन और चौथ अर्थात चतुर्थी से मिलकर बना है। इस पर्व पर मिट्टी के करवे का विशेष महत्व होता है। सभी विवाहित महिलाएं पूरे वर्ष इस त्योहार की प्रतीक्षा करती हैं और इसकी सभी रस्मों को श्रद्धा के साथ निभाती हैं।
हमारा भारत धर्म प्रधान देश हैं। यहां साल के सभी दिनों का महत्व होता है तथा साल का हर दिन पवित्र माना जाता है। भारत में करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चन्द्रमा दर्शन के बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलायें करवा चौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। यह व्रत लगातार 12 अथवा 16 वर्ष तक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं। किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। जो सुहागिन स्त्रियां अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करतीं हैं वे व्रत रखतीं हैं।

करवा चौथ विवाहित महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण त्योहार है। सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक पत्नियाँ अपने पति की सलामती के लिए व्रत रखती हैं। पूरे दिन बिना पानी पिए और कुछ भी खाए व्रत रखना आसान नहीं है, लेकिन स्नेही पत्नियाँ अपने पति के प्रति पूरे प्रेम और सम्मान के साथ ये सभी रस्में निभाती हैं। यह त्योहार हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। करवा चौथ का व्रत हर साल महिलाओं द्वारा अपने पतियों के लिए किया जाता है और यह न केवल त्योहार है बल्कि यह पति-पत्नी के पवित्र रिश्तों का पर्व है। कहने को तो करवा चौथ का त्योहार एक व्रत है लेकिन यह नारी शक्ति और उसकी क्षमताओं का सवश्रेष्ठ उदहारण है। क्योंकि नारी अपने दृढ़ संकल्प से यमराज से भी अपने पति के प्राण ले आती हैं तो फिर वह क्या नहीं कर सकती हैं। आज के नये जमाने में भी हमारे देश में महिलायें हर वर्ष करवा चौथ का व्रत पहले की तरह पूरी निष्ठा व भावना से मनाती हैं।

आधुनिक होते समाज में भी महिलायें अपने पति की दीर्घायु को लेकर सचेत रहती हैं। इसीलिये वो पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नी का अपने पति से कितने भी गिले-शिकवे रहें हो मगर करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वो एकाग्र चित्त से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना से व्रत जरूर करती है। करवा चौथ शब्द करवा अर्थात मिट्टी का बर्तन और चौथ अर्थात चतुर्थी से मिलकर बना है। इस पर्व पर मिट्टी के करवे का विशेष महत्व होता है। सभी विवाहित महिलाएं पूरे वर्ष इस त्योहार की प्रतीक्षा करती हैं और इसकी सभी रस्मों को श्रद्धा के साथ निभाती हैं।

हमारा भारत धर्म प्रधान देश हैं। यहां साल के सभी दिनों का महत्व होता है तथा साल का हर दिन पवित्र माना जाता है। भारत में करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चन्द्रमा दर्शन के बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलायें करवा चौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। यह व्रत लगातार 12 अथवा 16 वर्ष तक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं।

किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। जो सुहागिन स्त्रियां अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं वे व्रत रखती हैं। बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी पर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा की स्थापना करें। मूर्ति के अभाव में सुपारी पर नाल बांधकर ईश्वर का स्मरण कर स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवों का पूजन करें। करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। दिन में करवाचौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें।

शास्त्रों के अनुसार पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की पूजा-अर्चना की जाती है। करवा चौथ में दिनभर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्ध्य देने के उपरान्त भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवा चौथ व्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं। लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं। सायंकाल चंद्रमा के उदित हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्ध्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराएं। भोजन के पश्चात ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दें। अपनी सासूजी को वस्त्र व विशेष करवा भेंट कर आशीर्वाद लें। यदि वे न हों तो उनके तुल्य किसी अन्य स्त्री को भेंट करें। इसके पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करें।

कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात उस चतुर्थी की रात्रि को जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है। उस दिन प्रातः स्नान करके अपने पति की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा का पूजन करें। शुद्ध घी में आटे को सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर नैवेद्य हेतु लड्डू बनाएं। काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से तैयार किए गए मिट्टी के अथवा तांबे के बने हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार 10 अथवा 13 करवे रखें।

व्रत करने वाली महिलाएं करवा चौथ के बारे में कहानी सुनती हैं। एक बार पांडु पुत्र अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी नामक पर्वत पर गए। इधर द्रौपदी बहुत परेशान थीं। उनकी कोई खबर न मिलने पर उन्होंने कृष्ण भगवान का ध्यान किया और अपनी चिंता व्यक्त की। कृष्ण भगवान ने कहा बहन इसी तरह का प्रश्न एक बार माता पार्वती ने शंकरजी से किया था। तब शंकरजी ने माता पार्वती को करवा चौथ का व्रत बतलाया।

इस व्रत को करने से स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षा हर आने वाले संकट से वैसे ही कर सकती हैं जैसे एक ब्राह्मण ने की थी। प्राचीनकाल में एक ब्राह्मण था। उसके चार लड़के एवं एक गुणवती लड़की थी। एक बार लड़की मायके में थी। तब करवा चौथ का व्रत पड़ा। उसने व्रत को विधिपूर्वक किया। पूरे दिन निर्जला रही। कुछ खाया-पीया नहीं, पर उसके चारों भाई परेशान थे कि बहन को प्यास लगी होगी, भूख लगी होगी, पर बहन चंद्रोदय के बाद ही जल ग्रहण करेगी। भाइयों से न रहा गया उन्होंने शाम होते ही बहन को बनावटी चंद्रोदय दिखा दिया। एक भाई पीपल की पेड़ पर छलनी लेकर चढ़ गया और दीपक जलाकर छलनी से रोशनी उत्पन्न कर दी। तभी दूसरे भाई ने नीचे से बहन को आवाज दी देखो बहन चंद्रमा निकल आया है। पूजन कर भोजन ग्रहण करो।

बहन ने भोजन ग्रहण किया। भोजन ग्रहण करते ही उसके पति की मृत्यु हो गई। अब वह दुःखी हो विलाप करने लगी। तभी वहां से रानी इंद्राणी निकल रही थीं। उनसे उसका दुःख न देखा गया। ब्राह्मण कन्या ने उनके पैर पकड़ लिए और अपने दुःख का कारण पूछा। तब इंद्राणी ने बताया कि तूने बिना चंद्र दर्शन किए करवा चौथ का व्रत तोड़ दिया इसलिए यह कष्ट मिला। अब तू वर्ष भर की चौथ का व्रत नियमपूर्वक करना तो तेरा पति जीवित हो जाएगा। उसने इंद्राणी के कहे अनुसार चौथव्रत किया तो पुनः सौभाग्यवती हो गई। इसलिए प्रत्येक स्त्री को अपने पति की दीर्घायु के लिए यह व्रत करना चाहिए। द्रोपदी ने यह व्रत किया और अर्जुन सकुशल मनोवांछित फल प्राप्त कर वापस लौट आए। तभी से हिन्दू महिलाएं अपने अखंड सुहाग के लिए करवा चौथ व्रत करती हैं। कहते हैं इस प्रकार यदि कोई मनुष्य छल-कपट, अहंकार, लोभ, लालच को त्याग कर श्रद्धा और भक्तिभाव पूर्वक चतुर्थी का व्रत को पूर्ण करता है तो वह जीवन में सभी प्रकार के दुखों और क्लेशों से मुक्त होता है और सुखमय जीवन व्यतीत करता है। भारत देश में चौथमाता का सबसे अधिक ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा गांव में स्थित है। चौथ माता के नाम पर इस गांव का नाम बरवाड़ा से चौथ का बरवाड़ा पड़ गया। यहां के चौथ माता मंदिर की स्थापना महाराजा भीमसिंह चौहान ने करवाई थी।

विचार

# सीजेआई गवई व राकेश किशोर मामला कहां जाकर थमेगा

*मयंक चतुर्वेदी*

भारतीय लोकतंत्र की आत्मा उसके संविधान और न्यायपालिका में बसती है, जहां समानता, स्वतंत्रता और न्याय के आदर्शों को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। वस्तुतः सर्वोच्च न्यायालय को इसी आत्मा का रक्षक कहा जाता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह प्रश्न बार-बार उठ रहा है कि क्या यह रक्षक संस्था सभी समुदायों के लिए समान रूप से न्यायसंगत है? जब मुद्दे बहुसंख्यक समाज, हिन्दू परंपराओं या सांस्कृतिक अधिकारों से जुड़े होते हैं, तो न्यायिक रवैया अक्सर असहज और असंतुलित दिखाई देता है।

**जनहित याचिका : उद्देश्य से औपचारिकता तकः-** भारत में जनहित याचिका (पीआईएल) की शुरुआत 1980 के दशक में हुई थी ताकि समाज के हाशिये पर खड़े लोगों को भी न्याय का दरवाजा खुला मिले। 'लोकस स्टैंडी' की दीवार को तोड़कर सुप्रीम कोर्ट ने आम नागरिकों को न्याय की प्रक्रिया में भागीदार बनाया। किंतु धीरे-धीरे यह औजार राजनीतिक और विमर्शजनित हथियार बन गया। आज अदालतें कई बार ऐसी याचिकाओं को 'पॉपुलिस्ट' या 'पब्लिसिटी-सीकिंग' बताकर खारिज कर देती हैं।

इसी पृष्ठभूमि में सीजेआई गवई और अधिवक्ता राकेश किशोर विवाद तथा अश्विनी उपाध्याय की लगातार खारिज होती याचिकाएँ यह संकेत देती हैं कि बहुसंख्यक समाज से जुड़े मुद्दों को न्यायपालिका किस दृष्टि से देखती है। जब कोई वकील समान नागरिक संहिता, अवैध धर्मांतरण या मंदिर प्रबंधन में राज्य नियंत्रण जैसे विषय उठाता है, तो अदालत प्रायः उन्हें राजनीतिक एजेंडा बताकर किनारे रख देती है।

**हिन्दू विषयों पर अदालत की असहजताः-** वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने संविधान के मूल सिद्धांतों समानता, धर्मनिरपेक्षता और एकरूप न्याय व्यवस्था को आधार बनाकर दो सौ से अधिक जनहित याचिकाएँ दाखिल कीं। परंतु इन याचिकाओं का परिणाम लगभग एक सा रहा या तो खारिज या टिप्पणी के साथ स्थगन।

कई बार आरोप लगता है कि अश्विनी उपाध्याय जैसे वकील संपूर्ण समाज के नाम पर भाजपा के राजनीतिक एजेंडा को आगे बढ़ा रहे हैं। लेकिन, यह आरोप केवल हिन्दू विषयों



अथवा बहुसंख्यक हितों की याचिकाओं तक ही क्यों सीमित है? जब विभिन्न समुदायों, अल्पसंख्यकों, सामाजिक वंचितों या अन्य संवेदनशील वर्गों की सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाएं राजनीतिक रंग लिए सामने आती हैं, तब अदालत चिंतित या सतर्क नहीं दिखती। इससे न्याय का दोहरा मापदंड की ओर इशारा होता है।

वास्तव में यहां सोचने एवं विमर्श का विषय यह है कि ये वही न्यायालय है जोकि अल्पसंख्यक समुदाय, जातीय भेदभाव या आरक्षण जैसे विषयों पर जब सुनवाई करती है, तो अत्यंत संवेदनशील, सहानुभूतिपूर्ण और समयबद्ध रवैया अपनाती है। आज यही विरोधाभास समाज में न्याय के दोहरे मापदंड की छवि बनाता है।

**संवैधानिक धर्म और न्यायपालिका की जिम्मेदारीः-** भारत का संविधान अपने अनुच्छेद 14, 15 और 25 में समानता, भेदभाव-निषेध और धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है। इन अनुच्छेदों की चेतना यह कहती है कि कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म या समुदाय से जुड़ा हो, कानून की नजर में समान रहेगा। न्यायपालिका की भूमिका इन अनुच्छेदों की रक्षा करना है, न कि उन्हें समाजशास्त्रीय संतुलन के तराजू में तौलना। यदि न्यायपालिका यह मानकर चलती है कि बहुसंख्यक समाज स्वतः सशक्त है, तो वह संविधान की मूल आत्मा से भटक जाती है। क्योंकि संविधान ने शक्ति का वितरण धर्म या जनसंख्या के आधार पर नहीं, बल्कि नागरिकता की समानता के सिद्धांत पर किया है।

न्यायपालिका के लिए यह आवश्यक है कि वह समान संवेदनशीलता के साथ हर वर्ग की सुनवाई करे। यदि अल्पसंख्यक के अधिकारों की रक्षा न्याय का कर्तव्य है, तो बहुसंख्यक की न्यायसंगत माँगों की उपेक्षा भी उतनी ही असंवैधानिक है। यही संवैधानिक धर्म (Constitutional Morality) का वास्तविक अर्थ भी है कि न्याय केवल कमजोर के लिए नहीं, बल्कि सबके लिए समान रूप से सुनिश्चित हो।

**संस्थागत असंतुलन और बार काउंसिल की भूमिकाः-** वकीलों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई में भी यह असंतुलन दिखाई देता है। बार काउंसिल या अदालतें हिन्दू विषयों पर सक्रिय वकीलों को तत्काल नोटिस देती हैं, जबकि अन्य मामलों में यही तत्परता गायब रहती है। न्याय के भीतर यह चयनात्मकता उस निष्पक्षता को चोट पहुँचाती है, जिस पर पूरी व्यवस्था टिकी है।

**संविधान, संस्कृति और समानता : एक व्यापक विमर्शः-** भारत की न्याय व्यवस्था पश्चिमी उदार मॉडल पर टिकी जरूर है, लेकिन उसकी आत्मा भारतीय समाज की विविधता में है। यहाँ धर्म केवल आस्था नहीं, बल्कि सामाजिक संगठन की संरचना है। अतः जब बहुसंख्यक समाज की धार्मिक संस्थाओं मंदिरों, ट्रस्टों, शिक्षा व्यवस्थाओं को न्यायालय बराबर अवसर नहीं देता, तो यह केवल एक समुदाय का प्रश्न नहीं रहता; यह संवैधानिक संस्कृति के क्षरण का संकेत बन जाता है।

समान नागरिक संहिता, समान शिक्षा नीति या धर्मांतरण पर पारदर्शी कानून ये केवल हिन्दू एजेंडा नहीं, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 44 और 25 की तार्किक परिणति हैं। इन्हें राजनीतिक रंग देकर अदालत स्वयं संविधान की दिशा से भटकती है।

**संस्थागत सुधार व व्यावहारिक संतुलन की आवश्यकताः-** सबको समान न्याय, बिना निजी, राजनीतिक अथवा सांस्कृतिक पूर्वाग्रह के, अदालत की सबसे पहली जिम्मेदारी है। बहुसंख्यक समाज के विषयों, धार्मिक प्रशासन, सांस्कृतिक मामलों और सार्वजनिक नीति संबंधी याचिकाओं को भी वही संवेदनशीलता, तत्परता और निष्पक्षता मिलनी चाहिए, जो अन्य समुदायों या संवेदनशील वर्गों की याचिकाओं को मिलती है। अन्यथा, न्याय-कक्षों में उपहास, असंगति और पूर्वाग्रह का वातावरण लोकतांत्रिक भारत के भविष्य पर गहरा प्रश्नचिह्न लगा देगा।

साहित्य



## बाग वाला दिन

**पूर्णिमा वर्मन**

*उदासी में खुशी की*
*आस वाला दिन*
*आज फिर बाग वाला दिन*
*मधुर छनती*
*झर रही यह धूप सर्दी की*
*याद आती चाय*
*अदरक और हल्दी की*
*पाँव के नीचे*
*नरम है दूब मनभावन*
*चुभ रही फिर भी*
*हवाएँ कड़क वर्दी सी*
*बरोसी में सुलगती*
*आग वाला दिन*
*आज फिर बाग वाला दिन*
*खींच कर*
*आराम कुर्सी एक कोने में*
*तान दी लंबी दुपहरी*
*सुस्त होने में*
*रह गए यों ही पड़े*
*जो काम करने थे*
*गुम रहे हम अपने भीतर*
*आप होने में*
*सुगंधों में उमगती*
*याद वाला दिन*
*आज फिर बाग वाला दिन*



## राशिफल

**मेषः-** काफी दिनों से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**वृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए परिवार के अनुकूल चलें।

**कर्कः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही कतई न करें।

**कन्याः-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा।

**तुलाः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**वृश्चिकः-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतः इसे सुधारें। रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बनें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। आलस्य कतई न करें।

**मीनः-** परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह के प्रति मन चिंतित होगा।

# देवा शरीफ : ईश अनुरागी वारिस पाक, सबको अपना बना लेते



*रत्नेश कुमार*

सूफी संत हाजी वारिस अली शाह ने मानव रूप में ईश्वरीय प्रकाश को प्रकट किया। आप जन्मजात ईश्वर अनुरागी थे। आपका जीवन ईश्वर अनुराग से आरम्भ होकर ईश अनुराग में ही विलीन हो गया। सरकार वारिस पाक ने संसार की प्रत्येक वस्तु का परित्याग कर आजीवन प्रेम, बंधुत्व एवं साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। आज उनके अनुयाइयों की संख्या लाखों में है, जो सरकार वारिस पाक की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। वारिस पाक ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से मानव मात्र को संयमित जीवन यापन की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि ''अपनी वजा पर कायम रहो'' अर्थात् अपने जीवन यापन का सदैव एक ढंग स्थिर रखो। ''एक सूरत को पकड़ लो वही मरते दम, वही कब्र में वही हश्र में काम आयेगी''। इस तरह उन्होंने अपने अनुयाइयों को एकेश्वरवाद की शिक्षा दी। ईश्वर पर अडिग आस्था की सीख देते हुए उन्होंने कहा कि ''मनुष्य को चाहिए कि खुदा (ईश्वर) पर भरोसा रखे। जब खुदा ने उसकी आवश्यकताओं का उत्तरदायित्व लिया है तो अवश्य पूरा करेगा लेकिन तस्दीक चाहिए।

सरकार वारिस पाक का लौकिक जीवन पूर्ण रूपेण अध्यात्म का युग था। अनेक विरोधियों के





बावजूद वह अपने सिद्धान्तों पर अडिग रहे, जिसके चलते उनके विरोधी भी उनके कायल थे। सरकार वारिस अली शाह के रूप में ईश्वरीय ज्योति ने विश्व को जो प्रकाश दिया और जो प्राण संसार में फूंक दिया वह आज भी सूर्य के समान प्रत्यक्ष है। सरकार वारिस अली पाक के अस्तित्व अपने अगणित गुणों के कारण आज भी लोगों के हृदय में विद्यमान है। जिसके चलते देश-विदेश तक सूफी संत की वाणी लोगों को अपनी दरगाह तक खींच लाती है।

1234 हिजरी सन् ईस्वी के मुताबिक 1809 में जन्म लेकर प्रथम सफर 1323 हिजरी सन् 1905 को आप शरीर त्याग कर हमारी लौकिक दृष्टि से अंतर्ध्यान हो गये, परन्तु उनकी अमरवाणी ''जो रब है वही राम'' आज भी जन मानस के हृदय को झंकृत कर सामाजिक सद्भाव एवं विश्व बंधुत्व की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभा रही है। हाजी वारिस अली शाह उसी स्थान पर दफन किए गये जहां उन्होंने इंतकाल फरमाया। उसी स्थल पर हाजी साहब के अनुयायियों ने एक स्मारक का निर्णाण कराया।

यह मजार विश्व बंधुत्व और मानवीय प्रेम का अनुकरणीय स्मारक है। इसका निर्माण हिन्दुस्तान और ईरान की मिली जुली स्थापत्य शैली में किया गया है। उल्लेखनीय है कि हाजी वारिस अली शाह के हिन्दू तथा मुस्लिम अनुयायियों ने इस स्मारक के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रामनगर तहसील के राजा उदित नरायण सिंह ने चांदी से मढ़ा हुआ छत्र मजार में लगवाया। मजार के दरवाजे पर चांदी की पत्तरे कशमीर के हिन्दू राजाओं द्वारा लगवाई गयी। संगमरमर की फर्श पर सारा खर्च मैनपुरी के ठाकुर पंचम सिह द्वारा वहन किया गया। स्मारक चारों ओर खानकाह से घिरा हुआ है तथा सामने की ओर एक द्वार है। स्मारक तथा इससे सम्बद्ध सम्पत्ति की देख-रेख के लिए एक न्यास की स्थापना की गयी है। भारत ही नही अनेक देशों से जायरीन यहां जियारत के लिए आते हैं।

परम्परागत रूप से हर वर्ष कार्तिक मास में 10 दिनों का मेला लगता है। मेले का शुभारम्भ जिलाधिकारी की धर्मपत्नी एवं समापन पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी द्वारा किया जाता है। 08 अक्टूबर, 2025 को देवा में सूफी संत वारिस अली शाह के उर्स पर लगने वाले ऐतिहासिक मेले की शुरुआत हो गई है।

देवा शरीफ स्थित शेख मुहम्मद हसन गेट पर जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की धर्मपत्नी श्रीमती शैलजा त्रिपाठी ने फीता काटकर विश्व प्रसिद्ध देवा मेला एवं प्रदर्शनी 2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने शांति और सद्भाव के प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर मेले की औपचारिक शुरुआत की। शुभारंभ के साथ ही ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी आरंभ हुई। जो रब है वही राम है का सन्देश देने वाला यह मेला गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे की मिसाल बना हुआ है।

उद्घाटन के दौरान शहनाई की मधुर धुन और पीएसी बैंड की प्रस्तुति से पूरा परिसर गूंज उठता है। देश-विदेश से आने वाले लाखों जायरीन सूफी संत की दरगाह पर जियारत के लिए पहुंचते हैं। मेला परिसर में दुकानों पर चहल-पहल बढ़ गई है और घोड़ा-खच्चर बाजार भी उम्दा नस्लों के जानवरों से सज गया है। उर्स की रस्मों की शुरुआत के साथ ही पूरा देवा क्षेत्र आस्था, आध्यात्म और अदब की रौनक में डूब गया है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# प्रभारी मंत्री ने फीता काट कर किया उद्घाटन, मेले में लगे स्टालों को देखा

▸ 18 अक्टूबर तक चलेगा चौरा देवी प्रांगण में लगा स्वदेशी मेला

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



यूपी इंटरनेशनल शो-2025 की भॉंति जनपद के चौरा देवी प्रांगण, में 9 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 तक स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारम्भ/प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद द्वारा किया गया जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य जनपद के हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित किए जा रहे उत्पादों को विपणन एवं दीपावली महापर्व के अवसर पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी का अवसर उपलब्ध कराना स्वदेशी मेले में उद्यान विभाग, खादी ग्रामोउद्योग, माटीकला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, रेशम विभाग, ग्रामीण अजीविका मिशन, सीएम युवा, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि के लाभार्थियों, वित्तपोषित इकाईयों, स्वयं सहायता समूहों व अन्य उत्पादकों द्वारा स्टाल लगाए गए है। मेले को उल्लासपूर्ण एवं रोचक बनाए जाने हेतु स्थानीय स्तर पर संस्कृति विभाग एवं युवा कल्याण विभाग के समन्वय एवं सहयोग से सामाजिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। मेले में विभिन्न स्टॉलो पर उपलब्ध स्थानीय उत्पादों का अवलोकन करते हुए मंत्री ने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था को गति देने में वहॉ के मौलिक उद्योगो व उत्पादो की अग्रणी भूमिका होती है। इस अवसर पर डीएम घनश्याम मीना, एसपी डॉ दीक्षा शर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक आदि उपस्थित रहे।

# मत्स्य पालकों के लिए कैम्प लगाकर केसीसी बनायें: मंत्री

▸ मंत्री मत्स्य विभाग ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



गुरूवार को मंत्री मत्स्य विभाग उप्र डॉ संजय कुमार निषाद की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में मत्स्य विभाग से सम्बन्धित कार्यो की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने मत्स्य पालकों का पंजीकरण कराये जाने तथा मत्स्य पालकों का बीमा कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सहकारी समितियों को और अधिक सक्रिय किये जाने तथा नई समितियों को बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने एनएफडीपी पोर्टल पर मत्स्य पालकों का रजिस्ट्रेशन कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री मत्स्य पालक योजना तथा प्रधानमंत्री मत्स्य पालन योजना के अन्तर्गत पात्र एवं गरीब मछुवा समुदाय के लोगों को योजना से लाभान्वित कराये जाने तथा मत्स्य पालकों का प्रशिक्षण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मत्स्य पालकों के लिए रोजगार बढाने के लिए कार्यवाही किये जाने के निर्देश मत्स्य विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को मत्स्य पालकों के लिए कैम्प लगाकर केसीसी बनाये जाने तथा कैम्प का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को कडे निर्देश दिये कि मत्स्य विभाग से सम्बन्धित योजनाओं में पात्र मत्स्य पालकों को प्राथमिकता पर पारदर्शिता के साथ लाभ प्रदान कराया जाए, इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता नही होने पाये।

उन्होंने मत्स्य पालकों को मत्स्य पालन हेतु तालाबों के पट्टों का आवंटन सम्बन्धित ग्राम व क्षेत्र में बृहद स्तर पर प्रचार कर आवंटित करने के निर्देश मत्स्य विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि मत्स्य पालन के पोखरों में कब्जा व अतिक्रमण नही होने पाये। मछुवा कल्याण कोश तथा मछुवा आवास योजना के अन्तर्गत गरीब एवं पात्र मत्स्य पालकों का चयन करते हुए योजना का लाभ प्रदान कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंनें मत्स्य पालकों को गम्भीर बीमारी में आयुष्मान योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किये जाने हेतु कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि विभागीय जलाशयों में मत्स्य पालन हेतु आवंटन राजस्व संहिता में दिये गये नियमों के अनुसार आवंटन किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी जे रीभा, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक निदेशक मत्स्य तथा जिला मत्स्य अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 11.10.25 से 15.11.25 |
| 02251 | पटना जं | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 02253 | पटना जं (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 11.10.25 से 17.11.25 |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जंक्शन. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जंक्शन. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक ट. | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक ट. | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुल्तानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुल्तानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छ: दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09042 | बलिया | 23:30 | उधना | 12:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10.10.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.25 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.25 तक |
| 03255 | पटना | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | 10.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 11.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | 10.10.25 से अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 11.10.25 से 15.11.25 |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 13.10.25 से 17.11.25 |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 10.10.25 से 01.12.25 |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | 11.10.25 से अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 11.10.25 से 29.11.25 |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनियार | 11.10.25 से 29.11.25 |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से 24.11.25 |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 14.10.25 से 25.11.25 |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10.10.25 से 26.12.25 |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 11.10.25 से 27.12.25 |
| 07363 | हुब्बल्लि जं | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें

# देवा मेला लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने का आयाम: एडीएम

- मेला में एडीएम ने किया मीडिया कैम्प का शुभारंभ
- मेले के सफल आयोजन में पत्रकारों के रचनात्मक सहयोग की भूमिका अहम: अर्चना गुप्ता



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जो रब है वही राम है का संदेश देने वाले महान सूफी सन्त हाजी वारिस अली शाह की मजार शरीफ पर चल रहे देवा महोत्सव में उत्तर प्रदेश, जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोशियन के तत्वाधान मे मीडिया कैम्प का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह एव अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने पत्रकार साथियो को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोग कलम के सिपाही है हमेशा समाज को नई दिशा देने में महती भूमिका होती है।

जितने भी आंदोलन हुए हैं हम लोगो ने जीता है उसमे पत्रकारों की अहम रोल रहा है। उन्होंने कहा कि देवा मेला जनपद की अनूठी पहचान है जो कि लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने का एक आयाम है।अपर जिलाधिकारी ने पत्रकारों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि दूर दराज बैठे लोग समाचार पत्रों के माध्यम से रोज का रोज देवा मेला का हाल जान लेते हैं वो सब पत्रकार साथियों के परिश्रम का परिणाम है। मीडिया कैम्प में और अधिक सुविधाएं बढ़ाने की बात भी स्वयं कही। उपजिलाधिकारी अनिल सरोज ने कहा कि देवा मेला केवल उत्सव नहीं, बल्कि प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। यहां से निकलने वाला संदेश पूरी दुनिया में अमन का परचम लहराता है।

उत्तर प्रदेश ज़िला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष, मीडिया कैंप के संस्थापक तारिक़ किदवाई ने मीडिया कैंप में आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया और यह भी अपील की कि कैंप की परम्परा न तोड़ी जाए आगे होने वाले कार्यक्रम में डीएम साहब भी शामिल होकर मीडिया कैंप की गरिमा बढ़ाएं।

मीडिया कैम्प के संयोजक सचिव प्रदीप सारंग ने पत्रकार संगठनों व मीडिया हाउस का आह्वान किया है कि मीडिया कैम्प में अपने बैनर पर गतिविधियाँ सम्पन्न करें।
अबतक निर्धारित कार्यक्रम–
10 को इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन
11 को आज़ाद भारत न्यूज
12 को राष्ट्रीय पत्रकार संघ
13 सिक्योर जर्नलिस्ट जस्टिस काउंसिल (नि :शुल्क हेल्थ चेककप कैम्प)
15 को मसौली पत्रकार संघ
17 को मीडिया क्लब द्वारा हरिप्रसाद वर्मा व मो. अतहर की स्मृति में कैरम प्रतियोगिता, सम्मान समारोह तथा मीडिया कैम्प का समापन

उपजिलाधिकारी आकांक्षा गुप्ता ने कहा कि देवा मेला जैसा बड़ा भव्य आयोजन मेरा पहला अनुभव है। देवा मेला के सफल आयोजन में पत्रकारों की रचनात्मक दृष्टि और सहयोग की बड़ी भूमिका रहती है। मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोशियन के महासचिव प्रदीप सारंग के संचालन एव मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोशियन के अध्यक्ष तारिक़ किदवाई की अध्यक्षता मे आयोजित कार्यक्रम में मान्यता प्राप्त पत्रकार के प्रदेश सचिव जुबेर अहमद, क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव, कोतवाल देवा अजय त्रिपाठी , वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नेश कुमार, सचिव सरफ़राज़ वारसी, कोषाध्यक्ष अशोक सैनी, जिलाध्यक्ष इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन मो. मुईन, मसौली पत्रकार संघ के अध्यक्ष नूर मोहम्मद, मीडिया प्रभारी दुर्गेश शुक्ला, मो आसिम , प्रांतीय समिति के सदस्य तौसीफ हुसैन, अखिलेश वर्मा, मो. रिजवान, सन्दौली टाइम्स से हुमायूँ कबीर व सोनू कुमार, सुजात हुसैन, सिक्योर जर्नलिस्ट जस्टिस काउंसिल के प्रदेश संगठन मंत्री राहुल त्रिपाठी, राम दुलारी पटेल, नितेश मिश्रा, पीयूष कुमार वर्मा, जमाल कामिल, अवधनामा से आशिफ हुसैन, उपस्थित रहे। साथ ही अनेक समाचार पत्रों एजेंसियों के ब्लॉक तहसील व जिला स्तर के प्रतिनिधि पत्रकार उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लगभग 10 माह पहले अपने तीन बच्चों को लेकर प्रेम विवाह करके सुबेहा थाना क्षेत्र के गढ़ी गोसिया मऊ गांव में आयी विवाहिता की तीन दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों को बिना सूचना दिए मृतका का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया । पिता ने पुलिस को तहरीर देकर हत्या कर शव को जलाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है।
पड़ोसी जनपद अमेठी के थाना शिवरतनगंज अंतर्गत कुकहा रामपुर गांव निवासी राजाराम पुत्र भगौती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी पुत्री सुमन पिछले वर्ष 8 दिसंबर को अपने तीन पुत्रों को साथ लेकर गढ़ी गोसियामऊ गांव निवासी रामलाल पुत्र मिट्ठू रावत के साथ अपनी मर्जी से चली आई थीं। बताया कि सात अक्टूबर को उन्हें ग्रामीणों से सूचना मिली कि एक दिन पहले 6 अक्टूबर को पुत्री सुमन की हत्या गला दबाकर उसके पति रामलाल द्वारा अपने चार भाइयों के साथ मिलकर कर दी गई है। और मायके वालों को बिना सूचना दिए ही अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है।

## भाकियू ने की मासिक बैठक रक्तदान की बनाई रणनीति

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत हैदरगढ़ ब्लॉक इकाई की मासिक बैठक गुरुवार को पुरानी तहसील स्थित शिव मंदिर परिसर में ब्लॉक अध्यक्ष हरिराम पाल की अध्यक्षता एवं लक्ष्मी नारायण के संचालन में संपन्न हुई। मासिक बैठक में आगामी 15 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों द्वारा रक्तदान किए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में यह प्रस्ताव भी पारित किया गया कि किसानों की लंबित समस्याओं का समाधान त्वरित ढंग से कराया जाय। उसके लिए शुक्रवार 10 अक्टूबर को एसडीएम एवं सीओ हैदरगढ़ को एक मांग पत्र सौंप कर यह मांग की जाएगी कि क्षेत्र में विश्वास बहाली के लिए तहसील एवं पुलिस प्रशासन जनता के साथ बैठकर संवाद स्थापित करें जिससे लोगों के मन में फैला डर दूर होकर क्षेत्र में शांति की बहाली हो सके। बैठक में यूनियन की बारीखेड़ा ग्राम इकाई का गठन कर सर्वसम्मति से संतराम को अध्यक्ष व शत्रोहन को संरक्षक चुना गया। इस मौके पर 25 नए किसानों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की, जिससे पूरे क्षेत्र में जोश का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, जिला सचिव संतोष सिंह, नगर अध्यक्ष राइस, रामखेलावन, कमलेश, फतेहगंज के रामनरेश, कन्हैयालाल, पुनवासी, देशराज, हरिश्चंद्र, सत्रोहन लाल, किर्सन, साबिर अली, बाबादीन, दुखी, दोश मुहम्मद आदि किसानों ने अपने विचार व्यक्त किए।

## श्रद्धालु के निधन पर परिजनों से मिले पूर्व सांसद ने व्यक्त की शोक संवेदना

**जैदपुर, बाराबंकी।** केदारनाथ हादसे मे जैदपुर निवासी एक युवक की मौत हो गई थी। आज पूर्व सांसद उपेंद्र रावत ने परिजनों से मिलकर उनको ढांढस बंधाया। आपको बताते चले कि केदारनाथ मे हुई एक घटना में नगर पंचायत जैदपुर निवासी मुकेश मौर्य की मृत्यु हो गई। जबकि उनके कई परिजन घायल हो गए। इस दुखद खबर से जैदपुर कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो मे शोक की लहर दौड़ गई।
गुरुवार करीब 11 बजे पूर्व सांसद उपेंद्र रावत,समाजसेवियो और राजनेताओं के साथ स्वर्गीय मुकेश मौर्य के आवास पर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। पूर्व सांसद ने परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। इस दौरान विनय वर्मा,पूर्व विधानसभा विस्तारक जानकी प्रसाद तिवारी और प्रमोद शर्मा,जितेन्द्र कुमार डीएम वर्मा सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**ज़ैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय पॉलिटेक्निक बरैया में बुधवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत जरनल एंड मेंटल हेल्थ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस, स्वास्थ्य, सामाजिक कार्यकर्ता के साथ पॉलिटेक्निक के प्रवक्ता ने छात्राओं को जरूरी बातें बताई। इस अवसर पर सीओ सदर सौरभ श्रीवास्तव ने कहाकि अवसाद में नही रहना है। मेहनत से पढ़ाई करना चाहिए। जिससे यह समय खराब न हो और अब लड़की लड़का सब बराबर हो गए हैं। योग्यता के अनुसार नौकरी मिल रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार छात्राओं व महिलाओं के लिए हर तरह से मदद और सहयोग कर रही है। जिला महिला थाना प्रभारी मुन्नी देवी ने छात्राओं को मिशन शक्ति से जुड़ी वह बरीख बातें बताई। जिनको सुनकर छात्राओं ने नोट कर लिया। एक छात्रा को घर से कॉलेज और मोबाइल पर कैसे किया करना है सब बताया। स्वास्थ्य विभाग के डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह ने छात्राओं को स्वस्थ जीवन जीने के विषय में बताया। और खान पीन में अभी से सुधार के लाभ बताए।

संस्था के प्रधानाचार्य वीके सिंह ने कहाकि निर्भीक व नियमित होकर पढ़ना चाहिए।सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए।थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने छात्रों से कहाकि कोई बात अभिभावक से नही छिपानी चाहिए। सरकार द्वारा टोल फ्री नंबर जारी किए गए हैं।उनको हमेशा मोबाइल में सेफ कर के रखना चाहिए। इस अवसर पर प्रीति सिंह,पूनम वर्मा,विकास कुमार,सतीश कुमार आदि उपस्थित थे।

## मेडिक्स अस्पताल का सीएचसी अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



मेडिक्स निजी अस्पताल का सीएचसी अधीक्षक डॉ संतोष सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में गंदगी,बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन का अभाव और ओपीडी-आईपीडी रजिस्टर उपलब्ध नहीं पाए गए।इन गंभीर अनियमितताओं के चलते अस्पताल प्रबंधन को चेतावनी नोटिस जारी किया गया है।गुरुवार को डॉ संतोष सिंह ने अपनी स्वास्थ्य टीम के साथ बदोसराय कस्बा स्थित सफदरगंज बदोसराय मार्ग पर स्थित इस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। टीम के अस्पताल पहुंचते ही वहां हड़कंप मच गया। जांच के दौरान अस्पताल में ओपीडी और आईपीडी के रजिस्टर नहीं मिले,जिस पर अधीक्षक ने नाराजगी व्यक्त की। इसके अतिरिक्त अस्पताल परिसर में जगह-जगह गंदगी पाई गई और बायो मेडिकल वेस्ट के उचित संचालन की कोई व्यवस्था नहीं थी।सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि निरीक्षण में पाई गई सभी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।अनियमितताओं के लिए अस्पताल प्रबंधन को चेतावनी नोटिस जारी किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### हाजी अजीम के पिता के निधन पर शोक

**इटावा।** अंजुमन ए गुलाम ए हुसैन कमेटी के संरक्षक हाजी अजीम वारसी के पिता हाजी अब्दुल मजीद का सैफई पीजीआई में इलाज के दौरान मंगलवार की रात को इंतकाल हो गया। इस मौके पर शहर के काफी लोगों ने शोक व्यक्त किया है। बुधवार सुबह जैसे ही उनके मिलने वाले लोगों को यह खबर मिली उनके सराय शेख स्थित घर पर लोगों का आना जाना शुरू हो गया। उनकी जनाजे की नमाज नौरंगाबाद शाही मस्जिद पर असर बाद हुई इसके बाद उनका दफीना चाणक्य होटल के सामने कब्रिस्तान में हुआ। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग कब्रिस्तान पहुंचे।

### चाय बनाते समय झुलसा युवक, सिविल अस्पताल में भर्ती

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कस्बा के भटखेरा वार्ड में बुधवार की रात चाय बनाते समय एक 28 वर्षीय युवक गंभीर रूप से झुलस गया। जिसका सिविल अस्पताल में उपचार चल रहा है। पता चला है कि नेशनल हाईवे के किनारे स्थित सार्वजनिक इंटर कॉलेज के सामने भटखेरा वार्ड में परिवार के साथ रहने वाले नितिन सोनी बीती देर रात चाय बना रहे थे। ।परिजनों ने बताया कि गैस पाइप फट जाने से आग लग गई। घटना में युवक बुरी तरह झुलस गया। परिजनों द्वारा आनन– फानन में उसे सिविल अस्पताल लखनऊ में भर्ती कराया गया है। जहां उपचार चल रहा है।

### व्यापार मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट से मिलकर दर्ज कराई आपत्ति

**इटावा।** गुरु तेग बहादुर पुल से लेकर मालगोदाम रोड तक सड़क किनारे सरकारी जमीनों पर लग रहे अनाधिकृत बाजारों पर व्यापार मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट से मिल कर आपत्ति दर्ज कराई है, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित व रेडीमेड ऐसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देव गुप्ता ने बताया कि ये मार्ग व्यस्ततम यातायात के बीच आता है,आये दिन यहां जाम लगते हैं स्कूली बच्चों, मरीजों सहित आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है, तिब्बती सहित अन्य बाजारों ने फुटपाथ कब्जा लिये हैं जिससे स्थानीय व्यापारियों को भी नुकसान होता है और कर अपवचंना कर लाये गये सामानों से राजस्व का भी नुक्सान होता है।

### विश्व मानसिक दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**बाराबंकी।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के मंशानुसार प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में माह अक्टूबर 2025 के प्लान आफ एक्शन के अन्तर्गत गुरूवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर संगोष्ठी/विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अतिरिक्त अ0सुदन मुख्य विकास अधिकारी, अवधेश कुमार मुख्य चिकित्साधिकारी, डॉ. डीके श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, अर्चना श्रीवास्तव, सदस्य मानसिक स्वास्थ्य समिति एवअन्य कर्मचारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी शामिल हुये। श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा बताया गया कि वैसे तो हर वर्ष विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर को मनाया जाता है किन्तु 10 अक्टूबर 2025 को देवा मेला अवकाश होने के कारण यह आयोजन आज किया जा रहा है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की शुरुआत 1992 में विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ द्वारा की गई थी तब से, विश्व स्वास्थ्य संगठन भी इस जागरूकता कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघहर साल एक नई थीम चुनता है, जो उस वर्ष के प्रमुख मानसिक स्वास्थ्य एजेंडा पर केंद्रित होती है। वर्ष 2025 की थीम ''सेवाओं तक पहुँच, आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य'' है, जो संघर्ष, आपदा और विस्थापन से प्रभावित लोगों तक मानसिक स्वास्थ्य सहायता पहुँचाने की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर देती है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य के समर्थन में प्रयासों को गति देना है, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के बारे में लोगों को शिक्षित करना और उनसे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना है।

## पहला मैच श्रीचंद्र हॉकी अकेडमी हरदोई व दूसरा मैच डीएचए गोला ने जीता

- देवा मेला में हुआ राज्य स्तरीय हॉकी खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ
- हॉकी खिलाड़ियों से मिले पूर्व ओलंपियन दानिश मुजतबा



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ऐतिहासिक देवा मेला के हॉकी मैदान में गुरुवार से राज्य स्तरीय हॉकी खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व ओलंपियन दानिश मुजतबा ने हॉकी के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर किया। पहला मैच श्री चंद्र हॉकी अकेडमी हरदोई और प्रिंस क्लब शाहजहांपुर के बीच खेला गया। जिसमें श्री चंद्र हॉकी अकेडमी हरदोई के खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेलते हुए 6-1 से मैच पर फतेह हासिल की और प्रिंस क्लब शाहजहांपुर को महज एक गोल पर ही समेट दिया। इसके बाद दूसरा मैच गाँधी क्लब बाराबंकी और डीएचए गोला के बीच खेला गया। इस मैच के रोमांचक मुकाबले में डीएचए गोला की टीम ने 4-2 से मैच पर जीत हासिल की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व ओलंपियन दानिश मुजतबा, सचिव जिला ओलंपिक संघ धीरेंद्र कुमार वर्मा, देवा मेला आयोजन सचिव मजहर अजीज ख़ाँ, व महबूब-उर-रहमान किदवई, चंदा रानी आदि लोग उपस्थित रहे।

## म्यांमार व थाईलैंड के बौद्ध अनुयायी पहुंचे संकिसा, की पूजा-अर्चना

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थस्थल संकिसा में म्यांमार व थाईलैंड देश के बौद्ध अनुयायी पहुंचे। अनुयाइयों ने बौद्ध बिहारों के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को म्यांमार व थाईलैंड देश के करीब दो दर्जन से अधिक अनुयाई बौद्ध तीर्थस्थल संकिसा पहुंचे। अनुयाइयों ने बौद्ध विहारों के दर्शन किए और अपनी भाषा में बौद्ध वंदना की। इसके बाद स्तूप की परिक्रमा की। संकिसा को भगवान बुद्ध के स्वर्ग से अवतरण का पवित्र स्थल माना जाता है।

इस आध्यात्मिक स्थल पर कंबोडियाई, म्यांमार और लंका बौद्ध विहार भी स्थित हैं। विदेशी पर्यटकों के साथ आए गाइड शैलेंद्र सिंह ने बताया कि थाईलैंड से आया 28 सदस्यीय बौद्ध धर्मावलंबियों का समूह 6 दिवसीय भारत दौरे पर है। ये श्रद्धालु लखनऊ से संकिसा पहुँचे हैं और यहाँ दर्शन के बाद श्रावस्ती के लिए रवाना होंगे। वहीं म्यांमार के श्रद्धालुओं ने बौद्ध स्तूप पर जाकर विशेष पूजा अर्चना की और धम्म पद का पाठ किया। इसके बाद उन्होंने संकिसा के आसपास के गाँवों से आए लोगों द्वारा दिए गए प्रसाद को ग्रहण किया।



संकिसा में मौजूद विदेशी बौद्ध अनुयाई

## मृतक आरक्षी को पुलिस लाइन में दी गयी सलामी, सीओ ने दिया कंधा

- बीती सुबह डियूटी से लौटते समय ट्रैक्टर की टक्कर से हो गयी थी मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सड़क हादसे में आरक्षी की असमय मृत्यु पर फतेहगढ़ पुलिस लाइन में सलामी दी गयी। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। वहीं इस घटना के बाद मृतक की पत्नी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार जनपद इटावा के उसाहार थाना अंतर्गत नगला धकऊ गांव के रहने वाले अजय कुमार पुत्र तिलक सिंह हरदोई के सीमावर्ती हरपालपुर थाने में तैनात थे। बुधवार को नाइट ड्यूटी करने के बाद सुबह करीब 5 बजे स्प्लेंडर बाइक से अपने घर आ रहे थे। अजय थाने से करीब 30 किलोमीटर दूर आए थे, तभी इटावा-बरेली नेशनल हाईवे पर राजेपुर थाना क्षेत्र में आगे जा रहे एक भूसा लदी ओवरलोडेड ट्रैक्टर ट्रॉली को ओवरटेक करने लगे, तभी ट्रैक्टर चालक ने अचानक कट मार दिया। जिससे अजय की उससे टक्कर हो गई। अजय का बैलेंस बिगड़ गया और वे बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद ट्रैक्टर-ट्राली का भी बैलेंस बिगड़ गया। ट्राली ट्रैक्टर से अलग होकर रोड पर पलट गई। इसी दौरान सिपाही का सिर ट्रॉली के पहिए के नीचे कुचल गया। ट्रॉली उनके सिर को कुचलते हुए करीब 8 फीट आगे तक चली गई। सूचना पर पुलिस पहुंची ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। घटनास्थल पर एक बैग में अजय के कपड़े मिले। जेब में आईडी कार्ड बरामद हुआ। जिससे सिपाही की पहचान हो सकी। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर व ट्राली छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद बाइक के परखच्चे उड़ गये। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। सिपाही अजय कुमार को पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस लाइन ग्राउंड में सलामी दी गई। सीओ अमृतपुर संजय वर्मा और सीओ मोहम्मदाबाद अजय वर्मा समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने पार्थिव शरीर को कंधा दिया।



मृतक आरक्षी को कंधा देते सीओ

इसके बाद परिजन शव के साथ इटावा के लिए रवाना हो गए। वहीं पति को पुष्प अर्पित करने के दौरान पत्नी प्रियंका यादव फूट-फूटकर रो पड़ीं। उनकी शादी को अभी सिर्फ 2 साल ही हुए थे। बताते चलें कि आरक्षी अजय कुमार 2020 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। वह करीब दो वर्ष से हरपालपुर थाने में तैनात थे। वहीं राजेपुर थानाध्यक्ष सुदेश विश्वकर्मा ने बताया कि ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

## सुमंगलमति माता का दीक्षा दिवस मनाया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, लालपुरा प्रांगण में समाधिसम्राट आचार्य सन्मति सागर महाराज की पावन शिष्या पूज्या आर्यिका रत्न गौरव सुमंगलमति माता जी समाधिस्थ का 15वां दीक्षा दिवस हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली से पधारे पंडित पुष्पेंद्र शास्त्री के निर्देशन में किया गया। समारोह के शुभारंभ में माता जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

## तेरहवीं का सामान लेकर लौट रहे बेटे की मौत



**चकरनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र के गांव ढकरा में बुधवार देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। मां की तेरही का सामान लेने गए युवक को तेज रफ्तार टेम्पो ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजन आनन–फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना चकरनगर के गांव ढकरा निवासी 30 वर्षीय चंदन सिंह की मां बिंदा देवी की लंबी बीमारी के चलते 26 सितंबर को मौत हो गई थी। जिनकी तेरहवीं के लिए बुधवार संध्या काल लगभग आठ बजे मृतका का बेटा चंदन चकरनगर बाजार से आवश्यक सामान लेने गया था। लौटते समय गांव के बाहर ढकरा पुलिया के पास एक तेज रफ्तार टेंपो ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल चंदन को स्वजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद तेरवीं कार्यक्रम में मौजूद स्वजन व कोहराम मच गया। बताया जाता है कि चंदन कुछ दिन पहले ही हैदराबाद से अपनी मां के निधन की खबर सुनकर गांव लौटा था। वह मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करता था। पुलिस ने टेंपो चालक की तलाश शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई में जुटी है। ब्रह्मानंन्द सिंह कठेरिया, एसडीएम चकरनगर ने बताया कि जिस व्यक्ति की टेंपो की टक्कर से मौत हुई है। जिस किसान का पोस्टमार्टम कराया गया है, रिपोर्ट आने पर किसान दुर्घटना बीमा दिलाया जाएगा।

## सपा ने मनाया कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



पार्टी कार्यालय पर मान्यवर कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू सांसद जितेंद्र दोहरे, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बहुजनों के नायक, दलित, शोषितो, वंचितों के मसीहा कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तत्पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

विचार गोष्ठी जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदोरिया वीरू, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, जिलाउपाध्यक्ष आशीष राजपूत, रवींद्र शुक्ला, अनवर हुसैन, जिलाकोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह जाटव, उदयभान सिंह यादव, प्रदेश सचिव केपी शाक्य, जिलाप्रवक्ता विकास गुप्ता विक्की, जिलाध्यक्ष छात्रसभा रवी यादव विधायक विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुलले, जिलासचिव सीताराम कश्यप, प्रवीण कुशवाहा, नम्रता सिंह दोहरे, अमित कठेरिया, डॉ संतोष राठौर ने विचार रखें। इस मौके पर जिलासचिव मनोज राणा वाल्मीकि, छात्रसभा जिला प्रमुख महासचिव प्रदीप कुमार यादव, संतोष राजपूत, अखिलेश वर्मा, रामप्रकाश यादव, पप्पू यादव, राजकुमार यादव, शिक्षकसभा जिलाध्यक्ष उपेंद्र यादव, चंद्रप्रकाश यादव, हुकुम सिंह यादव, गोविंद गौतम, रिशु चौधरी, लालू यादव छात्रसभा सचिव, अंकुर यादव, बृजेंद्र यादव सुनील यादव मोटे, दीपू यादव, गोविंद यादव, हिमांशु राठौर उपस्थित रहे।

## मानसिक रूप से बीमार युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**चकरनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने दूसरी मंजिल पर बने कमरे में बुधवार संध्या काल को फांसी का फंद्रा लगाकर जान दे दी। शव फांसी पर लटकता देखकर स्वजन में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या का कारण पुलिस तलाशने में जुटी है। सहसों थाना के गांव मिटहटी निवासी राजकुमार दिवाकर का लगभग 20 वर्षीय बेटा नितेश कुमार मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में आराम कर रहा था। बुधवार संध्या काल लगभग सात बजे पिता राजकुमार कमरे से कुछ सामान लेने पहुंचे, तो बेटा को फांसी के फंदे पर लटकता देखकर चीखते-चिल्लाते हुए नीचे की तरफ दौड़ पड़े। मौके पर स्वजन विलाप करने लगे। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, लेकिन युवक के आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका। पुलिस उक्त मामले में जांच पड़ताल कर आत्महत्या का कारण खोजने में जुटी है। मौके पर कुछ ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि उक्त युवक मानसिक रूप से बीमार था, जिसका इलाज भी चल रहा था।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सुनील कुमार व उसकी पत्नी शिवकुमारी को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**कलावती पत्नी स्व. रामकुमार ग्राम शेखनापुरवा, मजरे निरऊमऊ, पोस्ट लक्ष्मनपुर, परगना व थाना सतरिख, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी।**

### सूचना

मैंने अपने पुत्र रामनरायन गुप्ता का आचरण अच्छा न होने के कारण उससे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कार्य, मुकदमा या लेन देन की मेरी व मेरी पत्नी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**रामचंद्र पुत्र शांति स्वरूप, मोहल्ला ग्रेसीगंज, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

# कन्नौज पहुंचे उपमुख्यमंत्री, राम अरुण को दी श्रद्धांजलि

## 65 लाख की लागत से बनें सामुदायिक केंद्र खैरनगर का किया शिलान्यास



उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को इत्र भेंट करते मंत्री असीम अरुण व जिलाध्यक्ष वीरसिंह

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

ठठिया क्षेत्र के खैरनगर स्थित नॉर्थ स्टार स्कूल में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री डॉ. बृजेश पाठक ने समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के स्व. पिता राम अरुण की सप्तम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। डॉ. पाठक ने कहा कि राम अरुण ईमानदार, निष्पक्ष व पारदर्शी अधिकारी रहे। पुलिस सुधारों में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा।

उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 65 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक केंद्र बारात घर का शिलान्यास किया। साथ ही पाँच टीबी रोगियों को पोषण पोटली और दस वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। मंत्री असीम अरुण ने बताया कि उनके पिता मात्र 21 वर्ष की आयु में आईपीएस बने थे। उन्होंने सात पुस्तकें लिखीं, जिनमें एक आत्मकथा भी शामिल है। उन्होंने खैरनगर व मानीमऊ पीएचसी के उच्चीकरण की जानकारी भी दी। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने खैरनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त रखने व समय से दवाओं की डिमांड भेजने के निर्देश दिए।क कार्यक्रम में विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, विधायक छिबरामऊ अर्चना पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एसपी विनोद कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी रहे।

# कुंवरपुर बनवारी में सड़क-नाली की शिकायत की जांच

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम कुंवरपुर बनवारी निवासी बृजेश पांडेय ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर नल रीबोर, सड़क और नाली की शिकायत की थी। इस पर जिला प्रशासन ने जांच के लिए एक टीम गठित की। टीम ने मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया, जिसमें ग्राम पंचायत सचिव आदित्य कुमार, जेई अरविंद, सहायक आयुक्त राजीव लोचन शर्मा, सहायक निबंधक सहकारिता कन्नौज, अवर अभियंता अरुणेश रावत और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शाहिद मंसूरी मौजूद रहे। करीब दो घंटे चली जांच में सभी बिंदुओं की गहनता से जांच पड़ताल की गई। जांच में शिकायतें सही पाई गई। कुछ में नाम अवलोकन की समस्याएं पाई गई हैं उसकी सही से जांच करके जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# छिबरामऊ व विशुनगढ़ में छात्राओं ने संभाली प्रशासनिक कमान

**कल्याणी बनीं एसडीएम तो चंद्रप्रभा को बनाया गया विशुनगढ़ थाना प्रभारी**



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बीए की छात्रा कल्याणी चौहान को एक दिन के लिए उप जिलाधिकारी (एसडीएम) बनाया गया तथा चंद्रप्रभा को विशुनगढ़ का थानाध्यक्ष बनाया गया।

इस पहल का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और युवतियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। नगर के मोहल्ला बिरतिया निवासी कल्याणी ने एसडीएम की कुर्सी संभालते ही अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। उन्होंने सबसे पहले हाजिरी रजिस्टर की जाँच की, जिसमें तीन कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। कल्याणी ने उन्हें गैर-हाजिर दर्ज कर फटकार लगाई और कार्यशैली में सुधार के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने तहसील में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के आदेश दिए। कल्याणी ने बताया कि इस अनुभव ने उन्हें प्रशासनिक कार्यों की चुनौतियों और जिम्मेदारियों का एहसास कराया। उनका सपना आईएएस अधिकारी बनकर देश सेवा करना है। उनकी कार्यशैली से एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी भी प्रभावित हुए। इसी तरह विशुनगढ़ कस्बे के श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज की छात्रा चंद्रप्रभा को एक दिन के लिए विशुनगढ़ थाना प्रभारी बनाया गया। पदभार संभालते ही चंद्रप्रभा ने पुलिस स्टाफ से परिचय प्राप्त कर थाना परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने दो फरियादों को सुना और दोनों मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। उनकी इस पहल और आत्मविश्वास की पुलिस अधिकारियों और ग्रामीणों ने खूब सराहना की। थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना है, ताकि वे समाज में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभा सकें।

# निबंध प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी संयोजक डॉ शिप्रा वर्मा रहीं। प्राचार्य डॉ हेमेंद्र सिंह ने प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों को सुरक्षित यात्रा एवं रोड सेफ्टी के बारे में बताया। कार्यक्रम में डॉ डिंपल कुशवाहा द्वारा महिला शक्ति मिशन के अंतर्गत महिलाओं को सुरक्षित वाहन चलाने के नियमों की जानकारी दी गई। डॉ नागेंद्र सिंह ने छात्र- छात्राओं को हेलमेट और सीट बेल्ट के सही प्रयोग के बारे में बताया। प्रतियोगिता में छात्र प्रथम सुखद, अंजलि द्वितीय एवं मुस्कान तृतीय स्थान पर रहे।

# पशुपालकों को संचारी रोगों से बचाव के लिए किया प्रेरित

**पशुपालन विभाग की जागरूकता गोष्ठी**



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत पशुपालन विभाग ने ग्राम सराय दायमगंज के सचिवालय में आयोजित गोष्ठी में ग्रामीणों को पशुओं में फैलने वाले संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया।

उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. नेम कुमार ने पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों और संक्रमणों की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने पशुपालकों को सफाई का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी तथा सूकर पालन करने वालों को आबादी से दूर रखने पर जोर दिया, ताकि बीमारियां ग्रामीणों तक न फैलें। डॉ. कुमार ने लेप्टोस्पाइरोसिस, ब्रुसेलोसिस जैसी वायरल बीमारियों के लक्षण, कारण व बचाव के उपाय बताए। साथ ही, स्वाइन फीवर और बर्ड फ्लू जैसी जानलेवा बीमारियों से सावधानी बरतने पर बल दिया। अंत में उन्होंने नारा दिया, स्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को हराना है%। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य ने अपने संबोधन में कहा पशुपालन हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन संचारी रोगों से सतर्कता न अपनाने पर यह खतरे में पड़ सकती है। डॉ. नेम कुमार जैसे विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से हम न केवल पशुओं, बल्कि खुद की सेहत की रक्षा कर सकते हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ उठाते हुए वैक्सीनेशन और स्वच्छता पर ध्यान दें। आइए, मिलकर इन रोगों का सामना करें और स्वस्थ गांव बनाएं। उनके उद्गारों से ग्रामीणों में उत्साह का संचार हुआ। गोष्ठी में स्वास्थ्य विभाग से एएनएम पूजा शर्मा, पशु मित्र आदित्य कुमार व नीरज कुमार, चौकीदार सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित रहे। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बेहटा खास में भी पशुपालन विभाग द्वारा गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पूरणमल सिंह के नेतृत्व में पशुपालकों ने भाग लिया।



# पथ संचलन में स्वयंसेवकों ने दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का तिवारियान बस्ती का पथ संचलन निकला। कदमताल मिलाते हुए सैकड़ों स्वयंसेवकों की अनुशासित कतारें राष्ट्रभक्ति का संदेश दे रही थीं। इस दौरान स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। नगर प्रचारक गौरव जी के गीत संगठन बढ़े चलो सुपथ पर बढ़े चलो जैसे संगठन गीतों पर स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी साथ रहे। विभाग बौद्धिक प्रमुख रजनीश ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर पंच परिवर्तन पर जोर देते हुए कहा पंच परिवर्तन से ही समाज में परिवर्तन होगा। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वह आत्मनिर्भर बने और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे। कार्यक्रम में नगर संघचालक रामशंकर, कार्यवाह कमल किशोर, संजय, देवीशरण, राजन, अनुराग, कृष्णा एवं बस्ती के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भीम आर्मी ने दी कांशीराम को श्रद्धांजलि



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

**चंद्रशेखर आजाद को बताया सच्चा उत्तराधिकारी**

आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी के तत्वावधान में कस्वा गुरसहायगंज के निजी गेस्ट हाउस में कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कोर कमेटी सदस्य एवं मंडल प्रभारी जावेद वारसी रहे। उन्होंने कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभा को संबोधित करते हुए वारसी ने कहा कि कांशीराम ने जातियों में बंटे समाज को एकजुट कर बहुजन समाज का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि यदि मां कांशीराम न होते, तो बहुजन समाज सत्ता का सपना भी नहीं देख पाता। इस मौके पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष सूरज गौतम ने कहा कि बाबा साहब के बाद कांशीराम ही असली क्रांतिकारी थे, जिनका अधूरा मिशन आज चंद्रशेखर आजाद आगे बढ़ा रहे हैं।

आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि यदि कोई मां कांशीराम जी का सच्चा उत्तराधिकारी है, तो वह सिर्फ चंद्रशेखर आजाद हैं। भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह सरकार बहुजनों के अधिकारों का हनन कर रही है और लोकतंत्र पर हमला कर रही है। आने वाले चुनावों में आजाद समाज पार्टी मजबूती से चुनाव लड़कर भाजपा को सत्ता से हटाएगी। कार्यक्रम में हर्षित गौतम, विजय गिहार, नेम सिंह खटिक, शेर सिंह, चांद खां, गुलाम वारिस, अनंत शाक्य, डॉ. रमेश चंद्र, ग्रीसभान, सुरजीत दिवाकर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता रहे।

# राजू खान को बनाया गया अखिल भारतीय सोनिया ब्रिगेड का जिलाध्यक्ष



**छिबरामऊ, कन्नौज।** अखिल भारतीय सोनिया ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष ने नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी पूर्व सभासद राजू खान पुत्र वारिस खान को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजू खान की पार्टी के प्रति निष्ठा और प्रतिबद्धता के कारण उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें कांग्रेस के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है। जिला उपाध्यक्ष विनोद दुबे (पप्पू) ने कहा कि सोनिया गांधी द्वारा स्थापित संगठन का उद्देश्य कांग्रेस की नीतियों और स्वतंत्रता के बाद हुए विकास को गांव-गांव तक पहुंचाना है। पूर्व नगर अध्यक्ष विनोद दुबे ने राजू खान को बधाई देते हुए कहा कि वे जनता को बताएं कि भाजपा शासन में बेरोजगारी, महंगाई, महिलाओं का शोषण और गुंडागर्दी बढ़ी है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के दलित मुख्य न्यायाधीश गवई पर जूता फेंकने की घटना का उदाहरण दिया। बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष मोहम्मद शाकिर हुसैन, संजय पौल, आशाराम यादव, आशीष चौहान, मेहराज वारसी, राजू यादव, राजू अंसारी सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

# कांशीराम का अधूरा मिशन अखिलेश करेंगे पूरा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



**सपा कार्यालय में कांशीराम परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम, मायावती पर हमला**

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बहुजन आंदोलन के अग्रदूत मान्यवर कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कलीम खान ने की। संचालन विधानसभा अध्यक्ष पी.पी. सिंह बघेल ने किया।

सपा नेताओं ने कांशीराम के योगदान को याद करते हुए उन्हें बहुजन समाज की राजनीतिक चेतना का जनक बताया। पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने कहा कि कांशीराम का जीवन शोषितों के हक की लड़ाई को समर्पित रहा। वहीं पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे ने 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' के नारे को याद दिलाया। प्रदेश सचिव आकाश शाक्य ने मायावती पर निशाना साधते हुए कहा कि आज बहन जी ने मान्यवर की विरासत को सत्ता की दलाली में गिरवी रख दिया है। अब कांशीराम जी के अधूरे मिशन को अखिलेश यादव ही आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। सभी ने सामाजिक न्याय और समानता के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस दौरान कलीम खान, अरविन्द सिंह यादव, कल्याण सिंह दोहरे, आकाश शाक्य, पी.पी. सिंह बघेल, राकेश कठेरिया, राकेश कटियार, सुनील दिवाकर, अर्चना मिश्रा, कुसुम यादव, मसूद भुट्टो, नेम सिंह यादव, रजनीकांत यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धनुष यज्ञ में पिनाक ने किया क्षत्रिय राजाओं का गर्व चूर

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के मिरगांवा में श्री ग्रामेश्वर महादेव मंदिर में चल रही श्री राम कथा के पांचवे दिन श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के जीवन के अद्भुत पहलुओं से परिचित कराया गया। कथा वाचिका पूज्या कनक पांडेय ने विशेष रूप से राजा जनक द्वारा आयोजित धनुष यज्ञ का उल्लेख किया, जिसमें भगवान शिव के पिनाक धनुष को लेकर गर्वीले क्षत्रिय राजाओं की वीरता का दंभ चूर हो गया। कथा के दौरान कथा व्यास कनक पांडेय ने बताया कि किस तरह भगवान शंकर का पिनाक धनुष सीता जी द्वारा उठाए जाने पर राजा जनक को यह प्रतिज्ञा करने को मजबूर किया कि जो भी इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, वही उनका जामाता बनेगा। यज्ञ के दौरान जब किसी भी राजा से यह धनुष नहीं उठा, तो उनका गर्व टूटकर गिर पड़ा।

गर्व पतन का कारण बनता है, इस उक्ति के माध्यम से कथा वाचिका ने बताया कि घमंड करने वाला हर व्यक्ति किसी न किसी मोड़ पर अपनी असलियत को स्वीकार करने के लिए मजबूर हो जाता है।

# पिता-पुत्र करंट की चपेट में झुलसे, हालत गंभीर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम बिकुपूर निवासी खेत मे काम कर रहे पिता पुत्र हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। हालात गंभीर होने के कारण उन्हें तिर्वा मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिकूपुर निवासी 45 वर्षीय मनोज कश्यप और उनका 18 वर्षीय पुत्र रितेश कश्यप अपने खेत में ट्रॉली से गोबर खाद डालते समय करंट की चपेट में आ गए। घटना तब हुई जब रितेश का सर खेत के ऊपर लटक रही 11,000 वोल्ट की बिजली लाइन से टकरा गया, जिससे दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। आसपास काम कर रहे किसानों ने तुरंत उन्हें सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। इस घटना ने क्षेत्र में बिजली लाइनों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए हैं। प्रशासन और बिजली विभाग से इस मामले की जांच और उचित कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नजरबंद

**पुलिस पर लगाया तानाशाही का आरोप**



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उरई स्थित इंदिरा स्टेडियम में प्रस्तावित कार्यक्रम से ठीक पहले राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. अभिषेक दीक्षित को पुलिस प्रशासन द्वारा नजरबंद किए जाने का मामला सामने आया है।

बताया जा रहा है कि अभिषेक दीक्षित मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने की तैयारी में थे जिसमें ब्राह्मण समाज पर हो रहे कथित उत्पीड़न, ब्राह्मणों की हत्याओं और विप्र कल्याण बोर्ड के गठन की मांग से जुड़ी बातें शामिल थीं। सूत्रों के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस की एक टीम अभिषेक दीक्षित के आवास पहुंची और उन्हें घर से बाहर निकलने से रोक दिया। इसके बाद उन्हें नजरबंद कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक दीक्षित ने प्रशासनिक कार्रवाई को तानाशाही करार देते हुए कहा कि सरकार युवाओं की आवाज को दबाने का काम कर रही है। जब भी कोई संगठन समाज के हक की बात करता है तब प्रशासन पुलिस के बल पर उसे रोकने का प्रयास करता है। उन्होंने आगे कहा कि उनका उद्देश्य मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर ब्राह्मण समाज की समस्याओं और उत्पीड़न के मामलों को उनके संज्ञान में लाना था लेकिन प्रशासन ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के अधिकार को भी छीन लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार ब्राह्मण समाज के साथ अन्याय हो रहा है लेकिन सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। संगठन का उद्देश्य किसी प्रकार का विरोध नहीं था।

बल्कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाना था। अभिषेक दीक्षित ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस प्रकार सरकार ब्राह्मण समाज की आवाज को दबाने का कार्य जारी रखती है तो इसका राजनीतिक परिणाम आगामी चुनावों में देखने को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ समाज के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए किसी भी स्तर तक संघर्ष करेगा।

# मानसून की बेरुखी ने फसलों की बुबाई पर लगाया ब्रेक, अन्नदाता परेशान

**कालपी,जालौन।** मानसून की बरसात फसलों के लिए अच्छी होती है पर अब यह किसानों के लिए समस्या बन गयी है आए दिन हो रही बर्षा से उनकी रवी की फसलों की बुबाई का समय निकल रहा है जिससे वह परेशान है। विदित हो कि नवरात्रि के आगमन के साथ रवी की फसलों में लाही, चना, मटर, मसूर आदि जिन्सो की बुबाई शुरू हो जाती है जिसके लिए किसानो ने समय से खेतों में बुबाई की तैयारी भी शुरू कर दी थी लेकिन वह अपने खेतों की जुताई कर पाते कि इससे पहले जाते मानसून ने किसानों को रोक दिया था और भारी बरसात से उनके खेतों में पानी भर गया था हालांकि किसानों को लगा था।

# पौराणिक धरोहरों के संरक्षण को लेकर विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांगपत्र

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जनपद आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कालपी विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक, पौराणिक धरोहरों तथा यमुना नदी के संरक्षण व सड़कों के निर्माण के लिए अलग-अलग मांग पत्र सौंपकर चतुर्मुखी विकास कराने की मांग की है। गुरुवार को विधायक विनोद चतुर्वेदी ने उरई के इंदिरा स्टेडियम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मांगों के पत्र सौंपते हुए कहा कि कालपी क्षेत्र के यमुना नदी के किनारे बसे ग्रामों में बाढ़ का पानी घुस जाने से फसलें डूब जाती है, जिससे तटवर्ती ग्रामीणों के रहने तथा जीवकोपार्जन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसलिए पुराने व्यास मंदिर से मदारपुर गांव तक तथा किलाघाट से रेलवे ब्रिज तक रिटर्निंग वाल का निर्माण कराया जाए। विधायक ने कहा कि मदरालालपुर में प्राचीन सूर्य मंदिर जर्जर स्थिति में है, भगवान सूर्य की उपासना एवं सूर्यकुंड के स्नान से लोग निरोगी हो जाते हैं। इसी तरह यमुना नदी के किनारे स्थित पीला घाट जर्जर हालत में है। विधायक ने कालपी से गुलौली होते हुए सूर्य मंदिर तक सड़क निर्माण तथा ऐतिहासिक पीला घाट का जीर्णोद्धार कराने की मांग की है। इसी क्रम में उन्होंने यमुना नदी के दोनो पुलों में मानव की सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए दोनों ओर रेलिंग का निर्माण करने की मांग की है। उन्होंने कालपी नगर के मोहल्ला गणेशगंज में स्थित मराठा कालीन प्राचीन गणेश मंदिर जिसमें वीरांगना लक्ष्मीबाई ने स्वयं पूजा अर्चना की थी तथा आस्था का केंद्र है। इसलिए मराठा कालीन गणेश मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जाए। विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कालपी नगर की काशीराम कॉलोनी होते हुए काशीखेड़ा गांव तक संपर्क मार्ग लॉजिस्टक योजना के तहत निर्माण करने तथा उरई, चुर्खी सिम्हारा पाल सरैनी मार्ग के चौड़ीकरण करने की मांग की है।

# एनएच-27 में गड्ढों की भरमार, हर रोज वाहन हो रहे दुर्घटनाग्रस्त

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**



आटा टोल प्लाजा से लेकर यमुना पुल तक राष्ट्रीय राजमार्ग 27 की एक लेन की हालत ठीक नही। सड़क में गड्ढे होने से वाहन चालकों की परेशानी बढ़ी है तो उनके वाहनों में भी क्षति हो रही है लेकिन इसके रखरखाव की जिम्मेदारी उठाए कम्पनी को जनता की इस परेशानी से कोई वास्ता नही है।

अच्छी सड़के सुगम यातायात का आधार होती है और इसके लिए शासन ने प्रमुख राजमार्गो को राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण को दिया है जिसके तहत तहसील क्षेत्र निकला एनएस 27 का विस्तारीकरण भी प्राधिकरण के द्वारा करवाया गया था और इसके रखरखाव और जन सुविधाओं की जिम्मेदारी भी प्राधिकरण की है जिसके एवज में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण वाहनों से टोल टैक्स भी वसूलता है और इस समय आटा से लेकर कानपुर देहात के बारा तक रखरखाव और जन सुविधाओं को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी एनएचआईटी कम्पनी के पास है जिसने गत अप्रैल से उसने यह जिम्मेदारी उठाई थी लेकिन उक्त कम्पनी ने अभी तक सड़क पर कोई भी काम नही कराया है जिससे राजमार्ग दुर्दशा का शिकार हो गया है आलम यह है कि आटा से लेकर बारा जोड़ तक एक लेन पर वाहनो का चलना मुश्किल हो रहा है। नगर निवासी कल्लू पंडित कहते कि हाइवे की एक लेन इतनी खराब हो गयी है कि वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है। वाहन चालक भूरे अंसारी की माने वह लोग हाईवे पर सफर करने के लिए टोल टैक्स के रूप में भारी शुल्क अदा करते हैं और बदले में उन्हें गड्ढों में वाहन चलाने को मजबूर किया जा रहा है। वही नगर निवासी उमाकांत तिवारी के अनुसार हाईवे बनने से सफर जल्दी पूरा हो जाता था लेकिन अब कानपुर तक की यात्रा मे दोगुना समय लग रहा है जबकि वह इसके लिए भारी शुल्क अदा कर रहे है लेकिन एनएचएआई को जनता को हो रही परेशानी से कोई वास्ता नही है। शिक्षक दिव्यगोपाल श्रीवास्तव के अनुसार एनएचएआई जनता के साथ धोखा कर रही है जबकि इस रोड से शासन के बड़े अधिकारी और मन्त्री भी गुजरते रहते है लेकिन टोल टैक्स देने के बाद भी खराब हाइवे की स्थिति उन्हें नही दिख रही है। इस संबंध में जब एनएच के अधिकारी अमन कौशिक से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बरसात की वजह से काम मे देरी हुई है।

## हाईवे में गड्ढों से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

ऐसा नही है कि हाईवे में गड्ढे होने से वाहन चालकों को आवागमन में ही परेशानी हो रही हो बल्कि इससे दुर्घटनाए भी बढ़ी है जिसकी वजह से कई दुपहिया वाहन सवार मौत के मुंह मे समा चुके हैं तो कई गम्भीर रूप से घायल लेकिन एनएचएआई को इससे को वास्ता नही है। इलाकाई पुलिस की माने तो ऐसा कोई भी दिन नही जाता है जब हाईवे पर दुपहिया वाहन सवार हादसे के शिकार न हो रहे हो।

## यात्रा में समय के साथ वाहनों में टूटफूट भी बढ़ी

राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त होने से यात्रा के समय तो बढ़ा ही है साथ ही ईंधन की खपत भी बढ़ी है इसके अलावा गड्ढों की वजह से उनमे टूट फूट भी ज्यादा हो रही है। ट्रक संचालक माजिद हुसैन कहते हैं कि भार लेकर चलने वाले वाहन गड्ढों की वजह से अपनी गति से नही चल पा रहे हैं जिससे ईंधन की खपत में इजाफा हुआ है जिससे उनकी आमदनी भी घट गयी है।

# उपचार के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने शव रखकर किया हंगामा

**पुलिस ने समझा बुझाकर किया शांत, तहरीर देकर कार्यवाही की मांग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निजी अस्पताल में भर्ती महिला की आपरेशन के बाद हालत बिगड़ गयी। जिस पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिजनों का कहना है कि कानपुर के डॉक्टरों ने बताया कि पहले अस्पताल में की गई सर्जरी में लापरवाही के चलते मरीज की बड़ी आंत खुली रह गई थी। जिसके चलते उसकी मौत हो गयी। जिस पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। बाद में परिजनों ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की।



हंगामा करते परिजनों को समझाती पुलिस

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला हाथीखाना निवासी स्वामी दयाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी पत्नी की तबियत 1 अक्टूबर को अचानक खराब हो गई थी। उन्हें फतेहगढ़ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने पेट में फोड़ा बताकर ऑपरेशन की सलाह दी। डॉक्टर ने ऑपरेशन किया। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद महिला की हालत लगातार बिगड़ती चली गई। जब उन्होंने डॉक्टरों से इलाज में लापरवाही बरतने की बात कही, तो अस्पताल प्रबंधन ने मरीज को जबरन हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुरोध के बावजूद स्थानीय स्तर पर इलाज जारी नहीं रखा गया। परिवारीजन महिला को कानपुर के एक अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जिस पर परिजनों ने वापस आकर अस्पताल में जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं परिजनों ने अस्पताल के बाहर सड़क पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश की। सूचना मिलते ही फतेहगढ़ प्रभारी निरीक्षक रणविजय मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बीच महिला परिजनों और पुलिस के बीच काफी नोंकझोंक भी हुई। परिजनों ने बताया कि कानपुर के चिकित्सकों का कहना था कि सर्जरी में लापरवाही के चलते मरीज की बड़ी आंत खुली रह गई थी। जिसके चलते उसकी मौत हो गयी। पीड़ित पति ने फतेहगढ़ कोतवाली में तहरीर देकर अस्पताल प्रशासन और संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने निष्पक्ष पोस्टमार्टम कराने और न्याय दिलाने की भी अपील की है। महिला की आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत पेट में इन्फेक्शन फैलने के कारण हुई है।

# वाहन की टक्कर से गैस एजेंसी के हॉकर की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात वाहन की टक्कर से गैस हॉकर की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन

जानकारी के अनुसार प्रदीप पाल पुत्र स्वर्गीय राम रतन पाल (42) निवासी धंसुआ थाना कोतवाली फतेहगढ़ कादरीगेट स्थित महेंद्र की गैस एजेंसी पर हॉकर था। बीती रात करीब 9 बजे फतेहगढ़ एआरटीओ कार्यालय के सामने इटावा-बरेली हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को एंबूलेंस द्वारा लोहिया अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान रात्रि करीब 11 बजे उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक की पत्नी रीता पाल व भाई संजीव पाल, संजू पाल तथा मां आना देवी आदि का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के तीन बच्चे जिसमें 10 वर्षीय शिवांग, 7 वर्षीय हिमांशु और 5 वर्षीय पुत्री वैष्णवी है। डॉ0 जय सिंह ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर भरे संदिग्ध कफ सीरपों एवं दवाओं के सैंपल



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शासन एवं प्रशासन के निर्देश पर जिला औषधि निरीक्षक डॉ. परमेश द्विवेदी ने मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर संदिग्धता के आधार पर कफ सीरप एवं अन्य दवाओं के सैंपल भरे, जिन्हें जांच हेतु राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजा जायेगा। ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. परमेश द्विवेदी ने बताया कि शासन एवं जिलाधिकारी के आदेश पर जनपद के राजेंद्र मेडिकल स्टोर, शिवानी मेडिकल स्टोर, आलोक मेडिकल स्टोर एवं सौरभ मेडिकल स्टोर आदि पर दवाओं की जांच हेतु छापेमारी की गयी। संदिग्धता के आधार पर दवाओं एवं कफ सीरपों के सैंपल भरे गये। जिन्हें सील कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सभी सैंपलों को जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजा जायेगा। सैंपलों की जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित के खिलाफ ड्रग एक्ट के अनुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि मरीजों और आम आदमी को शासन की मंशा के अनुरुप गुणवत्तापूर्ण दवायें उपलब्ध कराना उनका उद्देश्य है। जिनके लिए दवाओं की जांच का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने मेडिकल स्टोरों के प्रोपराइटरों को अधिकृत बिल पर ही दवायें खरीदने के निर्देश दिये तथा मेडिकल स्टोर संचालन हेतु निर्धारित मानकों का पालन किया जाये।

# जहरीला पदार्थ खाने से महिला की उपचार के दौरान मौत

**मौत होते ही पति समेत अन्य परिजन शव छोड़कर भागे**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने जहर खा लिया। पति ने उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। महिला की मौत होते ही पति समेत अन्य परिजन शव छोड़कर भाग गये। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।



मृतका का फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार कायमगंज नगर से सटे गांव सुभानपुर निवासी रुबीना 30 वर्ष पत्नी शरीफ बंजारा ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे पति व जेठ ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत बिगड़ने पर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। लोहिया अस्पताल में चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। जिस पर पति व जेठ महिला के शव को छोड़कर भाग गये। आसपास के लोगों ने बताया कि मृतका रुबीना की शादी करीब आठ साल पहले हुई थी और उसके तीन बच्चे हैं। जिनकी उम्र क्रमशः छह वर्ष, चार वर्ष और 15 दिन है। छह वर्षीय बच्चा अपने दादा-दादी के साथ जयपुर में रहता है। लगभग तीन महीने पहले रुबीना घर छोड़कर चली गई थी। पति के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने उसे पंद्रह दिन पहले ही ससुराल वापस पहुंचाया था। घटना से दो-तीन दिन पहले उसका पति जयपुर गया था और गुरुवार को लौटा, लेकिन अपने बेटे को साथ नहीं लाया। घर पहुंचने पर किसी बात को लेकर रुबीना का अपने पति से विवाद हुआ। जिसके बाद उसने जहर खा लिया। कस्बा चौकी प्रभारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि कादरीगेट चौकी से उन्हें महिला द्वारा जहर खाने से मौत होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष को सूचना दे दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरा।

# प्लेन टेकऑफ से पहले झाड़ियों में घुसा, सवार आधा दर्जन लोग बाल-बाल बचे

**वुडपैकर ग्रीन एंग्री न्यूट्री पैड के एमडी टीम के साथ निर्माणाधीन बीयर फैक्ट्री का निरीक्षण करने आये थे**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी पर एक प्राइवेट प्लेन टेकऑफ से पहले झाड़ियों में जा घुसा। जिससे उसमें सवार आधा दर्जन लोग बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची। पुलिस टीम ने जांच.पड़ताल की। एडीएम रविंद्र कुमार, एसडीएम सदर रजनीकांत पांडेय और सीओ अजय वर्मा ने भी पहुंचकर जानकारी ली।



जांच पड़ताल करते कोतवाल व पुलिसकर्मी

जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह करीब 10:30 बजे वुडपैकर ग्रीन एंग्री न्यूट्री पैड प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के एमडी अजय अरोड़ा वाइस प्रेसिडेंट राकेश टीकू और एसबीआई अधिकारी सुमित शर्मा व अन्य लोगों के साथ खिमसेपुर औद्योगिक क्षेत्र में बन रही बीयर फैक्ट्री के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने भोपाल से आए थे। निरीक्षण कर वापस जाते समय प्राइवेट प्लेन टेकऑफ से पहले झाड़ियों में जा घुसा। हादसे में विमान के विंग्स, फ्रंट व्हील और जेट फैन टूट गए। फ्यूल टैंक भी डैमेज हुआ है। जिससे रनवे पर एयरो फ्यूल टपकने लगा। घटना की सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची। पुलिस टीम ने जांच.पड़ताल की। एडीएम रविंद्र कुमार, एसडीएम सदर रजनीकांत पांडेय और सीओ अजय वर्मा ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। वहीं वुडपैकर ग्रीन कंपनी के यूपी प्रोजेक्ट हेड मनीष कुमार पांडेय ने पायलट नसीब बामल तथा प्रतीक फर्नांडीज पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा दोनों पायलट को पहले से ही पहियों में हवा कम होने के बारे में पता था, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया, तभी यह घटना घटी। वुडपैकर ग्रीन कंपनी के एमडी अजय अरोड़ा ने बताया कि वे प्लांट का मुआयना करके प्राइवेट विमान से लौट रहे थे, तभी हादसा हो गया। अब वे आगरा से जाएंगे। वहां दूसरी फ्लाइट लेकर भोपाल जाएंगे। वहीं हादसे की जांच के लिए दिल्ली से एक टीम बुलाई गई है।

# ट्रैक्टर के हैरों से टकराकर अनियंत्रित दुग्ध वाहन पलटा, टक्कर से बिजली पोल व शटर टूटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार तड़के एक दुग्ध वाहन रेलवे स्टेशन तिराहे के पास सड़क पर खड़े एक ट्रैक्टर के हैरो से टकराने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में एक विद्युत पोल और एक दुकान का शटर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह करीब 4:30 बजे लखनऊ से कायमगंज की ओर जा रहा दुग्ध वाहन सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर के हैरो से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन का टायर फट गया और वह पलट गया। हादसे में एक विद्युत पोल टूट गया और



सड़क पर पलटा दुग्ध वाहन

कस्बा निवासी सचिन गुप्ता की दुकान का शटर भी क्षतिग्रस्त हो गया।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में पहुंची पुलिस ने सबसे पहले ट्रैक्टर को कब्जे में यिा और वाहन में रखे दूध के पैकेटों को बाहर निकलवाने का काम शुरू कराया। हरदोई जिला निवासी वाहन चालक अनुज कुमार ने बताया कि वह कायमगंज जा रहा था और उसे नींद की झपकी आ गई थी। इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने जानकारी दी कि पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# व्रत रखकर सुहागिन करतीं हैं पति की लम्बी उम्र की कामना



सोनी शुक्ला



श्वेता दुबे



पुष्पा सिंह



बबिता पाठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार मण्डल महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने बताया कि वह विधि-विधान से करवाचौथ पर्व को मनाती हैं। प्रभु से प्रार्थना करते है कि यह त्योहार सुहागिनों के लिए उत्सव से कम नहीं है। सुहागिने व्रत रखकर इस त्योहार को मनाती है।

भाजनर महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष स्वेता दुबे ने बताया कि इस पर्व पर चन्द्रमा की पूजा की जाती है। इस पर्व का महत्व इसलिए और है, क्योंकि सुहागन महिलायें व्रत रखकर चन्द्रमा की पूजा कर व्रत खोलती हैं। फलस्वरूप उपहार भी मिलता है, ईश्वर से सुख समृद्धि की प्रार्थना करती हूं।

शिक्षिका पुष्पा सिंह ने बताया कि इस पर्व को हर साल की तरह विधि-विधान से मनाती हैं। खासतौर से भगवान शिव व पार्वती की पूजा की जाती है और चन्द्रमा पूजन के साथ अपने पति के हाथों से प्रसाद पाकर व्रत खोलती हूं। यह पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बबिता पाठक का कहना है कि करवाचौथ पर्व पर स्त्रियां अपने पतियों की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। व्रत रखने के बाद पतियों से उपहार की अपेक्षा रहती है। पति भी अपनी पत्नियों को खुश रखने के लिए मनचाहा उपहार देते हैं।

# सुहागिनों ने हाथों को हिना से सजाया, आज करेंगी चांद का दीदार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** करवा चौथ व्रत हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है और कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन मनाया जाता है। इस वर्ष करवा चौथ 10 अक्तूबर को मनायी जायेगी। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन को बनाए रखने के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। जिसका पारण चांद निकलने पर किया जाता है। करवा चौथ व्रत की शुरुआत हमेशा सरगी खाने से होती है, जो सूर्योदय से करीब दो घंटे पहले खाई जाती है। इस दौरान करवा माता, भगवान गणेश और चंद्रमा की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। इस साल करवा चौथ पर भी भद्रा का साया रहेगा।

इस दौरान सुहागिनों को किस प्रकार के कार्य करने से बचना चाहिए। भद्रा को शुभ माना गया है। कहा जाता है कि भद्रा शुभ कार्यों में बाधा उत्पन्न करती है। इस वर्ष करवा चौथ पर 10 अक्तूबर को चंद्रोदय के समय शाम 8 बजकर 13 मिनट पर होगा, जबकि भद्रा काल का प्रभाव नहीं है। व्रती महिलाएँ सुबह 6 बजकर 19 मिनट से लेकर चंद्रोदय तक निर्जला उपवास रखेंगी और चंद्र दर्शन के बाद ही व्रत खोलेंगी। इस दिन विवाहित महिलाएँ गणेश जी, शिव जी और माता पार्वती की पूजा करती हैं। करवा चौथ पर



ब्यूटी पार्लर में मेंहदी लगवाती महिला

मेंहदी लगाने की प्रथा आदि काल से चली आ रही है। मेंहदी लगाकर सुहगिन महिलायें हाथों को सजाती है। जिससे पति की लम्बी उम्र होती है और मां गौरी प्रसन्न होकर सुख समृद्धि का आशीर्वाद देती है। यह पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण माना गया है।

# करवाचौथ पर विशेष- सजना है मुझे सजना के लिए, ब्यूटीपार्लरों में पूरे दिन चलता रहा सजने संवरने का दौर



राधिका ब्यूटी पार्लर में सजती संवरती महिलायें



चूड़ी की खरीददारी करती महिलायें



भोलानाथ सर्राफे की दुकान पर जेवर खरीदती महिलायें



साड़ी संसार दुकान पर साड़ी पसंद करती महिलायें

**ब्यूटी पार्लर व कपड़ों की दुकानों पर उमड़ी भीड़, महिलाओं ने चूड़ी व खरीदे मंगलसूत्र**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सजना संवरना हर महिला को अच्छा लगता है। इसी मनोकामना को पूर्ण करने के लिए भगवान शिव ने पार्वती से अति प्रसन्न होकर उन्हें ऐसा वर दिया कि एक वर्ष में एक दिन ऐसा होगा, जो सुहागन महिलाओं के लिए सजना और संवरना और अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए होगा। यह बात सुनकर पार्वती खुश हो गयीं और उन्होंने इस वर को वरीयता देते हुए उत्सव के रूप में मनाने को कहा, जैसे साल में एक बार वटवृक्ष की पूजा कर सुहागन महिलायें अपने को सौभाग्यवती मानती हैं, उसी तरह अपने पति की दीघायु कामना करके इस पर्व को मनाती हैं। भगवान शिव और पार्वती की इस पर्व पर कथा सुनाई जाती है। इस पर्व पर चंद्रमा को साक्षी बनाया जाता है, जिसके चलते चन्द्रमा की भी पूजा होने लगी। एक बार वीरवती स्त्री ने अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए व्रत रखा, जब उसकी भूख की तड़प उनके भाईयों से देखी नहीं गयी, तो उन्होंने एक पीपल के वृक्ष पर एक आकृति बना दी, जिससे महसूस हुआ कि चन्द्रमा निकल आया और वीरवती ने अपना व्रत तोड़ दिया, तभी नौकर द्वारा सूचना आयी कि उसके पति की मौत हो गयी।

भगवान शिव की शरण में जाकर काफी मिन्नते कीं, तो उन्होंने आर्शीवाद देते हुए कहा कि दोबारा इस व्रत को पूरा करो, तो तुम्हारे पति जीवित हो जायेंगे। वीरवती ने ऐसा ही किया, तभी से इस कथा का और प्रभाव पड़ा। सजना संवरना हर महिला का धर्म है। आज के दिन सुहागन महिलायें सजती और संवरती हैं। वहीं फैशन व आधुनिक युग के चलते ब्यूटीपार्लरों में एक सप्ताह पहले से ही भीड़ लग जाती है। वहीं सुहागिनों ने मेंहदी लगवायी और ब्यूटी पार्लर जाकर थ्रीडिंग करायी, हेयर स्टाइल, हेयर स्पा, मैनीक्यूर, पेडीक्योर, स्मूकनिंग, एचडी, वॉलीवुड व वालीवुड मैकअप, गोल्डन मैकअप आदि तरह का मैकअप कराया। सेठ गली स्थित राधिका ब्यूटी पार्लर की संचालिका अर्चना सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति महिलायें इस बार ज्यादा आ रही हैं। नव विवाहिताओं को सजाने में समय लग रहा है। कुछ महिलायें अपने पति देव को रिझाने के लिए आकर्षण मैकअप कराती हैं, जिससे उन्हें मन चाहा उपहार मिलता है। ब्यूटी पार्लर में स्क्रीन केयर, स्क्रीन पिंपल्स पर माने एब्रो, स्क्रीन टीटमेंट,रोमो थेरोपी, लोटस का मेकअप होता है। ब्यूटीपार्लर में कार्य कर रही सपना करिश्मा, नाजिया, नेहा, सोनिया, दीपिका ने सजाया। सेठगली स्थित चूड़ी विक्रेता ने बताया कि इस बार चूड़ी कंट्रास व वेलवेट के अलावा रेड चूड़ी ज्यादा बिक रही है। सर्राफा व्यापारी भोलानाथ सर्राफ के प्रो0 मुदित टंडन ने बताया पिछले वर्ष की अपेक्षा बिक्री पर फर्क है।

महिलायें इस बार मंगलसूत्र व बिछिया खरीद रही हैं। नेहरु रोड स्थित साड़ी संसार के संचालक व समाजसेवी संजय गर्ग ने बताया कि इस बार करवाचौथ पर बाजार में बिक्री का असर मिला जुला है। महिलायें शंकर सुमन, लक्ष्मीपति, तानाबाना, देशी लुक, रा सिंह, काबेरी आदि की साड़ियां बिक रही है। दुकान पर 1000 से 6000 रुपये तक की साड़ी की वैरायटी दुकान पर उपलब्ध हैं।



छलनी में पति (ज्ञान प्रकाश) को निहारतीं पत्नी

# जनपद स्तरीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो स्वदेशी मेले का शुभारम्भ

**सरकार की अहम पहल, 9 से 18 अक्टूबर तक चलेगा मेला**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिले में व्यापार को विस्तार देने में सरकार की अहम पहल, पहली बार भव्य रूप से स्वदेशी मेले का आरंभ हुआ। क्रिश्चियन इंटर कालेज ग्राउंड में 9 से 18 अक्टूबर तक आयोजित स्वदेशी मेले का शुभारंभ सांसद मुकेश राजपूत, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य व जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदेश सरकार द्वारा 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक प्रत्येक जनपद में स्वदेशी मेला आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। स्थानीय हस्त शिल्पियों/कारीगरों/उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित किए जा रहे उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने एवं दीपावली के पर्व पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं की खरीददारी करने को प्रेरित करने के लिए उक्त मेले का आयोजन किया गया है। स्वदेशी मेले में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, माटीकला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सीएम युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, पीएमईजीपी के लाभार्थियों, वित्तपोषित इकाइयों, स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टाल लगाए गए। इसके अतिरिक्त सरकार की जन उपयोगी योजनाओं के स्टाल भी लगाए गए है। कार्यक्रम को रोचक बनाने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक अमृतपुर व जिलाधिकारी ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र राजपूत, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीसीबी अध्यक्ष कुलदीप गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



लाभार्थी को सम्मानित करते डीएम, सांसद आदि



मिशन शक्ति के तहत जागरुक करती चेयरमैन व एसपी

# सीएमओ की अभद्रता से आहत संविदा स्वास्थ्य कर्मी ने आत्महत्या का किया प्रयास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिलाध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी के नेतृत्व में अधीनस्थ कर्मचारियों से अभद्रता के विरोध में मुख्य चिकित्साधिकारी सम्बोधित ज्ञापन कार्यालय पहुंचकर दिया। ज्ञापन में दर्शाया गया कि सीएमओ व अन्य अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज किया जाता है, यह खेद का विषय है। जनपद के समस्त कर्मचारियों द्वारा अपने कर्मचारियों को चेतावनी है कि भविष्य में किसी अधिकारी, कर्मचारियों के साथ किसी प्रकार का गलत बर्ताव नहीं किया जायेगा, नहीं तो संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। जिसके चलते बीते दिन सीएमओ द्वारा कर्मचारी रवि कुमार के साथ अभद्रता हुई। गुरुवार को सीएमओ कार्यालय पहुंचकर रवि कुमार ने आत्महत्या का प्रयास किया। सभी लोगों ने रवि कुमार के हाथ केरोसिन छीन ली। नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में संघ मांग करता है किसी तरह की अभद्रता न हो और इसको समाप्त किया जाये। इस मौके पर अध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी, संजय बाथम, प्रमोद दीक्षित, पंकज शुक्ला, विजय शंकर तिवारी, रवि कुमार, सौरव अवस्थी, साबिर हुसैन, राज, आर्यन अग्निहोत्री, अजीत राणा, राजपाल, भगवान सिंह, अंकित दीक्षित, रतनेश आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



ज्ञापन के साथ कर्मचारी व केरोसिन डालता आहत कर्मी

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं ने बनायी सुंदर रंगोली

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत गुरुवार को मिशन शक्ति-नारी प्रेरणा की प्रतिमूर्ति विषय पर पुष्प रंगोली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह के संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए यह प्रदर्शित कर दिखाया कि पुष्प व पत्तियों से बहुत ही सुंदर रंगोलिया का प्रदर्शन किया।

सभी विद्यार्थियों ने विषय को परिलक्षित करते हुए विषय को साकार कर दिखाया। मिशन शक्ति की संयोजकता डॉ. शालिनी ने नैतिक व सांस्कृतिक विकास, आर्थिक मजबूती और समाज की प्रगति, राष्ट्र के विकास में सहयोग एवं आगे आने वाली पीढ़ी को शिक्षित करना तथा समाज में होने वाली कुरीतियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति की सदस्य डॉ. अनामिका सक्सेना ने छात्र-छात्राओं को आगे भी प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। मिशन शक्ति के अंतर्गत होने वाली पुष्प रंगोली में महिलाओं के सुरक्षा, सशक्तिकरण व सम्मान का संदेश दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अंकिता, मुस्कान, प्रज्ञा, अमित, बबली, आख्या, आशुतोष आदि ने रंगोली के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति दी।

महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक व कर्मचारियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई प्रस्तुति की विशेष सराहना करते हुए आगे भी मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत संपन्न होने वाले सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर प्रतिभा करने के लिए प्रेरित किया। पुष्पेंद्र, सलोनी कठेरिया, आकृति, ज्योति, बबली, अनामिका, मयंक, जयकिशन, सोनाली, सौम्या, मुस्कान आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया।



रंगोली बनाती छात्रायें

# कांशीराम की पुण्यतिथि पर सपाइयों ने श्रद्धासुमन किये अर्पित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बहुजन आंदोलन के प्रणेता, शोषित-वंचित समाज के रहनुमा कांशीराम की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। सपा नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि कांशीराम ने 1984 में बहुजन समाज पार्टी का गठन कर शोषित, दलित और पिछड़े समाज को एकजुट करने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने मनुवादी सोच के विरुद्ध समाज के अंतिम व्यक्ति को जागरूक करने का आंदोलन खड़ा किया। सर्वेश अंबेडकर ने कहा कि कांशीराम ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण दलित, पिछड़े और वंचित समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया।

पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत एवं पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कांशीराम ने हमेशा समाज को जोड़ने और जागरूक करने का कार्य किया। संचालन अमन सूर्यवंशी ने किया। इस अवसर पर विवेक यादव, नागेंद्र सिंह शाक्य, चंद्रेश राजपूत, नरेंद्र सिंह यादव, अशोक अंबेडकर, सुनीता शाक्य, शशांक सक्सेना, बंटी यादव, शिव शंकर शर्मा, अर्चित मिश्रा, आयुष यादव, शिवम यादव, नंदकिशोर दुबे वंदे मातरम, विजय अनुरागी, अजय यादव, उमेश चंद्र, दीक्षा शाक्य, शिवम पटेल, मुख्तियार आलम, सुनीता शाक्य, रितिक कुमार यादव, मोनू यादव, रमन कुशवाहा, नदीम खान, आशीष यादव, आयुष यादव, ऋतिक यादव आदि उपस्थित रहे।



बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष

# मेजर का प्रयास सफल, 6500 करोड़ की सीवरेज योजना को मिली मंजूरी

**मैंने अपने पिता के सपने को किया साकार: सदर विधायक**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नगर की महत्वपूर्ण सीवरेज परियोजना को सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने मंजूरी दिला दी है।

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत सीवरेज योजना मंजूर मिल गयी है। उन्होंने बताया कि उनके पिता स्व0 ब्रह्मदत द्विवेदी ने वर्ष 1977 से सीवरेज योजना को लागू करवाने का प्रयास किया था। उन्होंने बताया कि सीवरेज योजना की लागत 6500 करोड़ रुपये है। सीवरेज योजना फतेहगढ़ से आवास विकास व आवास विकास से चौक बाजार एवं चौक बाजार से बीबीगंज तक तीन चरणों में होगी। फतेहगढ़ की परियोजना की लागत 87 करोड़ है, जबकि आवास विकास सीवरेज योजना की 192 करोड एवं बीबीगंज क्षेत्र सीवरेज योजना की लागत 380 करोड़ है। उन्होंने बताया कि डीपीआर की स्वीकृत मिल जाने के बाद टेक्निकल स्वीकृत मिलेगी। वित्तीय धनराशि मंजूर होने के बाद 6 माह में सीवरेज लाइन पड़ने का कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस 70 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन से 14 हजार घरों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि अंडरग्राउंड पेयजल पाइपलाइन के लिए 226 करोड पहले ही मंजूर हो चुके हैं, अब शासन से अंडरग्राउंड पाइप लाइन का टैंडर जारी होने वाला है।



विधायक सुनील दत्त द्विवेदी



काली पट्टी बांधकर विरोध करते शिक्षक

## टेट परीक्षा अनिवार्यता का काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने किया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने टेट अनिवार्यता परीक्षा का विरोध किया। टीईटी अनिवार्यता का आदेश उच्चतम न्यायालय द्वारा दिया गया है उसे वापस करने की मांग की है। सभी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विद्यालयों में शिक्षण कार्य किया ओर कहा कि जब तक आदेश वापस नहीं होगा, तब विरोध जारी रहेगा। कम्पोजिट विद्यालय ताजपुर, कम्पोजिट विद्यालय भुवनपुर राजेपुर, यूपीएस रमापुर जोगराजपुर आदि विद्यालयों में टेट अनिवार्यता का विरोध दिखा। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया और प्रदर्शन जारी रखने की बात कही।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा व हवन यज्ञ के साथ शुभारम्भ हुआ।

ब्लाक बढ़पुर के ग्राम धिमरपुरा मौनी आश्रम के निकट श्रीमद्भागवत कथा 9 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक विनोद कुमार शास्त्री के मुखार से अमृत वर्षा होगी। विधि विधान के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्रीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा में भक्तिमय गीतों की धुन पर भक्त झूमते व जयकारे लगाते नजर आये। हवन यज्ञ के पश्चात श्रीमद्भागवत कथा का रसपान विनोद कुमार शास्त्री ने भक्तों को कराया। आयोजनकर्ता अनीता गुप्ता, रचना गुप्ता, घनश्याम कुशवाहा, अर्जुन गुप्ता, राज, ऋषभ, कृष्णा, विपिन गुप्ता, यज्ञपति विपिन कश्यप आदि भक्तों ने पूजा अर्चना की। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। श्रीमद् भागवत कथा 9 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक रहेगी। समय दोपहर 1 बजे से सायं 3 बजे तक कथा के विराम के पश्चात 16 अक्टूबर को भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।



हवन में आहूतियां डालते भक्तगण

## अवैध रुप से आतिशबाजी लेकर आ रहे दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दीपावली नजदीक आते ही अवैध आतिशबाजी कारोबारी सक्रिय हो गये हैं। पुलिस ने बिना लाइसेंस भारी मात्रा में अवैध आतिशबाजी लाने में दो को गिरफ्तार किया है। आईटीआई चौकी प्रभारी विशेष कुमार व उनकी टीम ने लकूला तिराहे के कुछ दूर लकूला की तरफसे आती हुई एक बोलेरो पिकअप में भारी मात्रा में आतिशबाजी बरामद कर ली। पकड़े गये आरोपियों नें अपना नाम अभिषेक गुप्ता पुत्र अमरीश गुप्ता निवासी खतराना फर्रुखाबाद, मो0 राशिद पुत्र खलील निवासी समधन गुरसहायगंज जनपद कन्नौज बताया। दोनों के पास से कुल 620 रूपये की नकदी भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दीपावली को बिक्री के लिए 19 कार्टून अवैध आतिशबाजी भी बरामद की है।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में नवीन कुमार का हुआ चयन



चयनित खिलाड़ी मौजूद शिक्षक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

चौधरी गजराज सिंह इंटर कालेज में माध्यमिक राज्य कबड्डी प्रतियोगिता के लिए नवीन कुमार का चयन हुआ। राज्य कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए संस्था के द्वारा नवीन कुमार पुत्र रमाकांत निवासी कुम्हौली ताजपुर का चयन किया गया। जिस पर सभी ने उन्हें बधाई दी। जिला क्रीड़ाधिकारी अतुल दास, कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव, प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने बधाई दी।विद्यालय के समस्त शिक्षक व कर्मचारी, पीटीआई राजेन्द्र सिंह यादव, कबड्डी कोच चंदन कुमार मौजूद रहे।

# कस्बा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन का हुआ आयोजन

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

कस्बा अमृतपुर में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के तत्वावधान में पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतदास बाबा आश्रम से हुआ। स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासित पंक्तियों में कदम से कदम मिलाते हुए कस्बे की प्रमुख गलियों से गुजरे।

पथ संचलन का समापन ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में हुआ। जहां संघ के कार्यकर्ताओं ने भारत माता के जयघोष के साथ राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। मार्ग में लोगों ने फूल वर्षाकर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संघ के प्रचारक व पदाधिकारियों ने बताया कि पथ संचलन का उद्देश्य समाज में संगठन, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया और पूरे कस्बे में अनुशासन, सेवा और एकता का संदेश दिया। थाना इंचार्ज मोनू शाक्य, चौकी इंचार्ज विमल कुमार, एसआई रवि सोलंकी, एसआई शिवपाल शर्मा सहित थाना पुलिस मौजूद रही।



पथ संचलन में भाग लेते स्वयंसेवक

# रेलवे की निर्माणाधीन दीवार तोड़ने वाले चार गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद मालगोदाम के निकट रेलवे रनिंग रूम के निर्माण कार्य हेतु बनाए जा रहे स्टोर/ऑफिस की निर्माणाधीन दीवार को रात्रि में अज्ञात लोगों द्वारा तोड़ दी गई। रेलवे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद मालगोदाम के निकट खाली रेलवे भूमि में रेलवे रनिंग रूम का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण स्थल पर अतिक्रमण धार्मिक संरचना (मंदिर, मजार) बनी हुई थी।

जिसको 7 अक्टूबर को जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक को सूचना देते हुए सिविल एवं रेलवे प्रशासन की मौजूदगी में शांतिपूर्वक अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित किया गया था, परन्तु उसी रात्रि में उक्त स्थान पर ही रेल भूमि में रनिग रूम भवन निर्माण हेतु बनाए जा रहे स्टोर/ऑफिस भवन की निर्माणाधीन दीवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़ दी गई थी। जिसके संबंध में एसएसई/डब्ल्यू/एफजीआर नीरज निषाद ने लिखित तहरीर रेसुब/पोस्ट पर दी थी। गुरुवार को मुखबिरी सूचना के आधार पर घटना को करने में शामिल गोविंद पुत्र खूबचंद, प्रियांशु जाटव पुत्र कल्लू, अमन गौतम पुत्र बबलू गौतम, राजा पुत्र मटरू सभी निवासी ग्राम कुइयां बूट थाना मऊदरवाजा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के विरुद्ध रेलवे परिक्षेत्र में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाना व रेलवे निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने के अपराध में रेसुब, पोस्ट पर रेल अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया है। आरोपीगण शराब के नशे उक्त अपराध को कारित किया जाना स्वीकार किया गया है।



पकड़े गये आरोपी

# 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना हम युवाओं का उद्देश्य: अश्नील

**व्यक्तित्व**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकसित भारत-2047 भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका लक्ष्य भारत को उसकी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष, यानी 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने बताया कि मेरे आदर्श प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है। देश को विकास की ओर ले जाने के लिए हम सबका कर्तव्य है कि विकसित भारत बनाने में अपना योगदान दें। साथ ही स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें और अपने देश की उत्पादन वाली ही वस्तुओं को खरीदें। जिससे हम सशक्त हो सके। विकास भारत 2047 यह नागरिकों के विचारों और युवाओं की भागीदारी पर केंद्रित है, और आर्थिक समृद्धि, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और बेहतर शासन जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है। मुख्य उद्देश्य और लक्ष्य विकसित राष्ट्र का निर्माण-2047 तक भारत को एक विकसित और संपन्न देश बनाना है। समावेशी विकास समाज के हर वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाना, खासकर युवा, गरीब, महिलाएं और किसान है। आर्थिक विकास दर दो दशकों में 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। नवाचार और प्रौद्योगिकी में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी में सुधार पर जोर देना है। स्थिरता और सुशासन पर्यावरण की रक्षा करना और सुशासन को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि मेरा जन्म 2 अक्टूबर 1980 को हुआ था। मेरे पिता गंगाराम जो सेना से रिटायर है। मेरी शैक्षिक योग्यता बीए है। हाईस्कूल 1995 में गोपालानंद इंटर कालेज ऊगरपुर से किया। सन् 1998 में इंटर की परीक्षा म्युनिस्पिल इंटर कालेज फतेहगढ़ से उत्तीर्ण की। बीए 1999 में बद्री विशाल महाविद्यालय से किया। मेरे दो बड़े भाई जो आर्मी में सेवारत है। सुनील कुमार व संजीत कुमार हमें मार्ग दर्शन देते रहते है। पत्नी सोनी कनौजिया जो डबल एमए, बीएड है और छावनी परिषद बोर्ड की नामित सभासद है। मेरे तीन बच्चे है, दो बेटी रिद्धी, सिद्धी व बेटा कर्तव्य है। मैंने अपना राजनैतिक सफर 1995 में भाजपा से शुरु किया। आज तक भाजपा में रहकर कार्य कर रहा हूं। 1995 से 1997 तक बूथ अध्यक्ष रहा। 2001 में युवा मोर्चा का मण्डल का महामंत्री बना। 2005 में युवा मोर्चा का छावनी मण्डल अध्यक्ष बनाया गया। 2008 में भाजपा में महामंत्री बना। 2016 में फतेहगढ़ छावनी मण्डल की जिम्मेदारी मिली। साथ ही जिला मंत्री बना। 2019 में जिला उपाध्यक्ष का दायित्व मिला। पार्टी में कार्य करते हुए क्षेत्रीय विकास हेतु गरीब महिलाओं को 60 उज्जवला गैस कनेक्शन दिलवाये। 125 आयुष्मान कार्ड बनवाये। साथ ही पार्टी द्वारा विभिन्न रैलियों, बैठकों, सम्मेलनों एवं संगोष्ठी में प्रतिभाग किया। पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कटियार के सानिध्य में पार्टी के लिए 225 सदस्य बनाये। पूर्व जिलाध्यक्ष भूदेव राजपूत के नेतृत्व में 750 सदस्य बनाये। पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता के साथ कार्य करते हुए 532 सदस्य बनाये। मेरे प्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है और मेरे प्रेरणा श्रोत मेरे पिता गंगाराम व मां खिलवंती देवी है। जिनके आशीर्वाद से मैं आगे बढ़ा। 2027 में भाजपा की पुनः सरकार बनेगी। पार्टी ने अभी जो भी जिम्मेदारी दी है, उसका निर्वाह्न करूंगा। भविष्य में अगर पार्टी टिकट देगी तो विधानसभा चुनाव लड़ूगां और जीतकर दिखाऊंगा। पिछले विधानसभा चुनाव में कायमगंज से दावेदारी की थी। पूरा देश पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की सराहना कर रहा है।



अश्नील दिवाकर

# सजना है मुझे.. सजना के लिए...

**साजन के लिए ब्यूटी पार्लरों में बनीं ब्यूटी क्वीन ▸ देर रात तक बाजार गुलजार ▸ खूब बिके करवा और कास्मेटिक**



नगर के लकी ब्यूटी पार्लर में ब्यूटी क्वीन बनतीं महिलाएं, रंग-बिरंगे करवे बेचता दुकानदार, हाथों में मेहंदी लगवाती सुहागिनें।

**समृद्धि न्यूज़ संवाददाता**

**छिबरामऊ, (कन्नौज) ।** इतना आदर इन्सान तो क्या, पत्थर भी पूजे जाते हैं... यह भारत देश ही है, जहाँ पत्थरों की, नारी की, पुरुष की, बच्चों की पूजा होती है। यह भारतीय नारी ही है, जो प्रेम, त्याग, समर्पण, ममता, वीरता, सहनशीलता जैसे गुणों को सहेजे हुए हैं, कभी पति के लिए तो कभी पुत्रों की लम्बी आयु के लिए व्रत रखती है। शुक्रवार को भारतीय नारी को महान से महानतम बनाने वाला करवा चौथ का पर्व नगर में मनाया जाएगा। इस पर्व का महिलाओं को वर्ष भर से इन्तजार रहता है। खासकर उनको जिनके लिए यह पहला व्रत है।

नगर में करवाचौथ के पर्व को लेकर गुरुवार को खासा उत्साह देखा गया। जिनका पहला व्रत था वे अपनी सास अथवा जेठानी के साथ बाजार में दिखाई दीं। शहर में कॉस्मेटिक और चूड़ियों की दुकानों पर पूरे दिन महिलाओं की भीड़ लगी रही। मिट्टी के रंग-बिरंगे करवों की खूब बिक्री हुई साथ ही सींकों की भी बिक्री हुई। बर्तनों की दुकानों पर रंग-बिरंगे पीतल के करवों ने ध्यान तो खींचा लेकिन महंगा होने के कारण उनकी बिक्री कम रही। शाम होते ही रबड़ी और इमरती की दुकानों पर भीड़ लग गयी। भीड़ के चलते बाजार में पल-पल पर जाम लगा। जाम को नियंत्रित करने के लिए बाजार में पुलिस बल तैनात था।

उधर, ब्यूटी पार्लरों में भी काफी भीड़ रही। महिलाओं को अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ा। कॉस्मेटिक की दुकानों पर मेहंदी कोन सहित रंग गोरा करने की क्रीमों का बोलबाला रहा। नगर पालिका रोड स्थित लकी ब्यूटी पार्लर की संचालिका एवं समाजसेवी संस्था कृष्णा फाउंडेशन की प्रबंधक रंजू सिंह लकी ने बताया इस बार के त्योहारी सीजन में कुछ उम्मीद जगी है। उन्होंने बताया कि हमारे यहां पर ब्लीच, फेशियल, हेयर स्पा, हेयर स्ट्रेटनिंग व हेयर स्मूथनिंग सहित कई तरह की हेयर कटिंग और मेहंदी रचाने की सेवाएं दी जाती हैं। इसके अलावा मेकअप का सभी तरह का सामान मिलता है और बेहतरीन ज्वैलरी भी किराए पर दी जाती है।

# प्रेम, त्याग व समर्पण का प्रतीक है करवा चौथ का पर्व : प्रिया शाक्य

**छिबरामऊ, कन्नौज**

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य का कहना है कि भारतीय समाज में विवाह सबसे बड़ा उत्सव माना जाता है। भारत में शादी सिर्फ दो इंसानों के बीच का संबंध नहीं बल्कि दो परिवारों का मिलन भी माना जाता है। भारतीय समाज में यह सबसे बड़ा उत्सव है। जिस शादी से दो परिवारों की डोर बंधी हो उसे निभाने के लिए कई तरह की रीति-रिवाज होते ही हैं और करवाचौथ इन्हीं रिवाजों में से एक है। भारतीय संस्कृति की यह ताकत है कि करवाचौथ का पर्व आज पूरे भारत में मनाया जाने लगा है और हर जाति-वर्ग में फेमस हो गया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा वेदों में कहा गया है यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः...यह केवल इसलिए महिलाओं में जो त्याग, समर्पण, सम्वेदना की भावना होती है ईश्वर की ही देन है। महिलाएं वर्ष भर कई पर्वों पर अपने त्याग और समर्पण का परिचय देती रहती हैं।



प्रिया ओम शाक्य

उन्होंने कहा पति की लंबी आयु के लिए पत्नी द्वारा व्रत रखे जाने के इस त्योहार को ना सिर्फ पुरानी पीढ़ी बल्कि नई पीढ़ी भी बड़े शौक से मनाती है। यूं तो नई पीढ़ी अकसर ऐसे पुराने त्यौहारों और व्रत आदि से दूर नजर आती है। लेकिन इस त्योहार के साथ जुड़ते ग्लैमर ने आज भी इसकी पुरानी रीति को भूलने नहीं दिया। असल में करवाचौथ मन के मिलन का पर्व है। इस पर्व पर महिलाएं दिनभर निर्जल उपवास रखती हैं और चंद्रोदय में गणेश जी की पूजा-अर्चना के बाद अर्घ्य देकर व्रत तोड़ती हैं। व्रत तोड़ने से पूर्व चलनी में दीपक रखकर, उसकी ओट से पति की छवि को निहारने की परम्परा भी करवा चौथ पर्व की है। इस दिन बहुएँ अपनी सास को चीनी के करवे, साड़ी व श्रृंगार सामग्री प्रदान करती हैं। पति की ओर से पत्नी को तोहफा देने का चलन भी इस त्योहार में है।

सभी माताओं-बहनों को करवा चौथ पर्व की ढेरों ढेरों-ढेरों मंगलकामनाएँ। सभी महिलाओं का सुहाग अमर रहे।

**प्रस्तुतिः**
**प्रिया ओम शाक्य**
**अध्यक्ष**
**जिला पंचायत, कन्नौज**






































